3 राजधानी
परखी गईं मार्च पास्ट की तैयारियां

6 प्रादेशिकी
पाकिस्तानी झंडा फहराने के आरोप में एक गिरफ्तार

9 राष्ट्रीय
नरेंद्र मोदी की मां ने बांटे तिरंगे

10 विदेश
मोंटेनेग्रो में बंदूकधारी ने 10 लोगों को गोली मारी

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 292
लखनऊ, रविवार, 14 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पुजारा के 107 रन के बावजूद हारा ससेक्स
स्पोर्ट्स-12

# सुरक्षा की गारंटी बना हमारा तिरंगा: मोदी



● न केवल भारतीयों के लिए बल्कि अन्य देशों के नागरिकों के लिए भी, यूक्रेन की घटना की दी मिसाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'तिरंगे की ताकत' को सराहा और कहा कि इसकी मिसाल कुछ समय पहले यूक्रेन में देखने को मिली थी जब तिरंगा न केवल भारतीयों के लिए बल्कि अन्य देशों के नागरिकों के लिए भी सुरक्षा कवच बन गया था जो भागकर सुरक्षित इलाकों में जा रहे थे।

प्रधानमंत्री अपने आवास पर राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) 2022 में पदक विजेताओं को संबोधित कर रहे थे और आज ही के दिन देश भर में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हुई। मोदी ने अभियान का एंथम भी ट्वीटर पर लांच किया। उन्होंने कहा कि हर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में जो जोश और उत्साह देखा जा रहा है वह देश की एकता और अखंडता की भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर वे हर घर तिरंगा के आधिकारिक वेबसाइट पर तिरंगे के साथ अपनी फोटो साझा करें। उन्होंने ट्वीट किया कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखकर बेहद खुश हूं और गर्व महसूस कर रहा हूं।

जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से रिकॉर्ड संख्या में लोग इसमें भाग ले रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का यह शानदार तरीका है। तिरंगे के साथ आप अपनी फोटो भी साझा करें।' पुरुषों, महिलाओं या बच्चों के बड़े समूह अपने अपने तरीके से इस जश्न को मना रहे हैं। इसमें ऐसे भी लोग शामिल हैं जो अकेले ही झंडा ऊंचा किए हुए हैं। तिरंगा ऊंचे व्यवसायिक भवनों, व्यस्त बाजारों, रोड सिग्नल, झोपड़ियों, नावों, बर्फ की चादर से ढंके पर्वतों, द्वीपों, जंगल और लाखों घरों पर शान से लहरा रहा है। यहां तक कि बेघर भी अपने (शेष पेज 4)



चंडीगढ़ में शनिवार को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय तथा एनआईडी फाउंडेशन के तत्वावधान में लहराते झंडे की सबसे बड़ी मानवनिर्मित छवि बनाई गई। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम में 7,500 लोगों ने सहभागिता की।

## संघ ने सोशल मीडिया प्रोफाइल पिक्चर बदला, लगाया तिरंगा

**नई दिल्ली( भाषा )।** स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रोफाइल तस्वीर में पारंपरिक भगवा ध्वज को बदलकर राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया। गौरतलब है कि देश की आजादी के 75वें सालगिरह के तहत आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो से 15 अगस्त के बीच लोगों से सोशल मीडिया पर प्रोफाइल तस्वीर में तिरंगा लगाने की अपील की है। आरएसएस, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक संगठन है। आरएसएस के राष्ट्रीय ध्वज पर रुख की कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने आलोचना की थी। आरएसएस का संदर्भ देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि जिस संगठन ने नागपुर स्थित अपने मुख्यालय में 52 साल तक तिरंगा नहीं फहराया, क्या वह प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया पर प्रोफाइल तस्वीर (शेष पेज 4)

## गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा के दौरान गाय के हमले में घायल

**मेहसाणा (भाषा)।** गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल मेहसाणा जिले के कडी कस्बे में शनिवार को तिरंगा यात्रा के दौरान एक गाय के हमले में घायल हो गए। भाजपा नेता ने कहा कि घटना में उनके बाएं पैर की हड्डी टूट गई है। पटेल राज्य की विजय रूपाणी सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। पटेल ने अहमदाबाद में अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मेहसाणा जिले के काडी में भारतीय जनता पार्टी ने जुलूस निकाला था जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। पटेल ने कहा, काडी में तिरंगा यात्रा आयोजित की गई जिसमें करीब दो हजार लोगों ने कि भाग लिया। यात्रा करीब 70 प्रतिशत पूरी हो गई थी और सब्जी बाजार पहुंची थी तभी अचानक एक गाय तेजी से आई। उन्होंने कहा कि इससे मची अफरा तफरी में (शेष पेज 4)

# झंडा फहराकर योगी ने शुरू किया हर घर तिरंगा अभियान

● वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंजा मुख्यमंत्री आवास परिसर

● स्कूली बच्चों को सीएम ने दिया तिरंगा, प्रभात फेरी को दिखाई हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हाथों** में राष्ट्रध्वज तिरंगा, मन में राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा और वंदेमातरम, भारत माता की जय के ओजस्वी नारों से गुंजायमान वातावरण। कुछ ऐसा ही दृश्य शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में रहा, जहां आजादी का अमृत महोत्सव के मौके पर आयोजित हर घर तिरंगा अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराकर इस महाभियान का शुभारंभ किया। सीएम ने स्कूली बच्चों को तिरंगा वितरित किया तो बच्चों के गर्व और खुशी मिश्रित भाव वाले चेहरे देख लगा मानो नई पीढ़ी अपनी महती जिम्मेदारियों का अहसास कर रही हो। तिरंगा देते हुए मुख्यमंत्री ने बालक-बालिकाओं से उनका परिचय पूछा और आजादी के अमृत महोत्सव के मायने बताए। सीएम ने बच्चों की प्रभात फेरी को हरी झंडी भी दिखाई और साथ ही उन्हें अपने घरों, कालोनी, पास-पड़ोस के लोगों को इस अभियान से जोड़ने के (शेष पेज 4)

## मुख्यमंत्री ने सेंट्रल कमांड में वीरता पुरस्कारों से अलंकृत विजेताओं-वीर नारियों को सम्मानित किया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** के अमृत महोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित सब एरिया सेन्ट्रल कमाण्ड में वीरता पुरस्कारों से अलंकृत विजेताओं एवं वीर नारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय के पिता गोपी चन्द पाण्डेय, कीर्ति चक्र से सम्मानित मेजर अशोक कुमार सिंह, वीर चक्र से सम्मानित कर्नल विमल किशनदास बैजल, मेजर विष्णु स्वरूप शर्मा, (शेष पेज 4)

# सोनिया गांधी एक बार फिर कोरोना वायरस से संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी एक बार फिर कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को ट्वीट करके यह जानकारी। उन्होंने कहा कि 75 वर्षीय सोनिया गांधी ने कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए खुद को पृथक कर लिया है। रमेश ने ट्वीट कर कहा, आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

वह सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पृथकवास में रहेंगी। कुछ दिनों पहले सोनिया गांधी की पुत्री और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई थीं। सोनिया गांधी इससे पहले जून महीने में कोरोना वायरस से संक्रमित हुई थीं। कोरोना वायरस संक्रमण के बाद की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के चलते वह कई दिनों तक सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती रही थीं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया गांधी के शीघ्र



स्वस्थ होने की कामना की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, सोनिया गांधी जी के कोरोना से संक्रमित होने के कारण उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हूं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के कोरोना संक्रमित होने का समाचार प्राप्त हुआ। हम सब आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हाल के दिनों में कई कांग्रेस नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा, महासचिव अजय माकन, प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी और कुछ अन्य नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हुए।

## राजू श्रीवास्तव अब भी जीवन रक्षक प्रणाली पर, हालत स्थिर

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकप्रिय** हास्य कलाकार-अभिनेता राजू श्रीवास्तव यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की गहन चिकित्सा इकाई में वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ है। अस्पताल के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्टैंड-अप कॉमेडियन (58) को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां उसी दिन उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। सूत्र ने बताया कि श्रीवास्तव की हालत गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर हैं। उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद से उन्हें होश नहीं आया है। कॉमेडियन का इलाज एम्स में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. नीतीश नाइक कर रहे हैं। शुक्रवार रात श्रीवास्तव के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक बयान जारी कर कहा कि कॉमेडियन की हालत (शेष पेज 4)


# रुश्दी वेंटिलेटर पर, एक आंख खोने की आशंका

● चाकू घोंपने से लिवर भी क्षतिग्रस्त

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के न्यूयॉर्क शहर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति के हमले में घायल हुए अंग्रेजी भाषा के प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर हैं, उनका लिवर क्षतिग्रस्त हो गया है और उनके एक आंख खोने की आशंका है। दुनियाभर में साहित्य बिरादरी इस घटना से स्तब्ध है और उसने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है।

खून से लथपथ रुश्दी को पश्चिम न्यूयॉर्क स्थित आयोजन स्थल से हवाई मार्ग से उत्तर पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया के एक अस्पताल ले जाए जाने के बाद उनके एजेंट एंड्र्यू वायली ने कहा, खबर अच्छी नहीं है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कई घंटे तक उनकी सर्जरी हुई। मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को द सैटेनिक वर्सेज लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियों का सामना करना पड़ा था।



उन्हें न्यूजर्सी के 24-वर्षीय निवासी हादी मतार ने पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य में एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया था। वायली ने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा, सलमान के एक आंख खोने की आशंका है, उनकी बांह की नसें कट गई हैं और उनका लिवर क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके अनुसार, अपने उपन्यास मिडनाइट्स चिल्ड्रेन को लेकर बुकर पुरस्कार जीत चुके लेखक अब भी बोल नहीं पा रहे हैं।

न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के मेजर यूजीन स्टैनिसजेवस्की ने शुक्रवार की शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि संदिग्ध फेयरव्यू, न्यूजर्सी का रहने वाला था। उन्होंने कहा कि पुलिस इस हमले के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए एफबीआई और स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रही है। जांच के बारे में जानकारी रखने वाले एक कानून लागू करने वाले अधिकारी ने एनबीसी न्यूज से कहा कि मतार के सोशल मीडिया एकाउंट की प्राथमिक जांच से सामने आया है कि उसके मन में शिया चरमपंथ एवं इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के मकसद के प्रति सहानुभूति है।

स्टैनिसजेवस्की ने कहा कि अधिकारी विभिन्न वस्तुओं के लिए तलाशी वारंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। घटनास्थल से एक बैग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए थे। मतार की राष्ट्रीयता के बारे में एक सवाल के जवाब में स्टैनिसजेवस्की ने कहा, मुझे अब तक इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फिलहाल यह मान रहे हैं कि संदिग्ध अकेला था लेकिन वे इस बात को पक्का कर लेने के लिए जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर अधिकारी उपयुक्त आरोप तय करेंगे। रुश्दी की चौथी पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज 1988 में आने के बाद उन्हें नौ साल तक छिपकर रहना पड़ा। इस पुस्तक को लेकर ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्ला खामनेई (शेष पेज 4)

# हिज्बुल सरगना सलाहुद्दीन के बेटे समेत चार कर्मचारी बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू/श्रीनगर

● जम्मू-कश्मीर प्रशासन का फैसला, इनमें बिट्टा कराटे की पत्नी भी शामिल

**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के बेटे और आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में आरोपी बिट्टा कराटे की पत्नी सहित चार कर्मचारियों को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कराटे इस समय जेल में है और उसपर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर जानलेवा हमले करने का आरोप है।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मचारियों को भारत के खिलाफ काम करने वाली ताकतों से कथित संपर्क रखने और दुष्प्रचार करने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त किया गया है जिसमें सरकार को बिना किसी जांच के अपने कर्मचारी को निष्कासित करने की शक्ति प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बर्खास्त सैयद अब्दुल मुईद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक था। वह पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन का बेटा है। मुईद सलाहुद्दीन का तीसरा बेटा है जिसे सरकारी नौकरी से बर्खास्त किया गया है। पिछले साल सैयद अहमद शकील और शाहिद युसुफ को भी बर्खास्त किया गया था।

अधिकारियों के मुताबिक मुईद की पम्पोर के सेमपोरा स्थित जम्मू-कश्मीर एन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (जेकेईडीआई) परिसर पर तीन हमलों में कथित भूमिका पाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे इस समय आतंकवाद वित्तपोषण मामले में न्यायिक हिरासत में है। उसकी पत्नी (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,462 | |
| निफ्टी | 17,698 | |
| सोना | 52,915 | /10g |
| चांदी | 59,166 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में मिला मंकीपॉक्स का पांचवां मरीज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंकीपॉक्स का पांचवां मरीज मिला है। नाइजीरियाई युवती में मंकीपाक्स की पुष्टि के बाद उसे दो पहले लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संक्रमित युवती को हल्का बुखार है। मुंह में छाले और शरीर पर लाल दाने मिले हैं। पीड़िता ने एक महीने पहले नाइजीरिया की यात्रा की थी। दिल्ली में 17 जुलाई को मंकीपाक्स का पहला मामला सामने आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय अफ्रीकी मूल की महिला में शुक्रवार रात मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई थी। दिल्ली में संक्रमण से पीड़ित वह दूसरी महिला है। इस समय मंकीपॉक्स से संक्रमित दो महिलाओं समेत चार लोग एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती हैं जबकि एक मरीज को छुट्टी मिल चुकी है।

# विवादित आईएएस अफसर शाह फैसल को केंद्र ने किया बहाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी शाह फैसल को सेवा में बहाल किए जाने के लगभग तीन महीने बाद केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय में उप सचिव के रूप में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर कैडर के 2010 बैच के आईएएस अधिकारी की नियुक्ति के आदेश को इस सप्ताह के शुरू में मंजूरी दे दी गई थी।

सरकार द्वारा उनका इस्तीफा वापस लिए जाने संबंधी आवेदन को स्वीकार करने के बाद उन्हें अप्रैल के अंतिम सप्ताह में बहाल कर दिया गया था। कॉल या संदेशों के माध्यम से टिप्पणी के लिए फैसल से संपर्क नहीं हो सका है। फैसल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में जम्मू कश्मीर से पहला स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने इस साल की शुरुआत में सरकारी सेवा में अपनी वापसी के बारे में संकेत दिए थे। उन्होंने कई ट्वीट करके 2019 में अपने आदर्शवाद से मिली निराशा की बात की थी, जब उन्होंने राजनीति में शामिल होने के लिए सरकारी सेवा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था, मेरे जीवन के आठ महीनों (जनवरी 2019-अगस्त 2019) ने मुझ पर इतना दबाव डाला कि मैं लगभग खत्म हो गया था।

एक मिथ्या परिकल्पना का पीछा करते हुए, मैंने लगभग वह सब कुछ खो दिया जो मैंने वर्षों में अर्जित किया था। नौकरी, दोस्त, प्रतिष्ठा, सार्वजनिक सद्भावना, लेकिन मैंने कभी उम्मीद नहीं खोई। मेरे आदर्शवाद ने मुझे निराश किया था। उन्होंने ट्वीट किया था, लेकिन मुझे अपने आप पर विश्वास था कि मैंने जो गलतियां की, उन्हें मैं सुधार दूंगा। जिंदगी मुझे (शेष पेज 4)

# समीर वानखेड़े को जाति आयोग ने दी क्लीन चिट

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व मुंबई क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े को जाति जांच समिति ने क्लीन चिट दी है, जिनकी सरकारी नौकरी पाने के लिए कथित जाली जाति प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप को लेकर जांच की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि यह आदेश महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी किया। आदेश में कहा गया है कि भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी वानखेड़े जन्म से मुस्लिम नहीं थे। यह साबित हो गया है कि वह महार जाति से हैं, जो अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी में आती है। वानखेड़े की जाति का मुद्दा महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के (शेष पेज 4)

# हंबनटोटा में लंगर डालेगा चीनी जासूसी पोत, श्रीलंका की हरी झंडी

● भारत के विरोध के बावजूद किया फैसला, पोत सैन्य ठिकानों की कर सकता है निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** के जासूस जहाज (अनुसंधान पोत युआन वांग-5) को हंबनटोटा बंदरगाह पर आने से मना करने वाले श्रीलंका ने अब चीनी पोत को यहां लंगर डालने की अनुमति दे दी है। नवीनतम टोही और निगरानी उपकरणों से लैस यह चीनी जहाज भारत के लिए एक खतरा है, क्योंकि यह हमारी सेना और अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों की जासूसी व निगरानी कर सकता है।

श्रीलंका के अधिकारियों के अनुसार, चीनी अनुसंधान पोत युआन वांग-5 कोलंबो से लगभग 250 किलोमीटर दूर हंबनटोटा बंदरगाह पर



16 अगस्त को लंगर डालेगा और 22 अगस्त को ईंधन भरने के बाद यहां से जाएगा। जबकि पहले 11 अगस्त को जहाज बंदरगाह पर पहुंचने वाला था। श्रीलंका सरकार द्वारा चीन के इस जासूस जहाज की यात्रा स्थगित करने की मांग के बाद इसके पहुंचने की तारीख बदल दी गई। बीजिंग ने अपने जहाज की यात्रा स्थगित करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए नई दिल्ली को दोषी ठहराया था। हालांकि भारत ने शुक्रवार को इस आरोप से इनकार किया।

जासूस जहाज अब बंदरगाह से पूर्व में लगभग 600 समुद्री मील (1,000 किमी) दूर है। हंबनटोटा बंदरगाह को चीनी से लिए कर्ज लेकर विकसित किया गया था और बाद में श्रीलंका सरकार ने 2017 में इस बंदरगाह को 99 साल के पट्टे पर चीन को दे दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी तरह के मामले पर निगरानी रखता है। नई दिल्ली हिंद महासागर में श्रीलंका के सहयोग से चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर सशंकित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने नई दिल्ली में चीनी पोत की प्रस्तावित यात्रा की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमें इस पोत द्वारा अगस्त में हंबनटोटा की प्रस्तावित यात्रा की रिपोर्ट की जानकारी है। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि सरकार भारत की सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी विकास की सावधानीपूर्वक निगरानी करती है और उनकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है। भारत ने पारंपरिक रूप से हिंद महासागर में चीनी सैन्य जहाजों के बारे में कड़ा रुख अपनाया है और अतीत में श्रीलंका के साथ इस तरह की यात्राओं का विरोध किया है। नई दिल्ली ने 2014 में कोलंबो में विरोध दर्ज कराया था जब उसने चीनी पनडुब्बी को अपने एक बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी थी।


## संगठन से साठगांठ

भगवा दल में लंबे समय बाद यूपी के संगठन मंत्री को पदोन्नत करते हुए तीन राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। इस फेरबदल के कारण भाई साहब के आस-पास जो मंडराते थे और जिन्होंने संगठन और सरकार दोनों में मलाई काटी है उन्हें अब इस बदले समीकरण के बाद नए संगठन मंत्री के साथ तालमेल बैठाने के लिए ताना-बाना बुनना पड़ रहा है। अब यहां के लोग नव नियुक्त नए संगठन महामंत्री की पूरी जीवनी निकाल रहे हैं और उनके आस-पास जो खास लोग हैं उनके साथ कोई न कोई लिंक निकालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उनके कार्यभार संभालने के बाद संगठनात्मक बदलाव हो तो उनके विभाग में कोई परिवर्तन न किया जाए। सब कुछ वैसे ही चलता रहे जैसे अभी चल रहा है। दरअसल पुराने वाले संगठन मंत्री की बदौलत कई लोग संगठन में काम करते हुए उच्च सदन तक गए और फिर सरकार में कैबिनेट मंत्री तक बन गए और कुछ को विभिन्न अभियानों का प्रमुख भी बनाया गया जहां लोगों ने धन दौलत भी कमाई। तो भला अब कौन चाहेगा कि आय का जरिया कम हो। इसलिए नए संगठन मंत्री को साधने की कोशिश तेज हो गई है।



## पापाजी अब रहम करो

अपने संस्थान के जनरल साहब का ध्यान आजकल उन छात्रों यानी पापाजी पर टिका हुआ है जो आये तो थे पढ़ने पर अब उनके बेटे की शादी के दिन आ चुके हैं। कहने का मतलब एक ही क्लास में इतने साल से पढ़ाई कर रहे हैं कि पढ़ते पढ़ते शादी भी हो गई। बच्चे भी हो गए और अब उनके बच्चों की शादी के दिन आ गए हैं। पर पापाजी हैं कि एक क्लास से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। ऐसे पापाजी की खोज जनरल साहब के आदेश पर की गई है। कुल मिलाकर 37 पापाजी मिले हैं। अब डूबते को तिनके का सहारा। सो इनके डूबते कैरियर को बचाने के लिए जनरल साहब ने एक और मौका देने का निर्णय किया है। पिछले दिनों पापाजी संग बैठक में जनरल साहब ने कहा कि या तो पास हो जाएं या फिर घर चले जाएं। संस्थान पर इतनी मेहरबानी तो जरूर करें। अब ऐसे में पापाजी के लिए यह आखिरी मौका है कुछ कर गुजरने का।




## विभाग पराया माल अपना

प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले एक विभाग के राजनीतिक मुखिया रहे भाजपा के एक धाकड़ नेता को योगी सरकार में मंत्री का पद मिल गया है। लेकिन इस नेता के खड़ाऊ की पूजा अभी भी इस विभाग में जोरदार तरीके से चल रही है। मजाल है कि बिना उनके विभाग में पत्ता भी हिले। हालांकि विभाग में नये चेयरमैन बन चुके हैं लेकिन उनकी विभाग में चल बिल्कुल नहीं रही। सारा कामकाज पुराने चेयरमैन और वर्तमान में मंत्री की देखरेख में उनके लाए अपने अफसरों की निगरानी में होता है। नये चेयरमैन परेशान हैं और अपनी पीड़ा वह मुख्य सचिव के सामने भी रख चुके है।

दरअसल पहले इस विभाग में चेयरमैन के पद पर भाजपा के एक धाकड़ नेता विराजमान थे। यह नेता भाजपा के संगठन मंत्री रहे सुनील बंसल के बहुत विश्वास पात्र बताये जाते हैं। इसी लिये उन्हे एक व्यक्ति एक पद वाली पार्टी की नीतियों के विपरीत संगठन और आयोग दोनों पदों पर रखा गया। योगी सरकार दोबारा सत्ता में लौटी तो उन्हें सरकार में शामिल कर लिया गया। चेयरमैन का पद तो नेता जी ने छोड़ दिया लेकिन उनका मोह भंग नही हुआ। शाहजहांपुर के रहने वाले यह नेता अपने किसी खास अफसर को मुख्यालय में अहम पद पर लाये थे। उनकी गैर मौजूदगी में यही अफसर विभाग का पूरा हिसाब-किताब देख रहा है। नये अध्यक्ष तो यदाकदा दफतर पहुंच पाते हैं।

## बहना ने भाई की कलाई.....

त्रिवेणी के संगम स्थल वाली नगरी से आने वाले भगवा सरकार के एक मंत्री ने रक्षाबंधन का पर्व अनूठे अंदाज में मनाने का प्रण किया। ऐसा करने के पीछे उनकी मंशा भी बहुत नेक थी। अपनी पावन भावना के साथ वह पुलिस लाइन पहुंच गए। वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला पुलिस कर्मियों के साथ उन्होंने त्योहार मनाया और उनसे राखी बंधवाई। मंत्री जी को राखी बांधने वाली सभी महिला सिपाही ट्रेनी थीं और अभी इनकी ट्रेनिंग चल रही है। इस वजह से उन्हें रक्षाबंधन में भी घर जाने की अनुमति नहीं मिली। उनकी मायूसी मंत्री जी के प्रयास से काफी हद तक दूर हुई। उन्होंने मंत्री जी की आरती की। उन्हें टीका और अक्षत लगाया। साथ ही उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। ट्रेनी महिला सिपाहियों द्वारा मंत्री जी के पैर छूने पर पूरा बखेड़ा खड़ा हो गया। सोशल मीडिया पर धड़ाधड़ इस कार्यक्रम के वीडियो वायरल होने लगे। सवाल उठाए जाने लगे कि कप्तान की मौजूदगी में महिला पुलिस कर्मियों से मंत्री जी के पैर क्यों छुआए गए? एक तो पुलिस की वर्दी की अहमियत तार-तार हुई दूसरे परंपरा का उल्लंघन हुआ। राखी बंधवाने के बाद बतौर भाई के रिश्ते से उन्हें खुद बहनों के पैर छूने चाहिए थे। एक अच्छी भावना के साथ रक्षाबंधन मनाने पहुंचे बेचारे मंत्री जी अब लगातार सफाई देते घूम रहे हैं।

## ठंडे बस्ते वाले स्वामी

स्वामी जी ठंडे बस्ते में चले गए हैं। अब न वह दिखाई पड़ रहे हैं और न ही उनकी राजनीति। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश व देश की तस्वीर बदलने की हुंकार भरकर अपनी राजनीतिक दुकान चमकाने वाले स्वामी जी अब लापता हो गए हैं। दूरबीन लेकर देखे जा रहे हैं फिर भी नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। उनकी चहेती बिटिया भी गायब है जो उस दौरान काफी हुंकार भर रही थी। विधान परिषद चुनाव के दौरान स्वामी जी दिखाई दिए थे। उनकी आवाज भी सुनाई पड़ी थी लेकिन जैसे ही काम निकला उसके बाद फिर वह विलुप्त हो गए। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे स्वामी जी के पास अब कुछ बचा ही नही है। उनका सारा प्रसाद समाप्त हो चुका है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि स्वामी जी अभी जंगल में अपना मोर नचा रहे हैं और अब वह सीधा लोकसभा चुनाव में दिखेंगे अपने पॉलिटिकल मोर के साथ।



## परदे के पीछे

पूर्व एलडीए मुख्य अभियंता पर कई आरोप लगे लेकिन रसूख के चलते वह अपने पद पर बने रहे। एलडीए अध्यक्ष मंडलायुक्त रौशन जैकेब के आदेश पर रोक टोक लगाते हुए उन्हें अपनी कुर्सी खोनी पड़ी। एलडीए के बड़े साहब को सब कुछ अच्छा लग रहा था। आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन नये साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूम चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले साहब। फिर क्या था। साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए कई स्मारक समति के बाबू और अधिकारी पर शक गया।

# हर घर तिरंगा अभियान देश की नई पहचान बन रहा: केशव मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने आजादी के अमृत महोत्सव की पुनीत व पावन बेला पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास 7 कालिदास मार्ग पर तिरंगा झंडा, फहराया और सभी प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वह भी अपने-अपने घर पर तिरंगा झंडा फहरायें। आजादी के इस महापर्व पर उन्होंने कहा तिरंगा हम सबका गर्व है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे देश और प्रदेश में ऐतिहासिक तिरंगा यात्राओं का आयोजन और हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। यह आयोजन एक



ऐतिहासिक जन आंदोलन का साक्षी बन रहा है । इस कार्यक्रम का उत्साह हर गांव, हर कस्बे और शहर में दिख रहा है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को और अधिक मजबूत कर रहा है। हर घर तिरंगा अभियान देश की नई पहचान बन रहा है। एक नए इतिहास का निर्माण हो रहा है । हर घर तिरंगा अभियान एक बार फि र देश की एकता और चेतना का प्रतिनिधित्व कर रहा है। तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा अभियान में देश की भक्ति और शक्ति एक साथ झलक रही है। देश की युवा पीढ़ी में नये उत्साहए नयी ऊर्जा का संचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा के उल्लास, उमंग एव उत्साह के यह पल हम सबके मानस पटल पर चिर स्थाई रहेंगी और जब भी हमे इन प्रेरक स्मृतियों की याद ताजा होगीएहम आजादी के जश्न में अपने को सराबोर महसूस करेंगे, और देश प्रेम की भावना बलवती होगी।




75 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगे की लाइट से सजाया गया उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ का भवन कुछ अलग ही छटा बिखेर रहा



मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ तिरंगा फहराते अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर, विशेष कार्याधिकारी मुख्यमंत्री मृत्युंजय सिंह एवं रहीस सिंह

# भाजपा व आरएसएस अपने अतीत के काले पृष्ठों को छुपाने में लगी है: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के मातृ संगठन आरएसएस का आजादी की लड़ाई में और आजादी के बाद भी राष्ट्रध्वज और संविधान को स्वीकार न करना का क्या कहता है। सत्ता के स्वार्थ और जनता के दबाव में राष्ट्रध्वज को आगे रखकर भाजपा-आरएसएस अपने अतीत के काले पृष्ठों को छुपाने का प्रयास करने में लगी है। इसी मानसिकता का असर है कि भाजपा स्वतंत्र अखिलेश ने कहा कि लगातार इस तरह की रिपोर्टें आ रही हैं कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीयध्वज की बिक्री की जा रही है। यह ध्वज जहां करोड़ों भारतीयों के लिए आन-बान शान का प्रतीक है वहीं भाजपाइयों के लिए यह बेचने का सामान है। प्रयागराज में भाजपा ने



अपने कार्यालय में राष्ट्रध्वज क्यों नहीं फहराया, भाजपाई हर बात पर दुकान लगाना बंद करें। राष्ट्रध्वज के गौरव के साथ खिलवाड़ शर्मनाक और निंदनीय है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में राजधानी लखनऊ में 207 फिट ऊंचा राष्ट्रध्वज ऐतिहासिक जनेश्वर मिश्र पार्क में फहराया गया था। समाजवादी सरकार में ही इस 400 एकड़ में फैले एशिया के सबसे विशाल पार्क का निर्माण हुआ था। जब तक समाजवादी सरकार रही हर रोज शाम प्रोटोकाल के तहत आकाश में लहराते इस तिरंगे को पुलिस सलामी देती रही।

# भाजपा के नए प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल 18 को संभालेंगे जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** भाजपा के नए संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह 18 अगस्त को लखनऊ आएंगे। 10 अगस्त को उन्हें महामंत्री नियुक्त किया गया था। धर्मपाल 18 अगस्त को लखनऊ में भाजपा दफ्तर में पदाधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। उसी दिन वह आधिकारिक रूप से अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले चर्चा थी कि धर्मपाल रविवार को लखनऊ आएंगे।

धर्मपाल सिंह यूपी के बिजनौर के रहने वाले हैं। वह पिछड़े वर्ग की सैनी जाति से आते हैं। इससे पहले भी पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान लखनऊ में रहकर काम कर चुके हैं। उन्हें झारखंड प्रदेश महामंत्री संगठन बनाकर भेजा गया था।

पिछले 8 साल से यूपी में संगठन की जिम्मेदारी सुनील बंसल संभाल रहे थे। इसके बाद धर्मपाल को यह जिम्मेदारी मिली है। यह जिम्मेदारी काफी चुनौतीपूर्ण भी है। सुनील बंसल के नेतृत्व में 4 बड़े महत्वपूर्ण चुनाव जीतने वाली भाजपा के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव बेहद खास रहने वाला है। धर्मपाल के सामने सबसे पहले और बड़ी चुनौती यही है। साल 2024 का लोकसभा चुनाव पार्टी संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की देख-रेख में ही लड़ेगी। धर्मपाल को नियुक्त कर भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी अपनी स्थिति को स्पष्ट कर दिया है कि वो पिछड़े वोट पर राजनीति करने का मन बना चुकी है। जबकि सुनील बंसल राजस्थान और गुजरात से ताल्लुक रखते थे।

**भारतीय स्टेट बैंक**
आर.ए.सी.पी.सी.- सेक्टर बी, निकट राम राम बैंक चौराहा, अलीगंज लखनऊ

**कब्जा नोटिस** (अचल सम्पत्ति)

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी **भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी. सी.** द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनः संरचना तथा प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम 2002 (अधिनियम नं. 54, 2002) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा-13(2) एवं 13(12) सहपठित नियम 9 के अर्न्तगत निम्नलिखित खातेदार को उनके सम्मुख अंकित तिथि को नोटिस जारी कर उनसे 60 दिनों के अन्दर नोटिस में वर्णित राशि तथा ब्याज व अन्य खर्चों सहित अदा करने की मांग की थी। ऋणी/जमानतदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) एवं सहपठित नियम 9 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित खातों में बंधक सम्पत्ति/वाहन का उनके सम्मुख अंकित तिथि को कब्जा प्राप्त कर लिया है। अतः इस सम्पत्ति के सम्बंध में किसी भी प्रकार का सौदा/व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी. सी.** के अतिरिक्त किसी अन्य से न करें। ऐसा कोई भी सौदा व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक** को देय राशि व तत्सम्बंधित ब्याज, जैसा कि खाते में उल्लिखित किया गया है, के अधीन हो। **ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहें हैं।** सम्पत्तियों का विवरण जिसका कब्जा लिया गया है :-

| क्र.सं. | ऋण-ग्रहिता का नाम एवं पता/ खाता संख्या/शाखा | बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि 13(2) के अनुसार | मांग सूचना की तिथि / कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी का नामः** श्री सचिन सक्सेना **खाता सं.:** 30777831619 31038366701 **शाखा :** इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, लखनऊ | सम्पत्ति मकान जो कि प्लाट/ खसरा सं. 5/163 जानकीपुरम एक्सटेंशन, लखनऊ (65.55 वर्गमी.) **चौहद्दी-** **उत्तर** : प्लाट सं. 5/164 **दक्षिण** : प्लाट सं. 5/162 **पूर्ण** : 9 मी. चौड़ी रोड **पश्चिम** : प्लाट सं. 5/146 | रु. 15,60,383/- दिनांक 27.05.2022 तक + ब्याज व अन्य खर्चे | 02.06.2022 / 11.08.2022 |
| 2. | **ऋणी का नामः** श्रीमती मनीषा अवस्थी **खाता सं.:** 31124604605 **शाखा :** बेहटा सबोली, लखनऊ | सम्पत्ति मकान जो कि प्लाट/खसरा सं. ई-4/119 सेक्टर-एम, अलीगंज, लखनऊ **चौहद्दी-** **उत्तर** : म.सं. ई-4/120 **दक्षिण** : म.सं. ई-4/118 **पूर्ण** : म.सं. ई-309/308 **पश्चिम** : 30 फिट रोड | रु. 12,41,047/- दिनांक 26.04.2022 तक + ब्याज व अन्य खर्चे | 26.04.2022 / 08.08.2022 |
| 3. | **ऋणी का नामः** श्रीमती सत्यवती पत्नी स्व. सुशील कुमार **खाता सं.:** 65082449468 **शाखा :** ऐश्वर्य प्लाजा लखनऊ **गारण्टर का नाम :** श्रीमती केतकी देवी पत्नी श्री शोमेश्वर प्रसाद | सम्पत्ति मकान जो कि प्लाट/खसरा सं. LIG3/169H सेक्टर-H, जानकीपुरम लखनऊ **चौहद्दी-** **उत्तर** : म.सं. 3/168 **दक्षिण** : म.सं. 3/170 **पूर्ण** : 9 मी. रोड **पश्चिम** : प्लाट | रु. 3,96,875/- दिनांक 26.04.2022 तक + ब्याज व अन्य खर्चे | 26.04.2022 / 08.08.2022 |

दिनांक : 13.08.2022 स्थान : लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**शुभ्रा सक्सेना को चुनाव आयोग में उपसचिव पद पर मिली तैनाती:** लखनऊ। यूपी कॉडर की वर्ष 2009 बैच की आईएएस अधिकारी शुभ्रा सक्सेना को चुनाव आयोग में उप सचिव के पद पर तैनाती मिली है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग केंद्र सरकार के निदेशक रंजीत कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। शुभ्रा मौजूदा समय विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन एसजीपीजीआई के पद पर तैनात हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मेरे पुत्र मोहम्मद नौशाद व उसकी पत्नी रूबीना बेगम के बेज़ा आचरणों के चलते मैंने उनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बे-दखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य, वाद-विवाद, लेन-देन आदि से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। इस्लामुनिशा पत्नी स्व0 लाल मोहम्मद निवासी-ग्राम व पोस्ट चक कोर्रासादात, थाना थरियाव, जनपद-फतेहपुर।

# हर घर तिरंगा अभियान: कारागारों में अब तक हुआ कुल 74 हजार से अधिक झंडों का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हर घर** तिरंगा अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न कारागारों में निरूद्ध बंदियों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया गया तथा अब तक कुल 74 हजार से अधिक झंडों का निर्माण किया जा चुका है। अनुमान है कि 15 अगस्त तक बंदीगण लगभग दो लाख झंडे तैयार कर लेंगे।

यह झंडे स्वयंसेवी संस्थाओं व जिला प्रशासन के माध्यम से आमजन को दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बंदियो द्वारा निर्मित यह झंडे कारागारों में आवासीय व अनावासीय भवनों पर लगाए जाएंगे। जिन कारागारों में टेलरिंग में प्रशिक्षित बंदी व टेलरिंग यूनिट हैं वहां के बंदियों को झंडा बनाने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब देश हर्षोल्लास और नई उमंग के साथ गौरवान्वित हो रहा है तब ऐसे में प्रदेश की कारागारों में भी यह जश्नकुछ खास और यादगार तरीके से मनाए जाने की तैयारियां की गई हैं। अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के सभी कारागारों में विशेष साफ सफाई अभियान चल रहा है। कारागार मुख्यालय संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान, सभी रेंज डीआईजी कार्यालयों में तैनात अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता कार्यक्रमों में श्रमदान करेंगे। कारागार विभाग के सभी सरकारी भवनों एवं अधिकारियों कर्मचारियों के आवासों पर झंडारोहण किए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश की सभी कारागारों की बैंरकों पर भी झंडारोहण कार्यक्रम कराया जाएगा। बंदियों को राष्ट्रगान गाए जाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में सभी कारागार भवनों पर लाइटिंग द्वारा सजावट की व्यवस्था की गई है। सभी आवासीय भवनों पर राष्ट्र ध्वज लगाया जाएगा।

कारागार मुख्यालय तथा कारागारों में निर्मित शहीद स्मारकों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारकों पर एक सप्ताह तक सॉयंकाल राष्ट्रीय धुन बजाने की व्यवस्था की जा रही है। कारागारों में खेलकूद कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले जेलकर्मियों को चिन्हित करके उन्हें प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था की गई है। कारागारों में देशभक्ति से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किए जाने तथा आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह में शहीद कार्मिकों के परिवार को बुलाकर सम्मानित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश में कोरोना के 616 नए मामले सामने आए

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 45,829 सैंपल की जांच की गयी जिसमें कोरोना संक्रमण के 616 नए मामले आए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 12,04,87,313 सैंपल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 989 लोग तथा अब तक कुल 20,83,963 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं और वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के कुल 5632 एक्टिव मामले हैं। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 12 अगस्त, 2022 को एक दिन में 1,01,346 वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 15,36,89,816 तथा दूसरी डोज 14,62,29,381 दी गयी। उन्होंने आगे बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु-वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,41,29,690 तथा दूसरी डोज 1,29,84,037 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु-वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 85,63,937 तथा दूसरी डोज 73,40,084 दी गयी। कल तक 1,26,27,881 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 35,55,64,826 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पूर्वाभ्यास कर परखी गईं मार्च पास्ट की तैयारियां

● बैंड बाजे के साथ गोलागंज से शहीद स्मारक तक निकाला मार्च पास्ट





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हजरतगंज** में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली मार्च पास्ट का जवानों ने पूर्वाभ्यास किया। सभी निर्धारित यूनिफार्म में मार्च पास्ट निकाली गयी। गोलागंज से शहीद स्मारक तक मार्च निकाली गयी। मार्च पास्ट में घुड़सवार दल, सैनिक कल्याण, सीआरपीएफ बैण्ड सीआरपीएफ टुकड़ी, आईटीबीपी बैण्ड, आईटीबीपी टुकड़ी, एसएसबी बैण्ड, एसएसबी पैदल टुकड़ी, यूपीपी टुकड़ी, नारी शिक्षा निकेतन, अमीनाबाद इंटर कालेज स्काउट ने भागेदारी की।

स्वतंत्रता दिवस पर निकाली जाने वाली मार्च पास्ट का पूर्वाभ्यास सम्पन्न हुआ। मार्च पास्ट में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी अपनी निर्धारित यूनिफार्म में रहे हैं। मार्च पास्ट दोपहर तीन बजे से कालेज आफ फिजिकल एजूकेशन गोलागंज से शुरू होकर लखनऊ कैसरबाग, बस स्टैण्ड कैसरबाग चौराहा, होकर सीडीआरआई के सामने से होते हुए शहीद स्मारक पर समाप्त हुआ। मार्च पास्ट में घुड़सवार दल, सैनिक कल्याण, सीआरपीएफ बैण्ड सीआरपीएफ टुकड़ी, आईटीबीपी बैण्ड, आईटीबीपी टुकड़ी, एसएसबी बैण्ड, एसएसबी पैदल टुकड़ी, यूपीपी टुकड़ी, 32 बटालियन पीएसी बैण्डए, 32 बटालियन पीएसी टुकड़ी, 35 बटालियन पीएसी बैण्ड, 35 बटालियन पीएसी टुकडी, यूपी होमगार्ड्स बैण्ड, यूपी होमगार्डस टुकडी, एनसीसी बालिका टुकड़ी, एनसीसी बालक टुकड़ी, सीएमएस इन्द्रिरानगर फ्लैग मार्च, यूपी सैनिक स्कूल बालक बैण्ड, यूपी सैनिक स्कूल बालक टुकड़ी, अमीनाबाद इण्टर कालेज स्काउट टुकड़ी, बाल विद्या मन्दिर, सीएमएस राजाजीपुरम फ्लैग मार्च, एलपीएस ए.ब्लाक राजाजीपुरम बैण्ड, एलपीएस आम्रपाली टुकड़ी, नारी शिक्षा निकेतन, जीआईसी हुसैनाबाद बालक टुकड़ी, क्वींस कालेज टुकड़ी, सीएमएस कानपुर रोड़ बैण्ड, सीएमएस आरडीएसओ फ्लैगमार्च ने भाग लिया। मार्च पास्ट में नगर मजिस्ट्रेट जिला विद्यालय निरीक्षण, सहायक पुलिस आयुक्त कैसरबाग सहित अन्य सम्बधित विभागों के अधिकारी ने भाग लिया।

## हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा कर पूरा हुआ रियल टाइम रिहर्सल

**लखनऊ।** विधानसभा के सामने स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रियल टाइम रिहर्सल मंडलायुक्त द्वारा मुख्य सचिव के सामने की गयी। अधिकारियों ने आयोजन के रिहर्सल में व्यवस्थाओं को परखा। कार्यक्रम में भाग ले रहे समूहों से बातचीत कर रिहर्सल को जांचा गया। यही नहीं ध्वजारोहण के साथ हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की भी रिहर्सल की गयी। शनिवार को आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर विधानसभा के सामने होने वाले भव्य आयोजन के तहत सुबह सम्पूर्ण कार्यक्रम की रियल टाइम रिहर्सल मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की उपस्थिति में कराई गई। रियल टाइम रिहर्सल में मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब, पुलिस आयुक्त एसबी शिरोडकर और ज़िलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार उपस्थित रहे। आयोजन की रिहर्सल में व्यवस्थाओ को निश्चित करते हुए, समस्त समूहों की हिस्सेदारी हुई। मंडलायुक्त रौशन जैकब और ज़िलाधिकारी सूर्य कुमार गंगवार ने रिहर्सल में आए हुए समस्त समूहों से बातचीत भी किया। इसके बाद सुबह 9 बजे मुख्य सचिव ने ध्वजारोहण किया, जिसके बाद हेलीकॉप्टर ने पुष्प वर्षा भी की। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित समस्त समूहों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जन मानस द्वारा राष्ट्रगान के सम्मान में सावधान की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगान सुना गया। स्कूली बच्चों व सांस्कृतिक विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो को प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में उप्र संगीत नाट्य अकादमी द्वारा कथक नृत्य नाटिका सबका गर्व तिरंगा की प्रस्तुति, भातखण्डे सांस्कृतिक विश्विद्यालय द्वारा देश भक्ति गायन व सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रदेश के लोक कलाकारों द्वारा तिरंगा मेरी शान की प्रस्तुति की गई।

# डबल डेकर बस व ट्रेलर की भिड़ंत में 29 घायल, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** में सुल्तानपुर रोड पर शनिवार सुबह बिहार से आ रही डबल डेकर बस की ट्रेलर से टक्कर हो गई। ट्रेलर में सरिया लदी थी। बस में बैठे 29 यात्री घायल हो गए। एक की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। चार की हालत गंभीर बनी हुई है।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के मुताबिक सुल्तानपुर रोड स्थित सूर्या होटल के पास हादसा हुआ। माना जा रहा कि चालक को नींद आने से हादसा हुआ है। जब टेलर धर्म काटा से से बैक हो रहा था। मधुबनी बिहार के वाहिद की मौत हुई है। घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है। हादसे में अधिकतर बिहार के मजदूर थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेलर को क्रेन की मदद से चौकी भिजवाया गया। उसमें सरिया लदी थी। बस को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## धमाके के आवाज से खुली नींद, नाक से बह रहा था खून

बिहार मुजफ्फरपुर रसरा निवासी महेश के मुताबिक रात को सब सो रहे थे। अचानक तेज धमाके के साथ नींद खुली। सभी चीख रहे थे। मेरी नाक से खून बह रहा था। बस से उतर कर देखा तो बस ट्रेलर में पीछे से टकरा गई थी।दुर्घटना में लगभग बस में सवार सभी लोगों को चोट आई थी। चालकए हेल्पर और एक अन्य गंभीर रूप से घायल था। बस में सवार सुलेखा और उसके मुन्ना के मुताबिक चालक की लापरवाही से हादसा हुआ। यदि सही से देखकर गाड़ी चलाता तो हादसा नहीं होता। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टीए तीन भर्ती चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने बताया कि बस और ट्रेलर की टक्कर से उसमें सवार करीब तीन दर्जन लोगों लोहिया अस्पताल ले जाया गया था। जहां चालकसमेत तीन लोगों को गंभीर हालत होने के चलते भर्ती कर लिया गया। वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## मानसिक अवसाद के चलते दो लोगों ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी के इंदिरानगर इलाके में रहने वाले एक अधेड़ ने मानसिक अवसाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर सआदतगंज इलाके में रूरल डेवलपमेंट विभाग से रिटायर्ड एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी का कहना है कि उनके पति काफी समय से बीमार थे जिसकी वजह से उनका इलाज चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। चतुर्थ तल आशीर्वाद भवन नियर शिवा पब्लिक स्कूल थाना इंदिरानगर निवासी आनन्द प्रकाश जैन 55 ने कमरे में लगे रोशनदान की ग्रिल में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक के एक बेटा व दो पुत्रियां हैं। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिससे मौत की सही वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। सूत्रों की माने तो वह काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कमीजुल्ला चौपटिया सआदतगंज निवासी रुखसाना बेगम ने बताया कि वह और उनका बेटा बिजली का बिल जमा करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान जब वह घर वापस लौटी और दरवजा खोलने का प्रयास किया तो दरवाजा नहीं खुल रहा था। आस पास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़वाया गया तो देखा गया कि उनके पति ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस का कहना है कि मृतक मोहम्मद नसीम 62 काफी समय से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज हो रहा था उसकी चलते वह डिप्रेशन में थे। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# धूमधाम से निकली एलडीए की तिरंगा बाइक रैली

● एलडीए व स्मारक समिति के कर्मचारियों ने रैली में लिया हिस्सा

● भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से दिया देश प्रेम व राष्ट्रीय एकता का संदेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर 75 महिला कर्मियों की अगुवाई में एलडीए और स्मारक समिति के कर्मचारियों की मोटरसाइकिल तिरंगा रैली बड़ी धूमधाम से निकली। इसमें प्राधिकरण व स्मारक समिति के कुल 2075 कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। रैली के दौरान कर्मचारियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाकर देश प्रेम व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। शनिवार को एलडीए की महिला कर्मचारियों की मोटर तिरंगा रैली सबसे भव्य रही। विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह 6:30 बजे सभी कर्मचारी 1090 चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां उन्हें तिरंगा झण्डा व तिरंगा रिबन वितरित किये गए। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ की बधाई दी। इसके बाद उपाध्यक्ष द्वारा झण्डा दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली की खास बात यह रही कि इसकी अगुवाई स्मारक पीआरओ भावना सिंह सहित प्राधिकरण की 75 महिला कर्मियों द्वारा की गयी और इसमें कुल 2075 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सभी कर्मचारी अपनी मोटरसाइकिल एवं स्कूटी पर तिरंगा लगाए हुए। इसके साथ ही गले पर तिरंगा रिबन लपेटे हुए थी। कर्मचारियों ने रास्ते भर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाकर देशप्रेम व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

## बेटियों ने रंगोली में उतारे देश की विविधता के रंग

**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित ज्यूपिटर हॉल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल-कॉलेजों की छात्राओं व शिक्षिकाओं ने जहां एक ओर रंगोली में देश की विविधता के रंग उतारे। वहीं दूसरी तरफ सतरंगी कलाकारी से देश के शहीदों व महानुभावों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब, लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। अधिशासी अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में 21 माध्यमिक स्कूलों की 109 छात्राओं, 9 डिग्री कॉलेजों की 48 छात्राओं व चार प्राइमरी स्कूलों की 27 शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। प्राधिकरण द्वारा ज्यूपिटर हॉल के बाहरी परिसर में पैसेज बनाये गए थे, जिसमें छात्राओं ने 58 अलग.अलग रंगोली बनायी। इसमें काकोरी ट्रेन एक्शन 1857 की क्रांति, शहीद स्मारिका व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की छवि उकेरी गयी। साथ ही विश्व पटल पर आज के भारत की मजबूत स्थिति को भी रंगोली के रंगों में संजोया गया। विशेष कार्याधिकारी डीके सिंह ने बताया कि जजों के पैनल द्वारा सभी रंगोली का निरीक्षण करके ग्रेड दिये गए हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकार्ड 88 हजार 837 मुकदमे निस्तारित

विधि संवाददाता। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोक अदालत के तहत शनिवार को रिकार्ड 88 हजार 837 मुकदमों का अंतिम रुप से निस्तारण हुआ। जिसमें कुल 70 करोड़ 47 लाख 61 हजार 48 रुपए की वसूली हुई। इनमें सिविल, चेक बाउसिंग, वैवाहिक वाद, मोटर वाहन दुर्घटनाएं सुखाधिकार, उत्तराधिकार, व्यादेश, राजस्व व आपराधिक मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने और साथ ही आपसी सुलह.समझौते से खत्म होने वाले फौजदारी के मामले भी शामिल थे। लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं विशेष जज अरविन्द मिश्र के मुताबिक लोक अदालत में आपसी सुलह.समझौते से फौजदारी के नौ हजार 860 वादों का निस्तारण हुआ। जिसके अंतर्गत 15 लाख 88 हजार 890 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। सिविल व उत्तराधिकार के कुल दो हजार 40 मामलों का अंतिम रुप से निपटारा हुआ। जिसमें चार करोड़ 18 लाख 95 हजार 500 रुपए प्राप्त हुए। मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 146 मुकदमों का निस्तारण किया गया। जिसमें पक्षकारों को 27 करोड़ 94 लाख 16 हजार नौ रुपए की धनराशि बतौर प्रतिकर दिलाई गई। चेक बांउस के 1134 वादों का निस्तारण हुआ। जिसके तहत 27 करोड़ 40 लाख 23 हजार 118 रुपए की वसूली हुई। इसके अलावा राजस्व वादए बैंक वसूली व फाइनेंस के प्री.लिटिगेशन स्तर पर 75 हजार 487 वादों का निस्तारण हुआ। जिसकी समझौता राशि 10 करोड़ 74 लाख 52 हजार 860 रुपए तय की गई।


भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव

# कार्यालय नगर पंचायत रूरा
# जनपद-कानपुर देहात

पत्र सं0- 564/एन0 पी0 आर0/2022-23 दिनांक 10-08-2022

**आजादी का अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा** कार्यक्रम तथा **स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2022)** के राष्ट्रीय पर्व पर नगर पंचायत रूरा अपने सभी नगरवासियों को हार्दिक बधाई देने हेतु नगर पंचायत रूरा के सर्वांगीण विकास हेतु अपील करती है :-

1- नगर पंचायत रूरा के बकाया करों की अदायगी समय से करें।
2- नगर पंचायत रूरा की भूमि एवं सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण न करें।
3- सफाई के पश्चात सार्वजनिक रास्तों/सड़कों पर कूड़ा न डालें।
4- "जल ही जीवन है" पेयजल हेतु नगर पंचायत रूरा द्वारा लगवाये गये स्टैण्ड पोस्टों की टोटियों को खुली न छोड़ें एवं पानी का दुरूपयोग कदापि न करें, नगर पंचायत रूरा की सार्वजनिक सम्पत्तियों को किसी भी प्रकार से क्षति न पहुँचायें।
5- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण इस कार्यालय में समय से करायें।
6- नगर पंचायत रूरा से बिना नक्शा स्वीकृत के अभाव में भवन निर्माण न करायें।
7- सार्वजनिक रास्तों पर जानवर न बांधें।
8- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अपनी सहभागिता निभायें।
9- खुले में शौच न करें, शौचालय का प्रयोग करें।
10- हाथों को धुलकर ही भोजन करें।
11-घर का एकत्र गीला एवं सूखा कूड़ा सड़कों पर इधर-उधर न फेंकें बल्कि नगर पंचायत रूरा द्वारा स्थापित डस्टबिन/कूड़ा गाड़ियों में ही डालें।
12-वैक्टर जनित रोगों से बचाव एवं नियंत्रण हेतु अपने घरों में रखे कूलर, गमलों, कन्टेनर आदि में पानी एकत्रित न होने दें एवं नियमित सफाई रखें।
13-प्लास्टिक के उपयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित/दण्डनीय है। प्लास्टिक का उपयोग कदापि न करें।

**सौजन्य से : नगर पंचायत रूरा जनपद कानपुर देहात**

# नकली चाय पत्ती बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने खुली चाय पत्ती में हानिकारक तत्व मिलाकर ब्रान्डेड कंपनियों के नाम पर नकली चाय पत्ती बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को ठाकुरगंज से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में नकली चाय पत्ती बरामद की है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मो दाउद ठाकुरगंज, मोहम्मद जैद ठाकुरगंज, तबरेज हाशमी राजा विहार चौराहा बालागंज लखनऊ के पास से 3 ड्रम कलर, 200 किलो गोल्डन चाय अपमिश्रित, 160 किलो गारडेन फ्रे चाय, 80 किलो खुली चाय, 12 बोरियों में पैकिंग की हजारों पन्नियाँ, 3 कार्टून गार्डेन फ्रे चाय का टेप, 1 कार्टून में स्टीकर गार्डेन फ्रे चाय के सहित अन्य सामान बरामद किया है।

एसटीएफ के अनुसार हानिकारक केमिकल व कलर मिलाकर ब्रान्डेड कम्पनीयों की चाय की पत्ती की नकल बनाकर बेचने वाले गिरोह के पकड़ने के लिए एसटीएफ सूचनाएं एकत्रित कर रही थी इस दौरान पता चला कि दाउद, जैद मकान नं 544, 290 बंशी विहार बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ में मौजूद हैं तथा इसी मकान में यह मिलावट व पैकिंग करने वाली फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। इस सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर एसटीएफ व खाद्यय सुरक्षा एंव औषधिय प्रशासन की संयुक्त टीम ने तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया जिनसे उपरोक्त बरामदगी हुयी। विस्तृत पूंछताछ पर जैद व दाउद ने बताया कि हम दोनों भाई लखनऊ व आस पास के जनपदों के खुली चाय पत्ती बेचने वाले व्यापारियों से खुली चाय पत्ती खरीदकर कानपुर से महंगी ब्रांडेड कम्पनीयों की पैकिंग का सामान रैपर, टेप, कलर, डाई आदि खरीदकर इन खुली चाय पत्तीयों में अपनी फैक्ट्री में मिलाकर पैकिंग कर लखनऊ की अधिकांश छोटी चाय की दुकानो पर सप्लाई करतें हैं यह कार्य हम दोनो भाई लगभग 5-6 साल से कर रहे हैं। उपरोक्त के सम्बंध में मामला पंजीकृत कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ में दाखिल कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

# यूपी के 10 पुलिसकर्मियों को मिलेगा केंद्रीय गृह मंत्री पदक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आपराधिक** मामलों की जांच के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश भर के 151 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2022 के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक के लिए चुना गया है। इसमें यूपी के 10 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। मेडल फार एक्सीलेंस इन इन्वेस्टीगेशन के लिए चुने गए प्रदेश के पुलिसकर्मियों में डीएसपी संसार सिंह राठी व सविरत्न गौतम, इंस्पेक्टर राम गोविंद मिश्रा, भैया शिव प्रसाद सिंह, संतोष कुमार शर्मा, शैलेष कुमार राय व योगेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष कमलेश सिंह तथा सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार पाल व सूरज कुमार तिवारी शामिल हैं। अपराध की जांच में उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में इस पुरस्कार की शुरुआत की गई थी। पुरस्कार पाने वालों में राज्यों की पुलिस के अलावा विभिन्न जांच एजेंसियों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने पुलिस सेवा में पेशेवर रुख तथा उत्कृष्टता को बढ़ावा देने एवं ऐसे सुरक्षा बलों को जिन्होंने तनावपूर्ण स्थितियों तथा दुर्गम क्षेत्रों में अच्छा काम किया है को सम्मानित करने के लिए पदक आरंभ किए हैं। इसके तहत किसी भी अपराध की जांच में उच्च मानकों को स्थापित करके पेशेवर रवैये को बढ़ाने, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व काम से असाधारण साहस का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों को यह मेडल दिया जा रहा है। इस पदक का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2022 के लिए जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक 151 पुलिस कर्मियों को प्रदान किया गया है। वर्ष 2022 के लिए प्रदान किए गए इस सम्मान में 28 महिलाएं भी शामिल हैं।

## 201 जेल अधिकारियों को आईजी प्रशंसा चिन्ह

**लखनऊ।** प्रदेश के जेल अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वतंत्रता दिवस पर सिल्वर और गोल्ड कमेंडेशन डिस्क आईजी प्रशंसा चिन्ह दिया जाएगा। डीजी आनंद कुमार की मंजूरी के बाद जेल मुख्यालय ने शनिवार को आईजी प्रशंसा चिन्ह के पात्र वर्दीधारी और नॉन वर्दीधारी अधिकारी और कर्मचारियों के नामों की सूची जारी की है। डीजी प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि इसमें 54 अधिकारी और कर्मचारियों को गोल्ड और 47 को सिल्वर कमेंडेशन डिस्क दिया जाएगा। इन्हें कमेंडेशन डिस्क के साथ साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इसके अलावा जेलों के 77 नॉन वर्दीधारी अधिकारी और कर्मचारियों व कारागार मुख्यालय के 23 अधिकारी कर्मचारियों को भी प्रशंसा प्रमाण पत्र मिलेगा।

## खादी-ग्रामोद्योग बोर्ड में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**लखनऊ।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाने जा रहे अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डॉ. नवनीत सहगल ने तिरंगा झण्डा फहरा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सहगल ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तिरंगा फहराते हुए सेल्फी ली और आह्वान करते हुए कहा कि सभी कर्मी अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपनी सोशल मीडिया पर अपलोड भी करें। उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पर्व पूरे देश में बड़ी धूम-धाम से मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसके कक्कड़, प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग अनिल सिंह सहित लगभग 200 की संख्या में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के कर्मी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा फहराने की अलख जगाने सड़क पर उतरी पुलिस



**मोहनलालगंज।** हर घर तिरंगा फहराने की अलख जगाने मोहनलालगंज में शनिवार को हाथों में तिरंगा लेकर पुलिस सड़क पर उतरी। अफसरों की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने दुकानदारों और आमजन को अपने घरों और दुकानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोगों को तिरंगा फहराने और उतारने के लिए जरूरी सावधानियों की भी जानकारी दी गई। मोहनलालगंज में शनिवार की शाम एसीपी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी और इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत कोतवाली से की गई। हाथों में तिरंगा लेकर पुलिसकर्मी रायबरेली हाईवे पर पैदल उतरे तो समूचा कस्बा तिरंगा मय नजर आया। इस दौरान एसीपी और इंस्पेक्टर ने दुकानदारों और आमजन को अपने घर व मोहल्ले में सभी को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने की अपील की। एसीपी ने सभी बीट प्रभारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में निकलकर लोगों को घर-घर तिरंगा फहराने और इसके सम्मान के प्रति जरूरी सावधानियां बरतने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

## सभी थाना, चौकियों व पुलिस कार्यालयों पर लगाया गया तिरंगा

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम व स्वतंत्रता दिवस के तहत समस्त जनपद, कमिश्नरेट के 1863 पुलिस कार्यालयों, 1570 पुलिस थानों, 3756 चौकियों, 1921 पुलिस बूथों, 34669 पुलिस आवासों व 2900 अन्य भवनों पर तिरंगा झण्डा लगाये गये। पुलिस, पीएसी के बैण्ड द्वारा समस्त जनपद, कमिश्नरेट में शहीद स्थलों, स्मारकों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जनमानस के समक्ष राष्ट्रधुन वादन किया गया। समस्त जनपद, कमिश्नरेट में सॉफ्टमैराथन का आयोजन किया गया जिसमें 18427 से अधिक पुलिस कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभारी पुलिस अधिकारियों द्वारा 3120 पब्लिक एड्रेस सिस्टम से उदबोधन किया गया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा तिरंगा रूट मार्च, फुट पेट्रोलिंग की गयी जिसमें कुल 1072 टीमों द्वारा 2447.5 किलोमीटर रूट मार्च किया गया।

## डीजीपी मुख्यालय सहित सभी इकाइयों में किया गया पौधरोपण

**लखनऊ।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पुलिस मुख्यालय सहित प्रदेश पुलिस की जनपद इकाइयों में पौधरोपण किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को पुलिस महानिदेशक उप्र, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, पुलिस महानिदेशक विशेष जॉच, पुलिस महानिदेशक एसआईटी, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक टेनिंग, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर सेल, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ अपर पुलिस महानिदेशक ट्राफिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार परिसर में शमी, रूद्राक्ष, आंवला, अमरूद, बेल आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

## इंडियन बैंक के 116 वें स्थापना दिवस के अंतर्गत हर घर तिरंगा एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**लखनऊ।** इंडियन बैंक की स्थापना दिनांक 15 अगस्त 1907 को 'स्वदेशी बैंक' की भावना के साथ भारत देश की आजादी के ठीक 40 वर्ष पूर्व हुई थी। इस महत्वपूर्ण दिन को इंडियन बैंक में प्रत्येक वर्ष अति उत्साह, हर्ष, उल्लास एवं एकता के प्रतीक के साथ मनाया जाता है। बैंक के 116 वें स्थापना दिवस के इस वर्तमान वर्ष में कई रंग एवं उपलब्धियां समाहित हैं, जिसमें 140 मिलियन से अधिक ग्राहकों को 20000 से अधिक डिलीवरी केन्द्रों एवं 39734 कर्मियों द्वारा सम्पूर्ण देश में सेवा देते हुए इंडियन बैंक ने मार्च 2022 में रु. 10,00,000 करोड़ के व्यवसाय की अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की है। भारत देश के स्वतंत्रता की 75 वर्ष पूरे होने का जश्न 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत, भारत देश में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया।




## बेटी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर टक्कर मारकर किया जख्मी

**मोहनलालगंज।** किशोरी के साथ छेड़छाड़ के विरोध में आरोपी ने परिजनों की स्कूटी में बाइक से टक्कर मार दी। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। हादसे में पीड़िता की मां के पैर की अंगुली कट गई। वहीं पीड़िता को भी चोटें आई हैं। मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी 11वीं की छात्रा है। परिजनों के मुताबिक बुधवार को उनकी बेटी स्कूल से साइकिल से घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में मनोज उसे रोककर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आरोपित मौके से भाग निकला था। बेटी ने घर पहुंचकर अपनी मां को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़िता के परिजन मनोज के पिता कन्हई लाल से शिकायत करने उसके घर गए थे।

# चरित्र निर्माण से ही पड़ती है राष्ट्र निर्माण की नींव: जेपी सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वतंत्रता** के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत हार्नर कालेज महानगर में विद्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जेपी सिंह, अध्यक्ष संस्कृत भारती न्यास अवध प्रान्त ने उपस्थित छात्र छात्रओं को संबोधित कर राष्ट्र के कर्तव्यों के प्रति आलोकित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के चरित्र निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण की नींव पड़ती है। इसका सबसे प्रथमपद शिक्षकों द्वारा प्रदत्त शिक्षण से प्रारंभ होता है। अत: शिक्षक,छात्रों की भूमिका समाज निर्माण में अहम होती है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य माला मेहरा ने भी अपने संबोधन से सभी को लाभान्वित करते हुए मुख्य अतिथि जेपी सिंह का आभार व्यक्त करते हुए समस्त उपस्थित शिक्षकों, छात्रों /छात्राओं को आजादी के 75वें वर्ष के उत्सव की सहभागिता के धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लाइफ लाइन उपभोक्ताओं के घर प्रीपेड स्मार्ट मीटर होगा घाटे का सौदा

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर परियोजना पर पावर कारपोरेशन प्रबंधन से फिर से विचार करने की मांग की है। परिषद ने कहा है कि 1.39 करोड़ लाइफ लाइन बीपीएल उपभोक्ता इस योजना में बिजली कंपनियों के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकते हैं। इन उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाकर एनर्जी एफिशिएंसी लि को हर महीने 101.42 रुपये देना चुनौती होगी। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मांग की है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से पहले प्रबंधन कास्ट बेनिफिट एनालिसिस पर विचार किया जाए। अन्यथा की स्थिति में आत्मनिर्भर बने की बजाय बिजली कंपनियां और बर्बाद हो जाएंगी। उन्होंने बताया है कि प्रदेश में कुल 3.16 करोड़ विद्युत उपभोक्ता हैं। जिनमें से 1.39 करोड़ लाइफ लाइन बीपीएल श्रेणी में हैं। लाइफ लाइन उपभोक्ताओं के लिए प्रदेश में जो टैरिफलागू है उसमें 100 यूनिट तक तीन रुपये प्रति यूनिट और एक किलोवाट पर फिक्स चार्ज 50 रुपये है। जिससे एक उपभोक्ता से बिजली कंपनियों को अधिकतम 350 रुपये हर महीने ही मिलना है। वह भी तब जब उपभोकता हर महीने पूरे 100 यूनिट बिजली का उपभोग करेगा। एनर्जी एफिशिएंसी का जो अपेक्स मॉडल है उसमें हर मीटर की कुल लागत पावर कारपोरेशन से यह कंपनी वसूलेगी। प्रति माह प्रति मीटर 101.42 रुपये वसूला जाना है। यह धनराशि लाइफ लाइन उपभोक्ता के हर महीने के कुल अधिकतम बिल का करीब 29 फीसदी है। उपभोक्ता ने यदि 100 यूनिट से कम बिजली खपत की तो बिल की अधिकतम धनराशि इसी में चली जाएगी।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सदर व्यापार मंडल को सौंपे 500 झंडे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**75वें** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सदर लखनऊ व्यापार मंडल द्वारा 500 झंडे व्यापारियों में नि:शुल्क वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन सदर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के बारे में बताया और 500 झंडे सदर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू को सौंपे। पाठक ने बताया कि तिरंगा हर भारतवासी का अभिमान है, यह देश की समस्त विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोकर अद्भुत राष्ट्रभक्ति का सृजन करता है।

इस अवसर पर समस्त छावनी क्षेत्र की जनता व व्यापारियों से अपील की गयी है कि आप भी अपने घर/दुकान पर तिरंगा लगाकर हर दिल में देशभक्ति जगाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी गुड्डू त्रिपाठी, पूर्व पार्षद संजय दयाल, सुनील वेश, दिलीप वेश, संजय अग्रवाल, विपिन वेश, राजीव कुमार पाठक, शिवम् वेश, संजय केसरवानी, मनोज केसरवानी, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया के जरिए आतंकी सैफुल्ला के संपर्क में आया नदीम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एटीएस** द्वारा गिरफ्तार किया गए जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मोहम्मद नदीम यूपी में कई आतंकी वारदातों को अंजाम देने की तैयारी में था। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि आतंकी मोहम्मद नदीम का उद्देश्य विभिन्न जगहों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देना था। वह विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि 2018 में नदीम पाकिस्तान के आतंकवादी हकीमुल्लाह से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आया। हकीमुल्लाह ने उसका परिचय सैफुल्लाह से करवाया। सैफुल्लाह ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और यूएई में स्थित कट्टरपंथी तत्वों से उसका परिचय करवाया। नदीम की फेक जी मेल, वर्चुअल आईडी, टेलीग्राम आईडी बनाकर पाकिस्तान भेजी गई थी। इसके अतिरिक्त लोन वुल्फअटैक के लिए नदीम को ट्रेनिंग भी दी गई थी। आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए नदीम द्वारा कुछ टारगेट भी चिह्नित किए गए थे।

इस बार आतंकियों के निशाने पर लखनऊ, आगरा, वाराणसी और मथुरा के धार्मिक स्थल और तिरंगा यात्रा है। गिरफ्तार आतंकियों से मिले इनपुट के आधार पर यूपी में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने तिरंगा यात्रा के साथ प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जैश ए मोहम्मद से जुड़े नदीम ने फियादीन हमले की ट्रेनिंग ली थी। आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए यूपी पुलिस स्लीपर सेल और संदिग्ध लोगों की धरपकड़ में आजमगढ़, कानपुर, बाराबंकी, लखनऊ, देवबंद, सहारनपुर, मथुरा, आगरा और वाराणसी में छापामारी कर रही हैं। पुलिस संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन की मदद ले रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक मैसेज वायरल करने वालों से सख्ती से निपटने को कहा है। साइबर सेल तिरंगा यात्रा, जाति-धर्म, राष्ट्रवाद जैसे शब्द के साथ होने वाली पोस्ट पर नजर बनाए हुए हैं। लखनऊ में चारबाग स्टेशन पर एक कंपनी फोर्स और लगाई गई है। दिल्ली रेलवे स्टेशन से लखनऊ के लिए सामान बुक करवाने पर 12 से 15 अगस्त तक अस्थाई रोक है। यात्री सामान कोच में लेकर जा सकते हैं।

## ● हमले करने के लिए तय कर लिए थे टारगेट

# संस्कृत है पूर्ण रूप से वैज्ञानिक व परिष्कृत भाषा: प्रो. बिहारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय लखनऊ के संस्कृत विभाग के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृत दिवस तथा श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर ऑनलाइन संस्कृत भाषा में ज्ञान विज्ञान वैशिष्ट्य विषय पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ वंदना द्विवेदी द्वारा मंगलाचरण से किया गया तथा अर्चना त्रिपाठी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस वेबिनार के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित, पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत कला संकाय, अध्यक्ष रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के महामहोपाध्याय प्रोफेसर रहस् बिहारी द्विवेदी ने संस्कृत भाषा में ज्ञान विज्ञान और उसकी विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक और परिष्कृत भाषा है, जबकि अन्य भाषाओं में ऐसी विशेषता देखने को नहीं मिलती है। संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है। यह देव भाषा है और आजादी के अमृत महोत्सव में इस भाषा को भी अमृत्तुल्य समझना चाहिए क्योंकि यह अजर, अमर और देववाणी है। संस्कृत नाम देवी वागन्व याता महर्षिभि: कहा गया है। संस्कृत भाषा के अध्ययन से सभी मनुष्यों में कर्तव्य बोध एवं राष्ट्रीय भावना का विकास होता है। उन्होंने बताया कि हमारे वेद ..वेदांग ..ज्ञान विज्ञान से भरे हैं। ओम् के उच्चारण से मानसिक शांति मिलती है तथा गायत्री मंत्र पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। इसी क्रम में त्योहारों की वैज्ञानिकता का वर्णन भी उनके द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि संस्कृत विज्ञान, वैज्ञानिकता से पूर्णतया ओतप्रोत है। संस्कृत में ही पूरे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना तथा वैश्विक मंगल कामना का भी वर्णन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की परिचायक है तथा सभी भाषाओं की जननी है। देव भाषा संस्कृत का संरक्षण, संवर्धन, परिवर्द्धन कैसे हो, इसके लिए आज संस्कृत दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए और संस्कृत भाषा का विकास और उत्थान में पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत भाषा ही हमारे ज्ञान और विज्ञान का स्रोत है। संस्कृत भाषा का प्रयोग कंप्यूटर में भी किया जा रहा है क्योंकि कंप्यूटर के लिए यह सबसे सटीक स्पष्ट वैज्ञानिक और तकनीकी भाषा है। कार्यक्रम का संचालन नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ के संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर वंदना द्विवेदी द्वारा किया गया तथा एसोसिएट प्रोफेसर सस्कृत डाक्टर रीता तिवारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस इस अवसर पर प्रोफेसर संतोष कुमार शुक्ला जेएनयू नई दिल्ली से, डॉ देवेश कुमार मिश्रा, इग्नू नई दिल्ली से डॉक्टर योगेंद्र कुमार, समेत प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रवक्ताओं व प्रोफेसरों आदि ने भाग लिया।

## ● नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ वेबिनार का आयोजन

# पेज एक का शेष

## सुरक्षा की...

कामचलाऊ बिस्तरों के आसपास झंडा लिए दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्मंडल खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्होंने खेलों इंडिया मंच के जरिए उभरते चैंपियनों को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण देश प्रेरणास्पद उपलब्धि के साथ आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपा नेताओं ने शनिवार को पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया। भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यह अभियान तीन दिन तक चलेगा। गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने लोगों से अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के राउरकेला में तिरंगा बाइक रैली में भाग लिया। भूपेंद्र यादव उत्तर प्रदेश के बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय को श्रद्धांजलि दी और तिरंगा फहराया। उनके कैबिनेट सहयोगी अनुराग ठाकुर ने अपने आवास पर झंडा फहराया।

## झंडा फहराकर...

लिए प्रेरित भी किया। मुख्यमंत्री योगी के स्वर में स्वर मिलाकर भारत माता की जयकार लगाते स्कूली बच्चों का उल्लास चरम पर था। सीएम योगी की ओर से सभी बच्चों को उपहार भी दिए गए। विदित हो कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया गया है। इसके तहत सभी सरकारी, निजी, वाणिज्यिक भवनों पर लोग स्वत: स्फूर्त भाव से राष्ट्रध्वज फहरा रहे हैं। अभियान के तहत प्रदेश में 4.5 करोड़ ध्वज फहराये जाने का अनुमान है।

## मुख्यमंत्री ने...

शहीद हवलदार कुंवर सिंह चौधरी की पत्नी वीर नारी लक्ष्मी देवी, शहीद नायक राजा सिंह की पत्नी वीर नारी चन्द्रा देवी, मेजर धीरेन्द्र नाथ सिंह, ब्रिगेडियर नवीन सिंह, शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद मेजर कमल कालिया की पत्नी वीर नारी अर्चना कालिया, शहीद मेजर समीर उल इस्लाम की पत्नी फौजिया इस्लाम, शहीद ले. हरि सिंह बिष्ट की माता शान्ति बिष्ट, ऑनरेरी कैप्टन चंचल सिंह तथा शहीद कर्नल मुनींद्र नाथ राय की पत्नी वीर नारी प्रियंका राय को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विगत 1 वर्ष के दौरान कर्तव्य पालन में शहीद हुए उत्तर प्रदेश के शूर वीर शहीद विंग कमाण्डर पृथ्वी सिंह चौहान की पत्नी वीर नारी कामिनी सिंह, शहीद सिपाही सरज सिंह की पत्नी वीर नारी रंजीत कौर तथा शहीद सिपाही संतोष यादव की पत्नी वीर नारी धर्मशिला देवी को भी सम्मानित किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि विगत 5 वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लगभग दो गुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। इसी अवधि में राज्य में प्रति व्यक्ति आय को भी दोगुना करने का प्रयास किया गया है। राज्य में आधारभूत संरचना का व्यापक संजाल स्थापित किया गया है। सरकार ने प्रयास किया है कि प्रति वर्ष सिविल.सैन्य सम्पर्क सम्मेलन के माध्यम से सेना से जुड़ी समस्याओं का समाधान शासन के प्रत्येक स्तर पर संवेदनशीलता तथा समयबद्धता के साथ हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद भी भारत की सुरक्षा, एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 1947-48, 1962, 1971 तथा 1999 में हुए युद्धों से देश को जूझना पड़ा था। अनेक अन्य अवसरों पर भी भारत के बहादुर जवानों ने देश की एकता व अखण्डता को बनाए रखते हुए देश की स्वाधीनता की रक्षा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शान्तिकाल में देश में विभिन्न आपदाओं के समय सेना द्वारा किये जाने वाले रचनात्मक कार्यों के माध्यम से हमारा जवान देश के जनविश्वास को मजबूती प्रदान करता है। दुश्मन के लिए आप जितने सख्त हैं, अपने देश पर आने वाली किसी भी आपदा के दौरान आप उतने ही संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि वीर जवानों, उनके परिवारों तथा वीर माताओं को सम्मानित करने के इस कार्यक्रम से जुड़कर उन्हें अत्यन्त गौरव की अनुभूति हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाले सम्मान कार्यक्रमों में राज्य सरकार ने शहीदों के परिवारों को सम्मान दिए जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। वर्ष 2017 में सरकार के गठन के साथ ही हमने व्यवस्था बनाई कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए तथा देश की आन्तरिक सुरक्षा में बलिदान होने पर शहीद के परिवार को राज्य सरकार की ओर से 50 लाख रुपये की अहेतुक सहायता प्रदान की जाएगी।

## राजू श्रीवास्तव...

स्थिर है। परिवार ने बयान में कहा, राजू श्रीवास्तव जी की हालत स्थिर है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं। सभी शुभचिंतकों को निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। परिवार ने लोगों से किसी भी अफवाह अथवा गलत खबर पर ध्यान नहीं देने का भी अनुरोध किया। यहां एक होटल के जिम में व्यायाम के दौरान कॉमेडियन को दिल का दौरा पड़ा था। श्रीवास्तव, 1980 के दशक के अंत से मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे हैं। उन्हें 2005 में स्टैंड-अप कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के पहले सीजन में भाग लेने के बाद पहचान मिली। उन्होंने मैंने प्यार किया, बाजीगर, बॉम्बे टू गोवा (रीमेक) और आमदानी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वह बिग बॉस सीजन तीन के प्रतियोगियों में से एक थे। श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैं।

## रुश्दी वेंटिलेटर...

ने रुश्दी पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए उनकी हत्या के लिए फतवा जारी किया था। रुश्दी (75) शुक्रवार को जब चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर थे, तभी उनकी गर्दन पर चाकू से हमला किया गया था। चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन दक्षिण-पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य में चौटौक्वा झील पर एक गैर-लाभकारी समुदाय है। स्टैनिसजेवस्की ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने तक रुश्दी का वहां कार्यक्रम में मौजूद एक डॉक्टर ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर जानलेवा हमले की कोशिश भयावह एवं निंदनीय है। उन्होंने एक बयान में कहा, बाइडन-हैरिस प्रशासन में हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## हिज्बुल सरगना...

अस्सबाह-उल-अर्जमंद खान जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा की वर्ष 2011 बैच की अधिकारी थी और उसे पासपोर्ट के लिए गलत सूचना देने में संलिप्त पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि खान का कथित तौर पर विदेशी लोगों से संपर्क था जिन्हें भारतीय सुरक्षा बलों और खुफिया विभाग द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने वालों के तौर पर सूचीबद्ध किया गया था। उन्होंने बताया कि खान जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी गतिविधियों के लिए धन को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाने में भी कथित तौर पर संलिप्त थी। बिट्टा कराटे आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में वर्ष 2017 से ही दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद है। वह वर्ष 1990 की शुरुआत में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हुई हत्या मामले में भी संलिप्त है। सरकार ने कश्मीर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस परास्नातक विभाग में वैज्ञानिक डॉ. मुहीत अहमद भट को भी बर्खास्त कर दिया है।

## विवादित आईएएस...

एक और मौका देगी। मेरा एक हिस्सा उन आठ महीनों की स्मृतियों से थक गया है और मैं इन्हें मिटाना चाहता है। इसमें से बहुत कुछ है जो पहले ही चला गया। फैसल ने जनवरी 2019 में अपना इस्तीफा सौंप दिया था और जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) पार्टी बनाई थी। फैसल को तत्कालीन राज्य जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को निरस्त करने के तुरंत बाद कड़े सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था। हालांकि, अपनी रिहाई के बाद, फैसल ने राजनीति छोड़ दी और संकेत दिया कि वह सरकारी सेवा में फिर से शामिल होने के इच्छुक हैं। उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था। डॉक्टर से नौकरशाह बने फैसल ने जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक राजनीति को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी पार्टी बनाई, लेकिन उनका राजनीतिक करियर अचानक समाप्त हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस्तीफा वापस लेने के उनके आवेदन के बारे में जम्मू-कश्मीर प्रशासन से राय मांगी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के लिए कैडर नियंत्रण प्राधिकरण है। आतंकवादियों ने उत्तरी कश्मीर के सुदूरवर्ती गांव लोलाब के रहने वाले फैसल के पिता की 2002 में हत्या कर दी थी। फैसल ने 2009 में यूपीएससी परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। फैसल को 14-15 अगस्त, 2019 की मध्यरात्रि दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था और वापस श्रीनगर भेज दिया गया, जहां उन्हें हिरासत में रखा गया था।

## समीर वानखेड़े...

नेता नवाब मलिक ने उठाया था। वानखेड़े के खिलाफ राजनीतिक नेता मनोज संसारे, अशोक कांबले और संजय कांबले समेत शिकायतकर्ताओं ने आवेदन दायर किए थे। मुंबई जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति ने शिकायतों की जांच की और शुक्रवार को उसी पर एक आदेश पारित किया। आदेश में कहा गया है कि यह साबित नहीं हुआ कि वानखेड़े और उनके पिता ज्ञानदेव वानखेड़े ने हिंदू धर्म को त्याग कर स्वयं को विधिवत इस्लाम में परिवर्तित किया था। आदेश में ए भी कहा गया है कि इससे यह साबित होता है कि वानखेड़े और उनके ससुर महार-37 अनुसूचित जाति के हैं। आदेश में कहा गया है कि नवाब मलिक और अन्य द्वारा वानखेड़े के जातिगत दावे और जाति प्रमाण पत्र के धर्म के संबंध में दायर शिकायतों की पुष्टि नहीं की जाती है, जिसके बाद शिकायत में तथ्यों की कमी के कारण शिकायतों को खारिज कर दिया गया।

# आईआईटी ने अमृत महोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता की 75वी वर्षगांठ मनाने के उपलब्ध में आज जिमखाना से प्रभात फेरी निकाली गई, इस प्रभात फेरी में संस्थान के अध्यापक छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारियों व उनके परिवार वालों ने हिस्सा लिया। प्रभात फेरी जिमखाना से शुरू होकर संस्थान के विभिन्न विभागों से होते हुए निदेशक कार्यालय एबिलिटी तथा छात्रावासो से होते हुए वापस जिमखाना तक लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय की सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लहराया देश प्रेम के नारे लगाते रहेप् इस कार्यक्रम में छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर एल.पी. सिंह अधिष्ठाता शैक्षणिक कार्य एस.बी द्विवेदी जिमखाना के विभिन्न परिषदों के अधिकारी जिनमें डॉ राजेश उपाध्याय डॉ सतीश कनौजिया डॉ सुखदा आदि उपस्थित रहे एवं जिमखाना के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।










## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विवि से निकली तिरंगा यात्रा

**वाराणसी**- आजादी के अमृत महोत्सव के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान एवं प्रभात फेरी अभियान शुरू किया गया है। स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में राष्ट्रीय ध्वज को सामूहिक रूप से घर पर लगाना न केवल तिरंगे के साथ हमारा निजी संबंध स्थापित करता है, बल्कि यह राष्ट्र-निर्माण के प्रति हम सबकी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति -राष्ट्र भक्ति की भावना का आह्वान करना और अपने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को प्रोत्साहित करना है।

उक्त विचार आज पूर्वाह 10:30 बजे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानी पं चन्द्रशेखर आजाद के प्रतिमा के समक्ष तिरंगा झंडे के साथ एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में प्रभात फेरी (जो की लहुराबीर मे चन्द्रशेखर आजाद के प्रतिमा तक) की अध्यक्षता करते हुये कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## कुलपति ने की हर घर तिरंगा लगाने की अपील

**कुलपति** प्रो त्रिपाठी ने प्रभात फेरी एवं हर घर तिरंगा अभियान में विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों,अधिकारीयों ,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपने अपने घरों पर तिरंगा ध्वज लगाने की अपील किये।कार्यक्रम (प्रभात फेरी) के प्रारम्भ कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी के द्वारा स्वतन्त्रता सेनानी श्री चन्द्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रभात फेरी व तिरंगा यात्रा का हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा झन्डा अपने हाथ मे लेकर विश्वविद्यालय परिवार के साथ तिरंगा रैली निकाली गयी।

## स्वतंत्रता दिवस पर गर्व अभियान किया लॉन्च

**वाराणसी**- इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने नवीनतम देश का गर्व अभियान के अंतर्गत टाटा टी प्रीमियम- देश की चाय, कला के माध्यम से भूख संकट से लड़ने का प्रयास करता है। विशद चित्रों के माध्यम से भारत की स्वतंत्रता के बाद के इतिहास में दर्ज भारत के गौरवशाली पलों को सहेजने की कोशिश की गई है। इन चित्रों को विशेष रूप से उकेरा गया है। कलात्मक टी-सेट्स में उन गौरवशाली क्षणों और घटनाओं को दर्शाया गया है जिन्होंने भारत के गौरव और प्रतिष्ठा को जगाया है। प्रत्येक सेट के केवल 50 पीसे तैयार किए गए हैं जो कलेक्शन को वास्तव में अपने तरह का अनूठा बनाते हैं।

## देश भक्ति संगीत प्रतियोगिता में सनबीम आर्ट्स को पहला स्थान मिला

**वाराणसी।** सनबीम कालेज फॉर वीमेन भगवानपुर में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय देशभक्ति संगीत प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को सनबीम कालेज के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सनबीम समूह के चेयरमैन डॉ0 दीपक मधोक, निदेशिका भारती मधोक, सह निदेशिका प्रतिमा गुप्ता, महाविद्यालय की प्राचार्या विभा श्रीवास्तवा व प्रशासिका मधुलिका सिंह ने दीप-प्रज्जवलन कर किया। संगीत प्रतियोगिता में शहर के 10 कालेज से लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपने कर्णप्रिय संगीत प्रस्तुति से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैकल्टी ऑफ परफोमिंग आर्ट्स की टीम को प्रथम स्थान, सनबीम कालेज वरूणा को द्वितीय स्थान एवं होस्ट सनबीम भगवानपुर को तृतीय स्थान प्राप्त किया। सनबीम शिक्षण समूह की सहनिदेशिका प्रतिमा गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की एवं अमृतमहोत्सव के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्रशासिका डॉ0 मधुलिका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

संवाददाता। मीरजापुर

**शासन** के निर्देशानुसार जनपद के सभी थानोध्कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के क्रम में प्रत्येक थाना पर मजिस्ट्रेट पहुँचकर जन समस्याओ को सुना। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा कोतवालीध्थाना विन्ध्याचल में आये हुये फरियादियो की समस्याओ को सुना गया तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये सम्बन्धित अधिकारियो को प्राप्त प्रार्थना पत्रो को प्रेषित किया गया। थाना विन्ध्याचल में जिलाधिकारी के समक्ष 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसे सम्बन्धित अधिकारियो को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा विगत थाना दिवसो में प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्तारण आख्या रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया तथा निर्देशित किया गया कि जो भी लम्बित प्रार्थना पत्र उन्हे तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि किसी भी राजस्व व जमीन पैमाइशए अवैध कब्जाए अतिक्रमण आदि मामलो में राजस्व व पुलिस टीम तत्काल पहुँचकर निस्तारण करना सुनिश्चित करे ताकि फरियादी संतुष्ट हो सकें। थाना को0शहर पर 01 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना को0कटरा पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारितएए थाना को0देहात पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना चील्ह पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारितए थाना कछवां पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारितए थाना पड़री पर 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारितए थाना लालगंज पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना हलिया पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारितए थाना जिगना पर 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त निस्तारित 02ए थाना चुनार पर 02 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना अदलहाट पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना जमालपुर पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्तए थाना अहरौरा पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारितए थाना मड़िहान पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

## अतिक्रमण देख भड़के डीएम व एसपी

**विन्ध्याचल मीरजापुर ।** विन्ध्यकोरिडोर निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण व दुर्व्यस्था देख डीएम व एसपी ने कड़ी नाराजगी व्यस्त की । दोपहर डेढ़ बजे के करीब स्थानीय कोतवाली पर समाधान दिवस से सीधे विन्ध्यवासिनी मन्दिर पहुँचे जिलाधिकारी प्रवीणकुमार लक्षकार व पुलिसअधीक्षक संतोषकुमार मिश्र ने कॉरिडोर के लिए क्रय की गई भूमि पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण देख कड़ी नाराज़गी व्यक्त की । एसपी ने तो सीओ प्रभात राय से दरोगा पर कार्यवाई करने का फरमान भी जारी कर दिया । वहीं जिलाधिकारी ने गंगाघाटों से स्नानार्थियों के लिए नगरपालिका द्वारा लगाया गया सचेतक ध्वनियंत्र हटाये जाने व गंगानदी में नाव संचालन को देख नगरमजिस्ट्रेट विनयकुमार सिंह से कहा कि परिषद के धन से स्थाई तौर पर ध्वनियंत्र लगवाना सुनिश्चित करे साथ ही थानाप्रभारी विनीत राय से संचालित हो रहे नाव पर पूर्ण पाबन्दी की बात कही । कॉरिडोर प्रगतिकार्य का निरीक्षण करने के पश्चात डीएम ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को कार्य मे सुस्ती व अनियमितता के लिये भी खरी खोटी सुनाई । एक दिन पूर्व मन्दिर पर महिला कांस्टेबलों की तैनाती के आदेश के बावजूद मौके पर अनुपस्थित पाए जाने पर एसपी ने सीओ को कहा कि आदेश का अनुपालन न कर लापरवाही करने वालो पर लिखित कार्यवाई करें ।

## शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



संवाददाता। मऊ

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन.जन तक पहुंचाने के लिए कंपोजिट विद्यालय झझवा के बच्चोए शिक्षकों तथा ग्रामीणों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। शनिवार को प्रातरू काल ग्राम प्रधान तथा प्रमुख व्यवसायी अभिषेक खंडेलवाल के नेतृत्व में झझवा स्कूल से पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यात्रा विद्यालय पर आकर आजादी के अमर शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान दहीचंद ने कहा कि गांव का हर घर हर व्यक्ति देशप्रेम की भावना से ओत प्रोत होकर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को शहीदों के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अभिषेक खंडेलवाल ने 100 परिवारों को तिरंगा झण्डे का वितरण किया गया। तिरंगा यात्रा का संचालन कार्यक्रम के आयोजक उत्कृष्ट शिक्षक प्रवीण श्रीवास्तव ने तथा आभार ज्ञापन अमेरिका ने किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से बीडीसी सदस्य ओमप्रकाश चौहानए रामप्रीत साहनीए नितिन साहनीएगणेश राजभरए शिक्षिका डॉण् गिरिजाए प्रवीण श्रीवास्तवए नीलमए सुनीताए राजूए सरोज सिंहए प्रतिभा रायए प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय प्रसहटा से निकली तिरंगा यात्रा



संवाददाता। धानापुर चन्दौली

**विकास** खण्ड क्षेत्र के प्रसहटा गाव के कम्पोजिट विद्यालय में शनिवार को विद्यालय के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा के दौरान बच्चों ने गाव में घूम कर प्रभात फेरी लगाई । ज्ञात हो कि 11 अगस्त से 15 अगस्त तक अमृत महोसत्व मनाए जाने को लेकर सरकार द्वारा आदेश दिया गया है । जिसके क्रम में क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों ए कार्यालय में तिरंगा यात्रा निकलना तय किया है । उसी क्रम में शनिवार को सुबह 9 बजे कम्पोजिट विद्यालय प्रसहटा के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जिसके तहत बच्चों ने गाव में प्रभात फेरी कर भारत माता की जय के नारे के साथ यात्रा निकाली । तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यालय के अध्यापक नीलेश यादव ए सुरेंद्र यादव ए अरविंद कुमार ए मनीष यादव ए माया पांडेय ए संगीता चौरसिया ए राज यादव ए प्रकाश सिंह अनुज यादव सहित ए हिन्दू युवा वाहनी के शैलेश चन्द्र यादव ए घनश्याम पाण्डेय ए विपिन प्रताप रस्तोगी ए प्रभात सिंह ए दीपक गुप्ता ए देवेंद्र पाण्डेय ए संजय यादव ए रितेश ए शशिकांत आदि अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**चकिया चन्दौली ।** पुलिस ने पचवनियां निवासी भीषम चौहान नामक युवक को पचवनियां नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है।इस संबंध में बताया गया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे धर दबोचा है। पुलिस के अनुसार उसके ऊपर मुकदमा अपराध संख्या 141ध्2022 धारा 354ए 323ए 504ए506 भादवी और 7ध्8 पाक्सो एक्ट का मामला दर्ज था और वह फरार था।पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

## मदरसे के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**धानापुर चन्दौली।** शनिवार को कस्बा स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम से क्षेत्र के विभिन्न मदरसा के छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष इफ्तेखार अहमद जावेद एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने किया। यात्रा के दौरान छात्र छात्राओं ने भारत माता की जयए बंदे मातरम जैसे नारे लागये यात्रा कस्बा का भ्रमण करते हुए शहीद स्मारक पर पहुंचा जहां लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ इफ्तेखार अहमद जावेद ने कहा कि देश में अमृत महोत्सव शहीदों को याद करने की लिए मनाया जा रहा है। देश की आज़ादी में जिन लोगों ने योगदान दिया है उन्हें स्मरण करने की जरूरत है। स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के लिए अपने जान की बाजी लगा दी। उनके गौरवशाली इतिहास को बच्चों को बताना ही इस अमृत महोत्सव का मकसद है। सुधांशु शेखर शर्मा ने कहा कि धानापुर की यह शहीदी धरती अपने आप में एक गौरवशाली इतिहास समेटी है। मदरसा के बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति कर देशभक्ति के भावनाओं का जबरदस्त प्रदर्शन किया है। इस दौरान मुख्य रूप से विवेक कैलाशनाथ यादवए प्रधानाचार्य मु खालिदए शाहिद खानए रुस्तम खानए बाबू अली खानए मुफ़्ती इरशाद अहमदए सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तिरंगे की शान में अपनी जिम्मेदारी का करें निर्वहन: नम्रता चौरसिया

संवाददाता। सोनभद्र



**आजादी** के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत महिला मोर्चा सोनभद्र द्वारा रावर्टसगंज सवेरा होटल से भाजपा काशी क्षेत्र महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता चौरसिया व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा पदयात्रा जुलूस राबर्ट्सगंज नगर में भारत माता का रथ सजा कर राष्ट्रभक्ति गीतों पर भारत माता की जयघोष करते तिरंगा यात्रा विवेकानन्द प्रेक्षागृह पर भारत माता का आरती पूजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा नम्रता चौरसिया ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, हम लोग संगठन के निर्देश पर हर घर तिरंगा लगाने का काम महिला कार्यकर्ताओं के माध्यम से सफलतापूर्वक पूर्ण किया जायेगा हम सभी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं को आज संकल्प लेना होगा कि हम तिरंगे की शान तथा भारत को विश्वगृरु बनाने के लिए ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने आये हुए सभी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा पूजा दिक्षित चोपन ब्लॉक प्रमुख लीला देवी जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद पूर्व चेयरमैन कृष्णमुरारी गुप्ता विजय जैन कुसुम शर्मा प्रमिला त्रिपाठी प्रमिला जायसवाल रुबी गुप्ता अंशू अग्रहरी सुमन केशरी सरोज केशरी सुल्ताना बेगम किरन सिंह आरती मिश्रा किरन तिवारी सहित सैकडो महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ इलाज, दवा बांटी



**सोनभद्र।** मानवीय संवेदनाओं व जनसरोकार से जुडते हुए शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में निशुल्क न्यूरोपैथी जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से 77 मरीजों की जाँच कर दवा ईलाज किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर प्रमोद कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को आयोजित जाँच शिविर में 77 मरीजों का निशुल्क जाँच किया गया। इस दौरान नसों में जलन, हाथों पैरों में सुन्नपन, मांसपेशियों की कमजोरी, हाथों पैरों में झुनझुनी, शारीरिक थकान, बदन में दर्द बने रहना आदि लक्षणों के मरीजों को देखा गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर सुन्न पन की बीमारियां सुगर के मरीजों व उक्त रक्त चाप वाले मरीजों मे होती है। ऐसे स्थिति पर तत्काल डॉक्टर से उचित सलाह लेकर दवा लेना शुरू करें। डॉ प्रजापति ने बताया कि मानवीय संवेदनाओं व जनसरोकारों से जुडते हुए हॉस्पिटल द्वारा समय समय पर निरूशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है। जिससे समाज के ऐसे वर्ग के लोग, जो पैसे के अभाव में ईलाज कराने से वँचित रह जाते हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिल सके। डा. प्रजापति ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य जनपद के आदिवासी, गिरिवासी, बाहुल्य इलाके के लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा देना है।



स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को महिलाओं ने मलदहिया चौराहा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के पास से नगर की महापौर मृदुला जायसवाल ने महिला स्कूटी तिरंगा यात्रा की 'तिरंगा स्कूटी यात्रा को रवाना किया जिसमें काशी की सैकड़ों महिलाओं ने स्कूटी तिरंगा यात्रा में भाग लिया

# भाषण प्रतियोगिता में आर्या चौबे को मिला प्रथम स्थान

**बीजपुर/सोनभद्र।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी के संरक्षण एवं एवं संस्था के कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी कैम्पस के निर्देशन में शनिवार को शक्तिनगर परिसर में छात्र छात्राओं हेतु आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं हेतु भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 15 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें बी ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आर्या चौबे प्रथम बी ए प्रथम सेमेस्टर की ही ज्योति कुमारी द्वितीय तथा बी एफए चतुर्थ सेमेस्टर के आदित्य कुमार को तृतीय स्थान का विजेता घोषित किया गया। सांत्वना पुरस्कार बी कॉम द्वितीय सेमेस्टर की राकिया खातून एव प्रियंका को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में वरिष्ठ प्राध्यापक डा अनिल कुमार दुबे तथा डा अर्पणा त्रिपाठी रही। प्रतियोगिता का संयोजन एवं संचालन सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ मानिक चंद पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा प्रदीप कुमार यादव डॉ छोटेलाल डॉ रणवीर सिंह इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# प्रेमिका ने फांसी लगा ली, प्रेमी ने पिया जहर

## नाबालिग लड़की की मौत, किशोर की हालत गंभीर

**बुलंदशहर।** जिले की स्याना कोतवाली इलाके में एक नाबालिग लड़की ने अपने प्रेमी के घर फांसी लगाकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली जबकि उसके नाबालिग प्रेमी ने भी जहर पी लिया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, स्याना कोतवाली इलाके के एक गांव की रहने वाली करीब 16 वर्षीय लड़की का पड़ोस में रहने वाले अपने हमउम्र लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात लड़की अपने प्रेमी के घर पहुंच गई, जहां उसने फांसी लगा ली जबकि उसके प्रेमी ने जहर खा लिया। शनिवार सुबह लड़की का शव प्रेमी के घर पर लटका हुआ मिला जबकि उसका प्रेमी बेहोशी की हालत में मिला। उसे इलाज के लिए हायर मेडिकल सेंटर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, गांव के रहने वाले बसंत शर्मा ने बताया कि लड़की ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती थी और आज सुबह ही पुलिस को मामले की जानकारी मिली। पुलिस अधीक्षक (नगर) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि लड़की का शव लड़के के घर से बरामद हुआ है। दोनों की उम्र 16-17 साल के बीच की है। उन्होंने बताया कि लड़की का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

**जंगली जानवर के हमले में व्यक्ति की मौत:** लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले में एक गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है। अधिकारियों का कहना है व्यक्ति किसी जंगली हिंसक जानकवर का शिकार हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव शनिवार की सुबह जिले के दक्षिण खीरी वन मंडल के गोला रेंज के अंतर्गत पुनर्भु ग्रांट गांव के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। यह इलाका गोला-अलीगंज मार्ग पर अंबारा के जंगलों के पास है। गोला रेंज के वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में बाघ प्रजाति के हिंसक जानवरों की गतिविधियों को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ), दक्षिण खीरी वन प्रभाग, संजय बिस्वाल ने संपर्क करने पर पीटीआई-भाषा को बताया, बाघ प्रजाति के जानवर के हमले में एक युवक के मारे जाने की सूचना मिली है।

**किसान की धारदार हथियार से हत्या:** संभल। जिले के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने एक किसान की उसके खेत में किसी धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक जायसवाल ने बताया कि चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ गांव में विजय कुमार (38) अपने खेत पर थे। शुक्रवार देर रात अज्ञात व्यक्तियों ने खेत पर कुमार की धारदार हथियार से हत्या कर दी।



प्रयागराज में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज के साथ छात्रों ने लिया हिस्सा

# नौका दुर्घटना में आठ शव और बरामद

आलोक निगम। बांदा

**नाव** पलटने के हादसे में शनिवार को 8 शव और बरामद हुए हैं। शुरुआती दौर में तीन लाशें मिली थी। जिलाधिकारी ने बताया कि इन 8 शवों का पोस्टमार्टम फतेहपुर जनपद में होगा। इस बीच तीन मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख की आर्थिक मददद दी जा चुकी है। यह जानकारी जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उधर, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने बताया कि 6लोगों की शिनाख्त हो चुकी है, दो के पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।` मरका के घटनास्थल पर आज केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान पहुंचे। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने हादसे में जान गवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उनको सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।



केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति ने जिला प्रशासन को बचाव एवं राहत कार्य तेज करते हुए लापता लोगों को शीघ्र तलाशने के लिए निर्देशित किया। बांदा के मरका में कल यमुना नदी पार कर रहे लगभग 3 दर्जन यात्री नाव के असंतुलित हो जाने से भंवर मैं फस् कर डूब गए थे। इनमें से 17 लोगों को जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से बचा लिया गया था। इस दर्दनाक हादसे में 4लोग अभी भी लापता हैं जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है। कल रात घटनास्थल पर पहुंची एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार लापता लोगों को तलाशने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।

फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तिवारी ने` शनिवार को बताया, थाना क्षेत्र में यमुना से सात शव बरामद किए गए हैं, इनमें एक शव एनडीआरएफ की टीम मरका ले गई है। छह शव थाना परिसर में रखे हैं, जिनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। ए शव घटनास्थल से करीब 15-20 किलोमीटर दूर बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र के समगरा गांव के घाट से 30 से अधिक लोग नौका में सवार होकर यमुना नदी पार कर फतेहपुर जिले के कौहन घाट जा रहे थे, तभी बीच जलधारा में नौका डूब गई थी।

## मुख्तार की पत्नी की छह करोड़ से अधिक की संपत्ति कर ली गई जब्त

**गाजीपुर।** जिला प्रशासन ने शनिवार को गाजीपुर सदर के रजदेपुर और नंदगंज क्षेत्र के फतेहुल्लहपुर में बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी के मालिकाना हक वाली 0.394 और। .507 हेक्टेयर जमीन जब्त कर ली, जिसकी कीमत छह करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गिरोहबंद अधिनियम के तहत यह जमीन जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, अफशां अंसारी के नाम पर अवैध कमाई से खरीदी गई गाजीपुर सदर के रजदेपुर में स्थित 0.394 हेक्टेयर भूमि तथा नंदगंज के फतेहुल्लहपुर में स्थित 1.507 हेक्टेयर भूमि को नियमानुसार मुनादी कराकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहन पी बोत्रे के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आज जब्त कर लिया। जब्त की गई जमीन की कीमत छह करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेशानुसार गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत आज उपरोक्त संपत्तियां कुर्क की गई।

## डीएम व एसपी की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

### शहर भ्रमण के दौरान जनमानस ने बरसाये फूल

**गोंडा।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी डा. उज्जवल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के अगुवाई में शुक्रवार को गुरुनानक चौराहा से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे जिला प्रशासनए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही मिडियाकर्मी शामिल रहे। इस मौके पर यात्रा का जगह जगह आम जनमानस द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका हौसला बढ़ाया। यह तिरंगा यात्रा गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहाए एकता चौकए पीपल तिराहा होते हुए वापस गुरुनानक चौराहे पर आकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने देश प्रेम का संदेश देते हुए सभी को अपने घरों एवं कार्यालयों पर तिरंगा लगाने हेतु आमजन को प्रेरित किया। इस तिरंगा यात्रा में सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतमए प्रशिक्षु उपाधीक्षक शिल्पा वर्माए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज सिंहए देहात कोतवाल करुणाकर पांडेयए प्रभारी निरीक्षक महिला थानाए प्रभारी यातायातए मीडियाकर्मी व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## बजाज चीनी मिल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गोंडा।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को बजाज चीनी मिल की कुन्दरखी यूनिट के ईकाई प्रमुख मनोज सिंह निर्देश और कारखाना प्रबंधकध्मानव संसाधन प्रमुख एनण्केण् शुक्ला के देखरेख में अधिकारियोंए कर्मचारियोंए सुरक्षाकर्मियों के साथ.साथ चीनी मिल क्षेत्र के किसानों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह जानकारी देते हुए कारखाना प्रबंधक श्री शुक्ला ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा चीनी मिल परिसर से निकल कर कहोवा पुलिस चौकीए मझगांवाए खिरीयाए डुमरियाडीहए वनघुसराए वीरपुर विसेनए मलथुआ सहजोतए विरवा बभनीए दर्जीकुआंए काजीदेवरए कुन्दरखी गांव होते हुए चीनी मिल गेट पर पुनः आकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में तिरंगा रथए लगभग 250 मोटरसाईकिलए 25 चार पहिया वाहनों के साथ सैकड़ों साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से केन हेड एनण्केण् दूबेए उप प्रबन्धक हरीश सिंहए संजीव पांडेयए डाण् आरण्केण् मौर्यए फूलचन्द शुक्लाए प्रषानिक अधिकारी श्रवण पाण्डेयए अर्पित शुक्ला आदि मौजूद थे।



## एलबीएस की तिरंगा रैली आज

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज द्वारा आगामी 14 अगस्त को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली लोहिया धर्मशाला से प्रातः 9रू00 बजे प्रारंभ होकर महाविद्यालय के मुख्य प्रांगण में राष्ट्रगान के साथ संपन्न होगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि रैली को जिलाधिकारीध्अध्यक्ष प्रबंध समिति डाण् उज्जवल कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी। रैली में उपाध्यक्ष प्रबंध समिति वर्षा सिंहए सचिव उमेश शाह सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्यगणए महाविद्यालय के शिक्षकए कर्मचारी एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

## पीए सिस्टम से एसपी ने थानों व जनमानस को किया संबोधित

**गोंडा।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ ;अमृत महोत्सव तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पीए सिस्टम व कंट्रोल रूम के माध्यम सभी थानों और आम जनमानस को बधाइयां देकर हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने पीए सिस्टम व कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी से अपील किया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान घर.घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत अपने घरोंध् प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए कटिबद्ध एवं संकल्पित है। आपको यदि किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो अपने नजदीकी थानाध्चौकी अथवा डायल.112 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। थानों में महिला हेल्प डेस्क और साइबर अपराधों से निपटने के लिए साइबर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।साइबर अपराध की समस्या आने पर आप तत्काल 1930 को कॉल कर सकते हैं। साइबर अपराध की समस्या आने पर आप तत्काल 1930 को कॉल कर सकते हैं। महिलाओं और बच्चों को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा गांव.गांव व स्कूलों में जाकर जागरूक किया जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर परंपरागत रूप से उत्साह के साथ अपने त्यौहार मनाए व अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर किसी आपत्तिजनक अफवाह को न ही लाइक करेंए न ही शेयर करें। साथ ही अपने आस.पास नजर रखेंए कोई संदिग्ध वस्तुध्व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस व डायल.112 को दें। यह भी कहा कि आपने समय.समय पर जो जनसहयोग प्रदान किया हैए उसके लिए गोंडा पुलिस आपकी आभारी है।



## पाकिस्तान का झंडा फहराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में एक व्यक्ति को उसके घर पर पाकिस्तान का झंडा फहराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कुशीनगर के अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने शनिवार को घटना की पुष्टि करते हुए पीटीआई-भाषा को बताया, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जिले के तरिया सुजान थाना क्षेत्र के वेदुपर मुस्तक्किल गांव में एक घर पर झंडा फहराया गया। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैै उन्होंने कहा कि पुलिस को इसकी सूचना मिलते हीै गैर-राष्ट्रीय ध्वजै को हटा दिया गया। सिंह ने यह भी कहा, ैगिरफ्तार आरोपी की पहचान सलमान (21) के रूप में हुई है। सलमान और झंडा बनाने में उसकी मदद करने वाली बुआ शहनाज (22) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा सलमान के चचेरे भाई इमरान के खिलाफ झंडा फहराने में मदद करने के मामले में भी किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हैै

## बन्धन से आजादी की ओर विषय पर हुयी परिचर्चा, चला स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** सरकार द्वारा दिए गए दिशा.निर्देशों के क्रम में ष्आजादी का अमृत महोत्सवष् तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के सत्यनिष्ठा हाल में ब्रह्माकुमारीज संस्था के तत्वावधान में बन्धन से आजादी की ओर विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस मौके पर संस्था की स्थानीय सेवा केन्द्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी इंद्रा दीदी के द्धारा निदेशालय के सभी कर्मचारियों अधिकारियों को तिरंगा झंडा वितरित कराया गया। इसके अलावा निदेशालय भवन में तिरंगा लाइटिंग की व्यवस्था के साथ सेल्फी स्टैण्ड सहित स्टैण्डी तथा फ्लैक्स आदि भी लगाए गए। इसके साथ ही प्रभारी निदेशक साजिद आज़मी द्वारा सहयोगी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही कार्यक्रमों के क्रम में कल 14 अगस्त को जन.जागरूकता अभियान तथा 15 अगस्त को ध्वजारोहण तथा इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्कृति विभाग के सौजन्य से निदेशालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जायेगा।

## सहारनपुर में सड़क हादसे में दो व्यक्तियों की मौत

**सहारनपुर।** देवबंद थाना क्षेत्र के देवबंद-नानौता मार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई भाषा को बताया कि देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम भायला का निवासी नितिन (25) मोटरसाइकिल से बडगांव से लौट रहा था, तभी दूसरी ओर से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उसकी भिड़ंत हो गई। राय ने बताया कि नितिन के साथ ही दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार रामपुर मनिहारान के ग्राम कजौली निवासी सरफराज तथा उसके पीछे बैठे उसके रिश्तेदार जमील और अकील भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नितिन और सरफराज (45) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म, मामला दर्ज:** अमेठी। अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव मे 14 वर्षीय दलित नाबालिग लड़की के साथ तीन युवको द्वारा कथित दुष्कमे का मामला सामने आया है।

## होर्डिंग में योगी की तस्वीर हटा दी गई प्राथमिकी दर्ज

**फिरोजाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत यहां लगाए गए होर्डिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर को विरूपित करने के मामले में शनिवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगाए गए तीन होर्डिंग से मुख्यमंत्री की तस्वीर हटाई गई है। उन्होंने बताया कि दो प्रथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और होर्डिंग को बदला जा रहा है। पुलिस ने बताया कि होर्डिंग क्षतिग्रस्त करने वालों की पहचान करने के लिए नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला अध्यक्ष राकेश शंखवार ने दावा किया कि छह स्थानों पर होर्डिंग विरूपित की गई है।

# अगले साल दिसंबर से कर सकेंगे रामलला के दर्शनः चम्पत राय

### मंदिर निर्माण का कार्य बहुत अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है और ऐसे में दिसम्बर 2023 तक मंदिर दर्शन करने योग्य हो जाएगा

**सुलतानपुर।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि जन मानस दिसंबर, 2023 से श्रीरामलला के भव्य मंदिर का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर में शानदार नक्काशी कराई गई है और उत्तर भारत में ऐसा विशाल भव्य मंदिर और कहीं नहीं होगा। सुलतानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रक्षा बंधन उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने आए राय ने शुक्रवार को कहा, सुलतानपुर अयोध्या से नजदीक है इसलिए यहां के लोगों को दिसम्बर 23 में श्रीराम लला के दर्शन का न्योता दे रहा हूं। उन्होंने कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए मंदिर निर्माण की तकनीकी जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य बहुत अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है और ऐसे में दिसम्बर 2023 तक मंदिर दर्शन करने योग्य हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में लोहे का उपयोग नहीं हो रहा है और कांक्रीट के ऊपर पत्थर लगाए जा रहे हैं। राय ने कहा कि यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जिस तरह की नक्काशी और डिजाइन से मंदिर बन रहा है कि श्रद्धालु देखते रह जाएंगे।



# आन, बान और शान का प्रतीक है तिरंगा

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को देश के नागरिकों से तिरंगे की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह सिर्फ झंडा नहीं बल्कि आन, बान और शान का प्रतीक है और इससे हम सब को प्रेरणा लेनी चाहिए। आजादी का अमृत महोत्सव पर्व पर आयोजित तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने शनिवार को यहां पहुंचे नड्डा ने राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी भावनाएं प्रकट करते हुए कहा, यह समर्पण का चिन्ह है, राष्ट्र के निर्माण का चिन्ह है। पांच हजार बाइक सवारों के साथ नड्डा भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष ने शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। वह अमर जवान ज्योति भी गए और 1857 की क्रांति के नायकों का पुण्य स्मरण किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, मेरठ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और यह मेरा सौभाग्य है, मैं ऐतिहासिक नगरी में आया हूं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भी क्रांतिकारी भूमि से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह वीर भूमि है, देश को देश प्रेम के साथ जोड़ेंगे और आज देश राष्ट्र की भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि तिरंगे में धर्म चक्र है और धर्म चक्र का मतलब है कि यह देश कानून से चलता है।



**चौराहा बना अवैध बस स्टैंड, आवागमन बाधित:** जालौन (उरई)। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे पर वाहनों का अवैध स्टैंड बना हुआ है। फुटपाथ व मुख्य मार्ग पर खड़े होते अवैध वाहनों के कारण आवागमन प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उरई-जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हनुमानजी के मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर किराए से चलने वाली कारें, बस आदि वाहन खड़े रहते हैं। इसके साथ ही चुर्खी रोड पर लगे वाटर कूलर के बगल में अवैध रूप से किराए पर मिलने वाली कारें खड़ी रहती है। सड़क व फुटपाथ पर चल रहे अवैध स्टैंड से राहगीरों को परेशानी होती है। मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े होने के कारण मंदिर आने जाने वाली महिला भक्तों को दिक्कत होती है। सड़क पर लगे वाहनों के कारण सड़क से निकलने वाले वाहन न दिखने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# तिरंगा यात्रा निकाल बनाई मानव श्रृंखला

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या






**आजादी के** अमृत महोत्सव पर मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय स्थित बाजार इनायत नगर से सेवरा मोड़ तक अयोध्या सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरुक किया गया। इस श्रंखला में विद्यालय के छात्र छात्राओं एभाजपा कार्यकर्ता व तहसील क्षेत्र के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया मानव श्रृंखला में लगभग 7000 लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में तहसील स्थित इनायत नगर भारतीय स्टेट बैंक से सेवरा मोड़ तक क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों एवं प्राइवेट विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र.छात्राएं तहसील क्षेत्र के विभागों के अधिकारी कर्मचारी भाजपा के अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय जनता ने बृहद मानव श्रृंखला बनाकर देशभक्ति के जज्बे से लबरेज लोगों ने भारत माता की जयए इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते श्रृंखला में मौजूद पुरुष एवं महलाएं तथा छात्र छात्राएं नजर आए।

तथा गहनाग मंदिर के सामने से थाना कोतवाली इनायतनगर सामने तक तिरंगा रैली भी श्रृंखला में मौजूद लोगों द्वारा निकाली गई। खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मनीष मौर्य ने कहा कि जिस तरह लोग आजादी की अमृत महोत्सव में शामिल हो रहे हैं वह बहुत ही गौरव की बात है। क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने कहा कि यह उत्सव स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष हम अमृत महोत्सव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में मना रहे हैं सभी सरकारी और सरकारी संस्थाएं राजनीतिक पार्टियां भी अपने स्तर पर इस उत्सव में भागीदारी के लिए घर.घर तिरंगा फ्हराया जाने की अपील कर रहे है।इस मौके पर उप जिला अधिकारी अमित जायसवालए तहसीलदार हेमंत गुप्ताए बीडीओ हैरिंग्टनगंज अनीश मणि त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर ऋचा सिंह, प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह, शिक्षिका सीमा गुप्ता, ज्योति देवी, वंदना सिंह प्रेमा देवी ऋचा त्रिपाठी, शिक्षक विजय कुमार सिंह, रविंद्र शर्मा समेत विद्यालयों के छात्र.छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर संतों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**● वंदे मातरम भारत माता की जय से गुंजायमान हो उठी श्री रामलला की जन्मस्थली अयोध्या**

**संवाददाता।** अयोध्या


अमृत महोत्सव की तिरंगा यात्रा में शामिल होते संत महंत

**सीताराम** सीताराम के धूल से गुंजायमान होने वाली भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या 13 अगस्त को सुबह से ही भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद के नारे से गुंजायमान हो उठी यह मौका था आजादी के अमृत महोत्सव का जब देश को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे होने वाले हैं और कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आवाहन किया था कि 13 तारीख से 15 तारीख शाम 5 बजे तक हर देशवासी अपने घर पर तिरंगा लगाए इसी की अलख जगाने के लिए अयोध्या की सड़कों पर सुबह हजारों की संख्या में गलियों से संत निकले और पूरी राम नगरी वंदे मातरम से गुंजायमान होगी। राम की पैड़ी से लगभग 9 बजे अयोध्या के सिद्ध पीठ श्री राम वल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास मां सरयू के पावन तट पर स्थित लक्ष्मण किला के पीठाधीश्वर मैथिली रमण शरण, जगतगुरु रामदिनेशाचार्य, जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य, मंगल पीठाधीश्वर कृपालु राम भूषण दास महाराज, हनुमत निवास के महंत मिथिलेश नंदनी शरण, महंत वैदेही बल्लभ शरण, डांडिया मंदिर महंत गिरीश दास, तुलसीदास छावनी महंत जनार्दन दास, श्री राम आश्रम के महंत जयराम दास, राघवेंद्र भवन के महंत शिवराम दास, महंत गणेशानंद दास महंत राम मिलन दास, मधु करिया संत एमबी दास, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा महानगर महामंत्री परमानंद मिश्र, महापौर मीडिया प्रभारी आशीष मिश्र सहित शिवदयाल सरस्वती विद्या मंदिर व गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के बच्चों सहित हजारों की संख्या में संत महंत एवं गृह हाथों में तिरंगा लेकर के 3 किलोमीटर टेढ़ी बाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली और लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर राजकुमार दास महाराज ने कहा कि देश 75 वर्ष पहले आजाद हुआ था और राष्ट्र की साल में ही हमारी शान है इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव में हर व्यक्ति को सम्मिलित होना चाहिए और अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए। लक्ष्मण किला महंत मैथिली रमण शरण महाराज ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने में जितना योगदान दिया जाए वह कम है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है और जब यूक्रेन युद्ध में दूसरे देश के बच्चे फंसे थे तो हमारे तिरंगे को लेकर के बाहर आए और किसी ने कुछ नहीं कहा यह है हमारी तिरंगे की अहमियत इसके लिए जितना किया जाए वह कम है। जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य ने कहा कि तिरंगा हर हिंदुस्तानियों का हृदय है। मंगल पीठाधीश्वर कृपालु राम भूषण दास महाराज ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है इसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है आज हमें महोत्सव मनाने का मौका मिला है तो दिल से मनाना चाहिए और हर घर तिरंगा लगना चाहिए।

## प्रयागराज में लिवर रोग के लिए व्यापक ओपीडी सेवाएं शुरू

**प्रयागराज।** प्रयागराज में लिवर रोगों के लिए व्यापक ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की गयी है। लोगों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के वादे को आगे बढ़ाते हुए जे पी हॉस्पिटल नोएडा ने यह शुरुआत इलाहाबाद में की है। गैस्ट्रो के विशेषज्ञ डा आलोक मिश्र ने कहा जब लिवर ठीक तरह से काम करता है तो खून साफ होता है। यह भोजन को पचाने और इन्फेक्शन से लड़ने में मदद करता है। यह भोजन में मौजूद पोषक तत्वों को ऐसे उत्पादों में बदलता है जो शरीर की सही कार्यप्रणाली के लिए ज़रूरी हैं। ऐसे में यह शरीर के मेटाबोलिज़्म और इम्यून सिस्टम को ठीक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के दौर में जीवनशैली में आए बदलावों पश्चिमी आहार के बढ़ते चलन गतिहीन जीवनशैली और एल्कॉहल के सेवन की वजह से भारत में लिवर रोगों के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के जे पी हॉस्पिटल के मिशन के तहत यह ओपीडी सेवाएं शुरू की गई हैं। अस्पताल की ओर से ओपीडी माह के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक ऐस गैस्ट्रो केयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में होगी। जिसमें स्पेशलटी लिवर ट्रांसप्लान्ट एसोसिएशन डा आलोक मिश्र डीएम ऐस गैस्ट्रो केयर एण्ड मल्टीस्पेशलटी और डा पुनीत सिंगला एडीशनल डायरेक्टर डिपार्टमेन्ट ऑफ लिवर ट्रांसप्लान्ट एण्ड सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलोजी अपनी सेवाएं देंगे। लिवर रोगों के बढ़ते बोझ के बारे में डा पुनीत सिंगला एडिशनल डायरेक्टर डिपार्टमेन्ट ऑफ लिवर ट्रांसप्लान्ट एण्ड सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलोजी जेपी हॉस्पिटल ने कहा कि हर साल भारत में लाखों लोग लिवर रोगों का शिकार होते हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक यह मृत्यु का दसवां सबसे बड़ा कारण है। भारत में लिवर रोगों का बोझ बहुत अधिक है। 2015 में दुनिया भर में लिवर रोगों के कारण हुई दो मिलियन मौतों में से 18.3 फीसदी मौतें भारत में हुई। लिवर रोगों पर नियन्त्रण की बात करें तों जीवनशैली में कुछ बदलाव लाना बहुत ज़रूरी होता है जैसे वज़न कम करना कॉलेस्ट्रॉल कम करना।

# विधायक ने वितरण के लिए राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया

**संवाददाता।** अयोध्या



**विधायक वेद** प्रकाश गुप्ता ने अपने कैंप कार्यालय पर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में वितरण हेतु राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया। सभी मंडल में वितरण के लिए पांच पांच हजार राष्ट्रीय ध्वज मंडल अध्यक्षों को दिए गए । इसके उपरांत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रिकाबगंज चौराहे पर आने जाने वालों के बीच तिरंगे का वितरण किया। और चौक से लेकर फ्तेहगंज तक हर घर तिरंगा वितरित किया तथा लोगों को घर.घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक भी किया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमें उन शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहिए जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। हमें अपने गौरवशाली इतिहास को सदा अपनी स्मृतियों में कैद रखना चाहिए। भारत आज आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से गतिशील है । आतंक के खिलाफ भारत के नेतृत्व द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना वैश्विक स्तर पर हो रही है उत्तर प्रदेश को भयमुक्त परिवेश प्रदान किया गया है । निवेशकों की प्राथमिकता उत्तर प्रदेश बनता जा रहा है। जिससे यहां रोजगार सृजन होगा और यूपी समृद्धि की राह पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, बाल कृष्ण वैश्य, राकेश मड़ी पार्षद राजेश यादव देवेंद्र मिश्रा आनंद अग्रहरि अवि आनंद संदीप मध्यान सुप्रीत कपूर शोभित कपूर सहित कार्यकर्ता व व्यापारी मौजूद रहे। उधर, रुदौली विधानसभा के सुजागंज मंडल में वाजिदपुर से सीवन होते हुए जखोली तक भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगो को जागरुक किया गया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर हमें उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है कि हर घर अभियान में स्वयं जुड़े और दूसरों को जुड़ने के लिए प्रेरित करें। अगर किसी के बीच में कोई वैचारिक मतभेद है तो उसे भुलाकर अभियान में अपने पूरे सामर्थ्य से योगदान देना हमारा कर्तव्य है। इस कर्तव्य को निभाने के लिए हर भारतवासी तैयार है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सरबजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष गोविंद पाण्डेय, जिला महामंत्री अशोक कसौधन, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष किशोरीलाल भारती, पिछला मोर्चा के महामंत्री सुधीर गुप्ता, रामदीन वर्मा, विजय शंकर शुक्ला, उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**वर्षगांठ** के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के बड़े रिटेल फॉर्मेट स्टोर्स के बीच भारत के सबसे पसंदीदा फास्ट फैशन डेस्टिनेशन में से एक पैंटालून्स ने हाल ही में कोलकाता के साउथ सिटी मॉल में अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई। फिल्म अभिनेता परमब्रत चटर्जी और प्रियंका सरकार ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पैंटालून्स ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के मौके पर अपना ब्रांड एंथम भी रिलीज किया। जिसे टेरेंस लुईस की कंटेम्परेरी डांस कंपनी द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। संगीता पेंडुरकर सीईओ पैंटालून्स जयपोर एवं स्टाइल अप आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने कहा पैंटालून्स भारत के सबसे पसंदीदा फैशन रिटेल ब्रांडों में से एक है। पच्चीस साल पूरे होने पर सभी लोगों का आभार जताया। जिन्होंने हमें अपना सहयोग दिया। हम आगे भी अपने लोगों के लिए शॉपिंग के अनुभव को बेहद मजे़दार और आकर्षक बनाना जारी रखेंगे। इसने 25वीं वर्षगांठ समारोह के उपलक्ष्य में नया ब्रांड एंथम जारी किया।

# भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के नाम पर हुए भवन

**● मुविवि में आवासीय भवनों का नामकरण**

**● आरएएफजवानों के साथ मनाया आजादी का अमृत महोत्सव**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज


कुलपति को तिरंगा देते कमांडेंट

**राजर्षि टंडन** मुक्त विश्वविद्यालय ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को आवासीय परिसर के भवनों का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर किया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने शिक्षकों के लिए आबंटित टाइप थ्री आवास का नामकरण महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह के नाम पर किया। इसी प्रकार शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए आबंटित टाइप टू भवन का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी झलकारी बाई के नाम पर तथा चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के लिए टाइप वन के भवन का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के नाम पर किया गया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारियों के परिजनों में भी देशभक्ति का जोश भर दिया। प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर ओम जी गुप्ता कार्यक्रम संयोजक डा ज्ञान प्रकाश यादव एवं आयोजन सचिव डा अमरेंद्र कुमार यादव ने कुलपति प्रो सीमा सिंह का स्वागत किया। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कुलपति प्रो सीमा सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में 101 रैपिड एक्शन फोर्स के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का उद्घोष किया। पूरा कार्यक्रम देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा। 101 वीं बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कुलपति प्रो सीमा सिंह को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया। 101 आर ए एफ के उप कमांडेंट बृजेश कुमार दुबे कुलसचिव प्रो पी पी दुबे प्रो ओमजी गुप्ता प्रो जी एस शुक्ल प्रो सत्यपाल तिवारी प्रो पी के स्टालिन प्रो पी के पांडेय प्रो एस कुमार प्रो रुचि बाजपेई प्रो जेपी यादव आदि उपस्थित रहे।मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को भी कार्यक्रम होंगे।

## क्राांतिकारी विचारों को लेकर सराहनीय पहल

**प्रयागराज।** अभियान के साथ क्रांतिकारी विचार लाते हुए इस साल मार्च में बीएल एग्रो ने इस तथ्य को सामान्य बनाया कि खाना पकाना किसी लिंग विशेष का काम नहीं है। रक्षाबंधन नजदीक आते ही कंपनी इस त्यौहार के मौके का लाभ उठाते हुए इस पहल को बढ़ाना चाहती है। जो इस पूर्वकल्पित धारणा को खत्म करती है कि रसोई की सभी जिम्मेदियां सिर्फ महिलाओं की होती हैं।बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक आशीष खंडेलवाल ने कहा भाई बहन के बीच सुरक्षात्मक रिश्ता कितना चलता है। कंपनी दुनिया को यह कॉन्सेप्ट दूसरे नजरिए से और भाई बहन के बीच प्यार के दृष्टिकोण से दिखाना चाहती है। इसके लिए कंपनी ने अपने ब्रांड नॉरिश की ओर से उमर भर का वादा डिजिटल अभियान लांच किया। अभियान दिल की गहराइयों से दोनों उद्देश्यों रसोई में पुरुषों और भाई बहनों के प्यार की पवित्रता का प्रचार करता है और हमारी भावनाओं को जागृत करता है।

## 75 लाभार्थियों को वितरित किए गए कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र

**पुखरायां, कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय के वैंक्विट हाल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कल्याणकारी योजनाओं के 75 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। नायब तहसीलदार मनीष कुमार द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण वितरित किये जाने थे। उनके न पहुंचने पर प्रतिनिधि अशोक कुमार सचान की अगुवाई में आवास, कृषि एवं मछली पालन के पट्टे के 15-15 और कृषक दुर्घटना 10 एवं अन्य योजनाओं से समेत 75 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। उपजिलाधिकारी अजय कुमार राय, तहसीलदार अनीता शेखर भी मौजूद रहे।

## बलात्कार के आरोपी ने मानसिक तनाव के चलते लगाई फांसी

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के सुनरापुर के बंजारन डेरा में बलात्कार के एक आरोपी ने मानसिक तनाव के चलते ट्यूबवेल के पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बंजारन डेरा सुंनरापुर निवासी रामऔतार ने बताया कि उसका पुत्र कुलदीप (22) कुछ महीने पहले एक युवती युवती के आरोप लगाने पर बलात्कार के जुर्म में जेल भेजा गया था। जमानत मिलने पर जब घर आया तो मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। वह भोगनीपुर थाना क्षेत्र के कल्ला निवासी राम सिंह सचान के ट्यूबवेल में रखवाली करता था। शुक्रवार की रात कुलदीप ने ट्यूबवेल में लगे पंखे में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई है। नलकूप में सबेरे कुछ लोग गए तो पता चला। पिता ने भोगनीपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर भोगनीपुर पुलिस ने मौके पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अफसरों के सामने अब सेल्फी प्वाइंट बनाने की नयी उलझन

**● शासन ने जारी किया नया फरमान**

**● शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मॉल्स पार्क, शिक्षण संस्थानों में बनाना है सेल्फी प्वाइंट**

**● तिरंगा के साथ फोटो भी करनी है अपलोड**

**● अपलोड फोटो बताएंगी जिले का हर घर तिरंगे का काम**

**फतेहपुर।** स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे देश में 11 से 17 अगस्त तक चलने वाले अमृत महोत्सव सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। सरकार नित नए आदेश जारी कर हर घर तिरंगा अभियान को उल्लास पूर्वक मनाए जाने के निर्देश दे रही है। शासन के एक नए आदेश में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने के आदेश सांस्कृतिक अनुभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने दिए हैं। 15 अगस्त के बीच आवासीय एवं गैर आवासीय स्थलों में तिरंगा फ्हराया जाना है। तिरंगे के साथ सेल्फी लेने एवं उसे पोर्टल पर अपलोड करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करने को कहा गया है। विभिन्न माध्यमों से इसके लिए जागरूकता पैदा करने के अलावा शॉपिंग मॉल्स, मार्केट, कॉलेज, विश्वविद्यालय, शैक्षणिक संस्थानों, शहीद स्मारक, पुरातात्विक स्मारक पार्क एवं शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को कहा गया है। लोगों से सेल्फी अपलोड कराने में एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्काउट-गाइड, नेहरू युवा केंद्र, विभिन्न नागरिक संगठनों के वालंटियर से सहयोग लेने के निर्देश प्रमुख सचिव ने दिए हैं। जनपद की प्रगति भी पोर्टल पर पिन किए गए झंडो एवं सेल्फी से ही आंकी जानी है। शासन से अचानक आए एक नए आदेश ने अफसरों की उलझन को और बढ़ा दिया है।

## तिरंगा यात्रा में भव्य झॉकी ने लोगों का मन मोहा

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही तिरंगा यात्रा तथा भव्य झांकी ने लोगों का मन मोह लिया तिरंगा यात्रा में भारी भीड़ तथा डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों ने लोगो में कई गुना उत्साह भर दिया।

रसूलाबाद क्षेत्र के तिश्ती में वीपीएसपी इंटर कॉलेज में तिरंगा यात्रा को सेवानिवृत्त कैप्टन देवेंद्र त्रिपाठीएशैलेंद्र त्रिपाठी कैप्टनए व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव ने झंडी दिखाकर विद्यालय परिसर से रवाना किया। तिरंगा यात्रा में लगभग सात सैकड़ा लोग सम्मिलित हुए। भारत माता की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्प अर्पित किए तथा सुभाष चंद्र बोस व चंद्रशेखर आजाद का अभिनय कर रहे बच्चों ने मन मोह इस मौके पर प्रमुख रूप से इंद्रपाल सिंह, धर्मपालएसपन शुक्ला, अतुल यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, कुलदीप कुरील जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, क्षितिज शुक्ला, शुभम पाल, अर्पित तिवारी, अब्दुल रहुफ बबलू पाठक, सत्यनारायण मिश्रा, अमर सिंह, आजाद चौरसिया, रामजी, मयूर गुप्ता, हरिओम गुप्ता, जितेंद्र यादव, सूर्यभान सिंह, मानस मिश्रा, बाल गोविंद पांडे, विपिन पाल, अर्पिता, नीलम दीप्ति सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वर्मी कंपोस्टिंग व मोटे अनाज के उत्पादन पर गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता।** फतेहपुर

**आजादी के** अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन कृषि विज्ञान केंद्र थरियाव में वर्मी कंपोस्टिंग एवं मोटे अनाज का उत्पादन एवं भोजन में महत्व विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. साधना वैश ने मुख्य अतिथि एवं कृषकों का स्वागत तथा कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि लोगों ने मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार, मक्का, सवा, कोदो इत्यादि का सेवन अपने खान पान मे लगभग बन्द कर दिया है, परन्तु ये कैल्शियम, आयरन, जिंक, सेलिनीयम व कई प्रकार के अमीनो एसिड से भरपूर होते हैं। वही इनमें फाईबर भी प्रचुर मात्र में होता है जो इम्युनीटी बढ़ाने के साथ ही पाचन तंत्र भी मजबूत रखता है। उन्होंने मोटे अनाज के मूल्य सवर्धन पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व सस्य वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र सिंह ने विभिन्न प्रकार के मोटे अनाजों की सस्य तकनीकि की व्यापक जानकारी कृषकों को दी। डॉ. नौशाद आलम ने वर्मी कम्पोस्ट के विभिन्न व्यवसाय व उसके महत्व पर चर्चा की। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार पांडेय ने पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बिमारियों व उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। डॉ. पृथ्वी पाल ने गुणवत्तापूर्ण सब्जी व उनके बीज उत्पादन तकनीक के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। डॉ. जगदीश किशोर ने मोटे अनाजो की फसल एवं भंडारण सुरक्षा प्रबंधन के बारे में बताया। डॉ0 अलका कटियार ने मोटे अनाज की खेती में महिलाओं की भुमिका पर चर्चा की। डॉ. वसीम खान ने मोटे अनाजों के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन में मौसम के प्रभाव पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक करन पटेल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**विवादित भूमि पर लगे बरगद के पेड को दबंगों ने उखाड़ा:**हुसैनगंज (फ्तेहपुर)। थाना क्षेत्र के तूरीपर मजरे लकडी बसावनपुर गांव में विवादित भूमि पर लगे पेड़ को दबंगों ने पुलिस के सामने उखाड़ कर फेंक दिया, इतना ही नहीं भुक्तभोगी को लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुलिस के सामने ही दबंगो ने लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया। तूरीपर गांव निवासी भुक्तभोगी रामकिशोर पुत्र महिपाल ने गत दिनों जिलाधिकारी को दिए गए एक शिकायती पत्र में कहा कि घर के सहन के सामने उसकी भूमि है जिस पर गांव के ही गंगाराम दो वर्ष पूर्व जबरिया भूमि हथियाने के उद्देश्य से कब्जा कर रहे थे। जिस पर काफी विवाद हुआ था और मामला कोर्ट तक पहुंचा। जहां मामला विचाराधीन है।

मदर्स प्राइड पर प्रशासन का होल्ड

# भूमाफिया रमन साहनी की दस करोड़ की संपत्ति जब्त

संवाददाता। सीतापुर

● कोतवाली देहात इलाके में बेनामी संपति की गई जब्त मजिस्ट्रेट की अगुवाई, सीओ सिटी, कोतवाल के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

**सीतापुर में प्रशासनिक** और पुलिस अमले ने भूमाफिया रमन साहनी पर बड़ी कार्रवाई की है। भू माफिया रमन साहनी की बेनामी संपतियों को जब्त कर लिया गया है। जब्त संपति की कीमत लगभग दस करोड़ बताई जा रही है। मदर्स प्राइड स्कूल पर भी प्रशासनिक पहरा बिठा दिया गया है। अब स्कूल का संचालन प्रशासन की देखरेख में होगा। तहसीलदार सदर को मदर्स प्राइड स्कूल का प्रशासन नियुक्त कर दिया गया है। इससे पहले भी भू माफिया रमन साहनी की 25 करोड़ की अवैध संपति जब्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है। शनिवार की दोपहर मजिस्ट्रेट की अगुवाई तथा सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल कोतवाली देहात इलाके में टेड़वा चिलौला, मुबारकपुर और खजुरिया आवासीय पहुंचा। बेनामी संपति पर कार्रवाई का ब्यौरा दर्शाता बोर्ड लगवाने के बाद बैंड बजाकर मुनादी कराई गई। फिर भू माफिया रमन साहनी की बेनामी संपति को जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मदर्स प्राइड स्कूल भी कार्रवाई की जद में आ गया है। प्रशासन ने स्कूल को अपने होल्ड में ले लिया है। मदर्स प्राइड स्कूल का संचालन पूर्व की तरह चलता रहेगा, निगरानी के लिए तहसीलदार सदर को प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। दरअसल, यह स्कूल भी अवैध संपति की जमीन पर बना होना बताया जा रहा है। मदर्स प्राइड स्कूल में अफसरों का काफिला पहुंचा तो हड़कंप मच गया। अब इस स्कूल का संचालन प्रशासनिक अफसरों की निगरानी में होगा। तहसीलदार सदर को मदर्स प्राइड स्कूल का प्रशासक बनाया गया है। वहीं, इस कार्रवाई को लेकर मदर्स प्राइड स्कूल की संस्थापिका मोनिका आनंद ने ऐतराज जताया है। उन्होंने कार्रवाई के विरोध में सरकार से गुहार लगाने की बात कही है।

# ताइक्वाडो प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी का** अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय सीतापुर व जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा शहर के तरणताल स्टेडियम में बालक-बालिका ओपेन वर्ग की ताइक्वाडों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 45 बालकों व 26 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला परियोजना अधिकारी सीतापुर सुधीर गिरि ने किया। प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को अपर जिला जज प्रमोद कुमार यादव ने पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण से पूर्व मुख्य अतिथि का ताइक्वाडों खिलाड़ी आयशा द्वारा बैच लगाकर एवं जिला क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। निर्णायक की भुमिका में अनुभवी रही। प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य भुमिका सुरेन्द्र कुमार लाल, ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक एवं सिविल इंजीनियर पीयूष मिश्रा की रही। ताइक्वाडों प्रतियोगिता के बालक वर्ग ग्रुप 1 में आदित्य वैभव प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय व ग्रंथ सक्सेना तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप 2 में कार्तिकेय मिश्रा प्रथम, मूसा सम्शाद द्वितीय, प्रत्युश सिंह तृतीय रहे। ग्रुप 3 में कनिष्क रावत प्रथम, अक्षत यादव द्वितीय, पूर्णेशचंद तृतीय रहे। ग्रुप 4 में अर्जुन यादव प्रथम, शुफियान द्वितीय, शोभित प्रभाकर तृतीय रहे। ग्रुप 5 में रुद्राक्ष वर्मा प्रथम, ऋषभ रावत द्वितीय, अरनव प्रताप तृतीय रहे। बालिका वर्ग ग्रुप 1 में आरुषी बाजपेई प्रथम, नूरु द्वितीय, प्रतिष्ठा यादव तृतीय रहीं। ग्रुप 2 में मुस्कान सिंह प्रथम, तनिष्का पाल द्वितीय, प्रत्युशा यादव तृतीय रहीं। ग्रुप 3 में उजेशा एश्वर्या प्रथम, ऋषिका द्वितीय, वृन्दा वैष्णवी तृतीय रहीं। ग्रुप 4 में वैष्णवी मिश्रा प्रथम, अनन्या मिश्रा द्वितीय तथा नैना तृतीय स्थान पर रहीं।

# निवेशकों ने कन्हैया गुलाटी के घर किया जोरदार हंगामा

**बरेली ।** अलग-अलग योजनाएं बनाकर उनमें निवेशकों से करोड़ों रुपए का निवेश कराने के बाद कंपनियां बंद कर देने के एक मामले में आज दर्जनों निवेशकों ने कैनविज कंपनी के मालिक के घर के बाहर जमकर हंगामा किया । बारादरी थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन स्थित कैंप कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के घर पर आज बिहार और झारखंड के कई जिलों में रहने वाले दर्जनों निदेशक पहुंचे और उन्होंने कन्हैया गुलाटी के घर में घुसने की कोशिश की निवेशकों की भीड़ में मौजूद झारखंड के हाउसिंग कॉलोनी निवासी रवि पासवान ने बताया कि कैनविज कंपनी द्वारा अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से निवेशकों का करोड़ों रुपया निवेश कराया गया था और सभी योजनाओं में निवेशकों को अच्छा लाभ होने की गारंटी दी गई थी प्रारंभ में कुछ निवेशकों को रकम भी दी गई लेकिन जब कंपनी के पास निवेशकों का करोड़ों रुपया पहुंच गया तो अचानक कंपनी ने सभी योजनाएं बंद कर दी और कंपनी के सभी कार्यालय भी बंद कर दिए तब निवेशकों ने कंपनी के मालिक से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन वह संपर्क नहीं कर सके और तब आज 50 से अधिक निवेश मॉडल टाउन स्थित कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के घर के बाहर पहुंचे और हंगामा करने लगे निवेशकों की मांग थी कि वह कन्हैया गुलाटी से मिलना चाहते हैं लेकिन उन्हें बताया गया कि वह इस समय घर पर नहीं है दिल्ली गए हुए हैं गुस्साए निवेशकों ने हंगामा करते हुए घर में घुसने की कोशिश की जिससे घर के गेट पर लगा शीशा भी टूट गया कुछ हंगामे के चलते मॉडल टाउन में अफरा-तफरी मची रही घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ।

# पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा महिला** मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय के नेतृत्व में रक्षाबंधन का पर्व पुलिस स्नेह यात्रा के रूप मे मनाया गया। प्रदेश संगठन के आवाह्न पर पूरे जिले में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों ने रक्षाबंधन का पर्व पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर मनाया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय ने पुलिस अधीक्षक धुले सुशील चंद्रभान, सीओ सिटी पियूष सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला महामंत्री लक्ष्मी पांडेय, अर्पणा गुप्ता, दीपशिखा जयसवाल, ममता डोडेजा, मोनिका आनंद, मधू श्रीवास्तव, बबिता गुप्ता, सीमा, संगीता आदि मौजूद थीं।

## वीर सपूत नाटक का हुआ प्रस्तुतीकरण

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** अमृत महोत्सव के अवसर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन सीतापुर के सहयोग से थिएटर व फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आजादी के वीर सपूत नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें नीशू त्यागी एंड दबीर सिद्दीकी एवं उनकी टीम ऋषभ पांडेय, अनामिका सिंह, राम विश्वकर्मा, कंचन शर्मा, शीखा श्रीवास्तव, प्रतीक कुमार तिवारी, शिवा राव, मनोज पांडेय, राकेश गुप्ता, आशुतोष तिवारी अमन का अहम योगदान रहा। इस मौके पर बीएसए अजीत कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज अनूप कुमार तिवारी सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजनमानस एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## थानो में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इमलिया सुल्तानपुर थाने में डीएम अनुज सिंह और एसपी घुले सुशील चन्द्रभान व विधायक महोली शशांक द्विवेदी ने पहुंचकर समाधान दिवस में आये सभी फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से जल्द ही निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित थाने का समस्त स्टॉप, लेखपाल मौजूद थे।

# रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट, कई घायल

संवाददाता। बरेली

**चुनावी रंजिश** के चलते दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे महिला समेत कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।थाना भमोरा के गांव खेड़ा निवासी शिव कुमार राठौर ने बताया ग्राम प्रधान से उनकी चुनावी रंजिश चली आ रही है गांव के ही नन्हे लाल और शिव कुमार ने ग्राम प्रधानी का चुनाव सुन्दर लाल को लड़वाया था। और देवेंद्र , महेंद्र ने धर्मेश राजपूत को लड़ाया था जबकि चुनाव सुन्दर लाल हार गए और धर्मेश राजपूत जीत गया वोट न देने आए खफा प्रधान उनसे रंजिश मामने लगे। और गांव में कहते फिरते थे तुमने धर्मेश राजपूत को नही लड़ाया फिर भी हम जीत गए उनके साथ मे बीजेपी नेता धर्मवीर राठौर भी है जो दबंगो की मदद करता है। शुक्रवार की शाम को ग्राम प्रधान और धर्मवीर राठौर के कहने पर राकेश , राधे , महेंद्र , देवेंद्र , संजू , विनोद , विनीत , रंजीत, शिव सिंह , गुड्डू , शेर सिंह , नंदलाल और अनिल ने घर से खींच कर 40 बर्षीय नन्ही देवी पत्नी ओमकार राठौर , 70 बर्षीय नन्हे लाल पुत्र गंगा राम , 20 बर्षीय श्रीराम पुत्र नन्हे लाल की लाठी डंडों से पिटाई कर दी घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकार्ड हो गई घायलों ने थाना भमोरा में शिकायत की घायलों की जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

## आजादी का जश्न मनाने के लिये नमाजियों को वितरित किया गया तिरंगा

**बरेली ।** 75वीं स्वतंत्रता दिवस का जशन घर घर मनाया जाएगा,अमृत महोत्सव अभियान के तहत आज बाद नमाजे जुमा जनसेवा टीम ने मस्जिदों के नमाजियों को तिरंगा देकर मुबारकबाद दी,इसी कड़ी में सिविल लाइन स्थित मस्जिद नौमहला में जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने तिरंगा फहराने को झण्डे वितरित किए और नमाजियों से घर घर तिरंगा फहराकर आजादी का जशन मनाएं,साथ ही उन्होंने कहा कि नौमहला क्रांतिकारियों की याद दिलाता है,अंग्रेजों के जुल्मो सितम का गवाह है नौमहला,जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मां नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ जी से नौमहला को शहीद स्थल दिए जाने की मांग की।इस मौके पर मोहम्मद शादाब,अहमद उल्लाह वारसी,शाने अली कमाल मियाँ साबरी,मोहम्मद ऐजाज,मौलाना नजाकत,सलमान शम्सी,इरफान कुरैशी, शिरोज सैफ कुरैशी,हाजी साकिब रजा खाँ, हाजी यासीन कुरैशी आदि सहित बड़ी तादात में नमाजी शामिल रहे।

# डीएम को राखी बांध कर रक्षा में मांगा हार्ट का डॉक्टर



**लखीमपुर खीरी।** जिला अस्पताल में विगत दो दशकों से हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति न होने के कारण जनपद की 40 लाख से ऊपर की आबादी आकस्मिक स्थिति में किसी अपने को खोने की शंका से सशंकित रहती हैं। इस संबंध में गत माह में युवा समाजसेवी अंकुर शुक्ला द्वारा मिशन कार्डियोलॉजिस्ट की मुहिम में अपना समर्थन प्रदान करने वाले संस्थाएं बचपन सवारों फाउंडेशन, श्री हरि चरण सेवा संस्थान, प्रयास संस्था सहित समाजसेवी मोती, सागर बसैया रिशु उपमन्यु त्रिवेदी मनीष मिश्र सुशील कुमार विशाल बाजपेई प्रथम हर्षित दिलीप मिश्र प्रतिनिधि शिक्षक संघ छाया पांडे संतोष वर्मा के तत्वावधान में कुछ महिलाओं ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को जिले में हार्ट का डॉक्टर की स्पेशल राखी बांधकर हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हेतु प्रार्थना की। डीएम ने स्वनिर्मित राखी के साथ मुख्यमंत्री को निवेदन भेजने का आश्वासन दिया गया।

# प्रौढ़ की गोली मारकर हत्या, पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली पसगवां के गावं पनई में एक प्रौढ़ की देर रात अज्ञात ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा। जानकारी के अनुसार बस गवाह के गांव पनई में स्वामी दयाल उम्र 50 वर्ष घर के दरवाजे पर चारपाई पर सो रहा था। रात लगभग 1 बजे किसी अज्ञात में 315 बोर से पीठ पर गोली चला दी जो मृतक के आर-पार निकल गई। स्वामी दयाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पड़ोस के छप्पर में सो रहा पुत्र अवनीश आवाज सुनकर जब जागा तब देखा पिता लहूलुहान थे। गांव वालों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अवनीश की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि मुकदमें की तफ्तीश की जा रही है तथा हर बिंदुओं की गहन समीक्षा की जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्त पुलिस के कब्जे में होगा। हवाई प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह का गैर जिम्मेदाराना बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा हत्या का कोई कारण नहीं है।

## साइबर से ठगी गई रकम को होल्ड कराया

**बरेली ।** साइबर ठगों द्वारा एक युवती को भ्रमित करके खातों की डिटेल प्राप्त करने के बाद निकाली गई रकम को पुलिस ने होल्ड करा दिया और रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी ।बारादरी थाना क्षेत्र के रहने वाले मुकुट बिहारी गर्ग ने एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी बेटी को फोन करके भ्रमित करने के बाद उसके खाते की डिटेल प्राप्त कर ली और उसके बैंक खाते से 48000 रुपए निकाल लिए तब एसएसपी ने साइबर क्राइम की टीम को जल्दी ही मामले का निपटारा करने के निर्देश दिए तब पुलिस की साइबर क्राइम की टीम में मुकुट बिहारी गर्ग की 48000 की रकम होल्ड करा दी और इसकी वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी ।

# आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लगा पशु चिकित्सा शिविर



**रमियाबेहड़-खीरी।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अजित सिंह के निर्देशन में बहुदेश्यी पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सुजानपुर में किया गया। शिविर में कुल 70 पशुओं की नि:शुल्क चिकित्सा एवं औषधि वितरण किया गया तथा 50 पशुओं का गलाघोंटू से बचाव का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर पशुचिकित्साधिकारी डा.देवेन्द्र प्रताप, पशु चिकत्सालय रमियाबेहड ने शिविर में पशुपालकों को पशु रोगों से बचाव हेतु आवश्यक सलाह दी। पशुधन प्रसार अधिकारी डा.अनिल दुबे ने बाझपन चिकित्सा के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉक्टर देवेंद्र प्रताप पशु चिकित्सा अधिकारी रमियाबेहड़ ने लोगों को बताया कि कहीं भीऔर कभी भी यदि किसी ग्रामीणों को घायल अवस्था में गोवंश दिखाई दे इसकी तुरंत सूचना पशु चिकित्सालय रमियाबेहड को उपलब्ध कराएं। हमारे कर्मचारी एवं मैं खुद तत्काल घायल गोवंश का इलाज करा कर यथासंभव मदद करने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर डा.देवेंद्र प्रताप पर चिकित्सा अधिकारी रमियाबेहड़ डा. अनिल दुबे ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास श्रीवास्तव एवं समस्त पैरावेट उपस्थित रहे।

# अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा लेकर निकले अफसर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**स्वतंत्रता की** 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव पर जिलेभर में जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहर में शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह के साथ विकास भवन से तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

डीएम ने कहा कि देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से ही यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से आजादी का अमृत महोत्सव पर घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। यह तिरंगा यात्रा डीएम के नेतृत्व में विकास भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई।





तिरंगा यात्रा में डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, एआरओ दिनेश चंद्र, पूर्ति निरीक्षक सुशील यादव, ललित कुमार पाठक, ब्रजेश कुमार मिश्र, पूर्ति लिपिक अनिल कुमार, करुणेश गुप्ता, सैकड़ों की तादात में उचित दर विक्रेता, विकास भवन के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।इसी कड़ी में डॉन बॉस्को कॉलेज के पूर्व छात्र छात्राओं की संस्था एलुमनाई एसोसिएशन एवं डॉन बॉस्को कॉलेज प्रशासन के सहयोग से भी एक तिरंगा यात्रा निकाली गई।इसमें स्कूल के 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह रैली स्कूल से प्रारंभ होकर सौजन्य चौक होते हुए गुरु गोविंद सिंह चौक होकर अस्पताल रोड से निकलते हुए सदर चौराहा होते हुए कचहरी रोड की तरफ बढ़ी। उसके बाद पुन: सौजन्य चौक होकर वापस स्कूल की ओर प्रस्थान किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति का जोश जगाने वाले तरह-तरह के उद्घोष किए। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल फादर जेराल्ड डिसूजा ने डॉन बॉस्को एलुमनाई एसोसिएशन की जमकर तारीफ की और उनके सहयोग की सराहना भी की। फादर ने यह भी कहा कि ऐसे भव्य आयोजनों से सभी छात्र छात्राओं में देशभक्ति की भावना जगती है और देश के प्रति विद्यार्थियों को आगे आने का प्रोत्साहन भी मिलता है। इस मौके पर डॉन बॉस्को एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुर टंडन , सचिव अरिजित अग्रवाल कोषाध्यक्ष रजत शेखर, पूर्व अध्यक्ष शिव तोलानी, नीरज कृष्णा, आशीष चौहान, सुनील शर्मा, पुनीत अग्रवाल गौरव मेहता ,गगनदीप सिंह छाबड़ा गौरव तोलानी, गीत तोलानी, युवराज शेखर समेत कई पूर्व छात्र और संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

बेहजम संवाददाता के अनुसार,

बेहजम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा बाइक रैली व पद यात्रा निकली। स्कूली बच्चों ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर झांकी व रैलियों में ब?च? कर हिस्सा लिया। कस्ता विधानसभा में पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर व विधायक सौरभ सिंह सोनू की अगुवाई में बाबू रामेश्वर दयाल महा विद्यालय फत्तेपुर से तिरंगा से सजी बैलगाड़ी पर सवार होकर बाइक रैली को तिरंगा दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा फत्तेपुर से मितौली होते हुए बेहजम गौरीशंकर मंदिर पर हजारों लोगों के साथ अमृत महोत्सव मनाते हुए आजादी के वीर सपूतों को याद किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. नरेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, कस्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश चन्द्र वर्मा, बेहजम मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित, मैगलगंज मंडल अध्यक्ष श्याम किसोर उर्फ पग्गू तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि गौरव सिंह उर्फ मोनू, भाजपा अल्प संख्यक प्रकोष्ट के अध्यक्ष समसाद अली, जितेंद्र सिंह के साथ सैक?ों बाइक सवारों द्वारा भाग लिया गया। इसी क्रम में कस्बे कन्हैया इंटर कॉलेज के बच्चों ने विद्यालय परिसर से चौराहे से गौरीशंकर मंदिर तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें प्रबंधक अनिल वर्मा प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल ने चौकी प्रभारी सुनील बाबू की सुरक्षा व्यवस्था में सैक?ों बच्चों ने हाथों में तिरंगा और जुबान पर वंदेमातरम भारत माता की जय के उद्घोष कर मनोरम देश भक्ति से सराबोर यात्रा निकाली। वहीं कस्बे के रेंगेट स्कूल के बच्चों ने भी तिरंगे के साथ रैली निकाली। तिरंगा झंडा लगाकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गये। पूर्व राज्य सभा सासंद जुगुल किशोर और विधायक सौरभ सिंह सोनू ने तिरंगा यात्रा गौरी शंकर मंदिर पर पहुंच कर विशाल जनसमूह के साथ रैली का समापन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा आजादी के महानायक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया और कहा कि इस आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने अपना सब कुछ खोकर प्राणों की बलि देकर, संघर्ष से देश की स्वतंत्रता मिली है।

## क्विक न्यूज

### दबंग ने युवक पर किया लाठी से हमला

**बरेली ।** सड़क किनारे खड़े होकर तिरंगा यात्रा देख रहे एक युवक को मामूली विवाद के बाद दबंग ने लाठी मार दी जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव कलारी निवासी 30 वर्षीय हुकुम सिंह पुत्र मोहनलाल को आज सुबह पुलिस घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां हुकुम सिंह ने बताया कि आज सुबह उसके गांव के पास से तिरंगा यात्रा निकाल रही थी और वह भी गांव के लोगों के साथ यात्रा देख रहा था इसी दौरान उसी के गांव का रहने वाला राहुल उसके पास पहुंचा और उसने हुकुम की पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी की जिससे हुकुम से उसका विवाद हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया लेकिन कुछ देर बाद ही राहुल लाठी लेकर वापस आया और उसने सड़क किनारे खड़े होकर तिरंगा यात्रा देख रहे हुकुम सिंह पर हमला कर दिया जिससे हुकुम सिंह घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने राहुल को रोक लिया और उस हुकुम सिंह के घर वालों को सूचना दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से की और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए हमलावर राहुल फरार बताया जाता है

### दुर्घटना में बाइक सवार छात्र घायल

**बरेली ।** घरेलू सामान खरीद कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेजी से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद टेंपो को फरार हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला शांति विहार निवासी रोहित पुत्र संतोष कुमार को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां रोहित ने बताया कि वह कक्षा 11 का छात्र है और आज सुबह रक्षाबंधन से पहले कुछ खरीदारी करने के लिए मोटरसाइकिल से बाजार गया था जहां से वापस घर लौटते समय चौकी चौराहा के पास पीछे से आए एक टेंपो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक समेत जमीन पर गिर पड़ा और वह घायल हो गया जबकि मौका देखकर टेंपो फरार हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

**बरेली ।** तेजी से आ रही रोडवेज की बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । भमोरा थाने के गांव नोगवा ठाकुरान निवासी 35 वर्षीय मोरपाल कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 21 जुलाई को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मोरपाल 21 जुलाई को गंगा जल लेने के लिए बदायूं से कछला घाट गया था जहां से वापस घर लौटते समय बदायूं के लाल पुल के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई मौके पर मौजूद मोरपाल के साथियों ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर उसे इलाज के लिए बदायूं के जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और घरवालों को सूचना दी घरवाले उसे इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाये जहां से उसे निजी अस्पताल ले गए यहीं पर बीती रात उसने दम तोड़ दिया मृतक 6 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम पिंकी है ।

### चेयरमैन ने दीं शुभकामनाएं



**मोहम्मदी खीरी।** आजादी के अमृत महोत्सव पर चेयरमैन संदीप मल्होत्रा के माध्यम से नगर के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों सभी धर्मों के अध्यक्षों और वरिष्ठ पत्रकारो को उनके निवास पर चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा ने पहुंचकर स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय ध्वज का स्मृति चिन्ह भेट किया। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार वस्या कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अतुल बाजपेई ,अतुल रस्तोगी,मौलाना असजद सिददीकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता सहित अन्य को तिरंगा स्मृति चिन्ह देकर अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बरेली ।** खेत से चारा काट कर घर लौट रहे युवक पर हाईटेंशन बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।आंवला थाना क्षेत्र के गांव बहेटा चौहान निवासी 19 वर्षीय अरविंद कि कल शाम गांव के पास हुई घटना मे मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अरविंद कल शाम को अपने घर के पालतू जानवरों को चारा काटने के लिए खेत पर गया था जहां से चारा काट कर वापस अपने घर लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन टूट कर नीचे गिर पड़ी और अरविंद करंट की चपेट में आ गया पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह उसे तार से अलग किया और उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक अरविंद की मौत हो चुकी थी घटना के बाद गांव के लोगों ने गहरी नाराजगी है उन्होंने बताया कि वह पहले भी कई बार जर्जर विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से कह चुके थे इसके बावजूद लाइन ठीक नहीं की गई जिसके चलते अरविंद की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### बदमाश ने होटल कर्मचारी को मारी गोली

**बरेली।** पुरानी रंजिश के चलते ड्यूटी पर जा रहे होटल कर्मचारी को बदमाश ने गोली मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया घरवाले उसे निजी अस्पताल ले गए।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला वीर भट्टी निवासी 40 वर्षीय विजय कुमार पुत्र शंकरलाल को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां विजय ने बताया कि गांव मोहल्ले का ही रहने बाला बदमाश मोंटी उसके परिवार से पहले से ही रंजिश मानता है और अक्सर हमला करता है कई बार मारपीट भी हो चुकी है आज सुबह विजय रामपुर बाग स्थित होटल में ड्यूटी करने के लिए पैदल ही घर से निकला था लेकिन जब वह रेलवे लाइन के पास पहुंचा तभी अचानक सामने से आए मोंटी ने उसे घेर लिया और तमंचा तानते हुए गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने विजय पर तमंचे से गोली चला दी जिससे विजय घायल हो गया गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए उन्हें देखकर हमलावर मोंटी फरार हो गया घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने विजय के घर वालों को दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

# महागठबंधन समन्वय समिति का कर सकता है गठन ताकि राजग जैसा न हो हाल

**भाषा।** पटना





**जनता दल** यूनाइटेड (जद-यू) द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में रहने के दौरान जिस समन्वय समिति के गठन के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था, अब उसी तरह की समिति महागठबंधन के सुचारू रूप से काम करने के लिए बनाई जा सकती है। नीतीश कुमार के साथ आने के बाद महागठबंधन अब बिहार में सत्ता में है। इसके संकेत शुक्रवार शाम को तब मिले जब महागठबंधन के चौथे सबसे बड़े घटक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) के विधायक ने मुख्यमंत्री को उनके आवास पर जदयू का वास्तविक नेता करार दिया।

भाकपा (माले) के विधायक संदीप सौरव ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुख्यमंत्री समन्वय समिति के पुरजोर तरीके से पक्ष में हैं और हम भी ऐसा ही महसूस करते हैं। गठबंधन के किसी घटक को इस पर आपत्ति नहीं है। इसलिए, इसका गठन उचित समय पर होगा। गौरतलब है कि महागठबंधन में सात पार्टियां हैं, जिनमें जद (यू), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, भाकपा (माले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) शामिल हैं। 243 सदस्ईय विधानसभा में महागठबंधन के 160 सदस्य से अधिक है। भाकपा (माले) महा सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी समन्वय समिति की मांग की। उल्लेखनीय है कि जदयू और भाजपा में तनावपूर्ण रिश्ते चल रहे थे, तब कई नेताओं ने समन्वय समिति के गठन पर जोर दिया था जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के समय बनी थी और जिसके संयोजक जॉर्ज फर्नांडिस थे। जदयू नेताओं का मानना है कि इस तरह की समिति नहीं होने की वजह से घटकों के पास एक दूसरे के प्रति अपना विरोधी मत रखने के लिए कोई मंच नहीं था, जिसकी वजह से नेता मीडिया के सामने जाते थे और दलों के रिश्तों में खटास आती थी। हालांकि, लोकसभा में भारी बहुमत के साथ भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है, लेकिन राजग की हालत खस्ता है क्योंकि तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा), शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल सहित उसके अधिकांश प्रमुख घटक अब गठबंधन से बाहर हो गए हैं। बिहार तक सीमित महागठबंधन में इस तरह की समिति की जरूरत और मजबूती से महसूस की जा रही है क्योंकि इससे अन्य राज्यों में भी व्यापक गठबंधन की अपील की जा सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के प्रभुत्व को तोड़ने के लिए संयुक्त विपक्ष के साथ काम करने की मंशा जताई है। नीतीश कुमार के करीबी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री अगले सप्ताह दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। यह दौरा मंत्रिमंडल विस्तार के कुछ समय बाद ही होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में वह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित शीर्ष विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। इस बीच, सौरव ने कहा कि भाकपा (माले) की राज्य समिति की बैठक शनिवार को होगी जिसमें पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य पार्टी नेता शामिल होंगे। भट्टाचार्य ने इस सप्ताह की शुरुआत में संकेत दिया था कि उनकी पार्टी संभवतः नई सरकार में शामिल नहीं होगी और बाहर से समर्थन देने को तरजीह देगी। हालांकि, उन्होंने न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर जोर दिया। नीतीश कुमार द्वारा 10 अगस्त को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद भट्टाचार्य ने कहा, हम समन्वय समिति और निगरानी प्रणाली के साथ-साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम का प्रस्ताव करेंगे। सौरव ने कहा कि भट्टाचार्य भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के विषय और कार्ययोजना पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं। गौरतलब है कि भाकपा (माले) के 12 विधायकों के साथ-साथ माकपा व भाकपा के दो-दो विधायकों ने भी सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है।

## महागठबंधन सरकार में प्रभावी भागीदारी चाहते हैं बिहार कांग्रेस के नेता

**नई दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद के बीच कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि इस सरकार में उनकी पार्टी की प्रभावी और सम्माजनक भागीदारी होनी चाहिए। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस के कुछ नेताओं की यह राय भी है कि कांग्रेस इस सरकार में शामिल नहीं हो और बाहर से इसका समर्थन करे। गत नौ अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को छोड़ कर महागठबंधन का हिस्सा बन गए। नीतीश की अगुवाई वाली नई सरकार में राजद नेता तेजस्वी यादव एक बार फिर से उप मुख्यमंत्री बने हैं। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों के भीतर मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। कांग्रेस के प्रदेश में 19 विधायक हैं और ऐसे में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई सरकार में उसे तीन मंत्री पद मिल सकते हैं, हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी कम से कम चार मंत्री पद चाहती है। पार्टी के बिहार प्रभारी भक्त चरण दास ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने कहा था कि सरकार में कांग्रेस की हिस्सेदारी सम्मानजनक होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद की राय है कि सरकार में उनकी पार्टी के मंत्रियों की संख्या पांच तक होनी चाहिए, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सभी घटक दलों के नेता इस बारे में फैसला करेंगे। अहमद ने कहा, हम कांग्रेस के नेता हैं, इसलिए चाहते हैं कि हमारी पार्टी को ज्यादा से ज्यादा मंत्री पद मिले। लेकिन जब पार्टियों के नेता बातचीत के लिए बैठते हैं तो कई बिंदुओं को देखकर फैसला होता है...हमें लगता है कि पांच मंत्री पद मिलने चाहिए, लेकिन यह घटक दलों के नेता तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार में कांग्रेस की भागीदारी से कार्यकर्ताओं और आम जनता के काम करने में पार्टी को आसानी होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को इस सरकार में न सिर्फ सम्मानजनक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, बल्कि प्रभावी भागीदारी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरी यह भी राय है कि सरकार में पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, मुस्लिम और सवर्ण समुदायों से पांच उप मुख्यमंत्री होने चाहिए, ताकि सामाजिक समरसता दिखे। यह कांग्रेस की मांग नहीं, बल्कि मेरी अपनी सलाह है।



अमृत महोत्सव के दौदान मुंबई में स्कूली बच्चे तिरंगे केसाथ प्रदर्शन करते हुए

# हिमाचल विधानसभा ने सामूहिक धर्मांतरण-रोधी विधेयक ध्वनिमत से पारित किया

**भाषा।** शिमला

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा ने मौजूदा धर्मांतरण रोधी कानून में संशोधन वाले एक विधेयक को शनिवार को ध्वनिमत से पारित किया, जिसमें मौजूदा कानून में सजा बढ़ाने और जबरन या लालच देकर सामूहिक धर्मांतरण कराए जाने को रोकने का प्रावधान है। विधेयक में कारावास की सजा को सात साल से बढ़ाकर अधिकतम 10 साल तक करने का प्रावधान है। हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक, 2022 शनिवार को ध्वनिमत से पारित हुआ। विधेयक में सामूहिक धर्मांतरण का उल्लेख है, जिसे एक ही समय में दो या दो से अधिक लोगों के धर्म परिवर्तन करने के रूप में वर्णित किया गया है।

जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने शुक्रवार को विधेयक पेश किया था। संशोधन विधेयक में हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2019 के प्रावधानों को और कठोर किया गया है, जो बमुश्किल 18 महीने पहले लागू हुआ था। हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2019 को 21 दिसंबर 2020 को ही अधिसूचित किया गया था। इस संबंध में विधेयक 15 महीने पहले ही विधानसभा में पारित हो चुका था। साल 2019 के विधेयक को भी 2006 के एक कानून की जगह लेने के लिए लाया गया था, जिसमें कम सजा का प्रावधान था। नए संशोधन विधेयक में बलपूर्वक धर्मांतरण के लिए कारावास की सजा को सात साल से बढ़ाकर अधिकतम 10 साल तक करने का प्रस्ताव है। विधेयक में प्रावधान प्रस्तावित है कि कानून के तहत की गई शिकायतों की जांच उप निरीक्षक से नीचे के दर्जे का कोई पुलिस अधिकारी नहीं करेगा। इस मामले में मुकदमा सत्र अदालत में चलेगा।

## क्विक न्यूज

### सिख कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर एसजीपीसी ने किया प्रदर्शन

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सजा की अवधि पूरी कर चुके सिख कैदियों को जेल से रिहा करने की मांग करते हुए यहां शनिवार को प्रदर्शन किया। इस संबंध में उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौपा गया। एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में आज सुबह, बड़ी संख्या में एसजीपीसी के सदस्यों और कर्मचारियों ने स्वर्ण मंदिर के बाहर गोल्डन प्लाजा से एक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने काली पगड़ी बांधी हुई थी और बंदी सिखों को तत्काल रिहा करने की मांग को लेकर तख्तियां ले रखी थी। शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए मार्च उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां उपायुक्त की ओर से सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ने एक ज्ञापन स्वीकार किया। एसजीपीसी सचिव कुलविंदर सिंह रामदास ने कहा कि ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित किया गया है।

### गुप्ता होंगे राजस्थान के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**जयपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मधुकर गुप्ता को राज्य का नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को इस आशय के आदेश जारी किए। एक सरकारी बयान के अनुसार, राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मधुकर गुप्ता को राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। इसके अनुसार, गुप्ता की नियुक्ति पांच साल के लिए अथवा 65 साल की आयु, जो भी पहले हो के लिए की गई है।

### बिहार में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

**सारण (बिहार)।** बिहार के सारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पिछले तीन दिन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह इसी जिले में शराब पीने से 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग बीमार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा, मसुधी इलाके में 10 अगस्त से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का दावा है कि इन लोगों ने जहरीली शराब पी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में पता चल सकता है। कुमार ने बताया कि शराब बेचने वाले संदिग्धों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पिछले सप्ताह की घटना मेकर थाना अंतर्गत आने वाली फुलवरिया पंचायत की है।

### गडकरी और फड़णवीस ने भाजपा की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनने पर चंद्रशेखर बावनकुले की तारीफ की

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता चंद्रशेखर बावनकुले को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने उनका अभिनंदन किया। शुक्रवार को यहां एक अभिनंदन समारोह में गडकरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है जहां वे अपने कठिन परिश्रम से शीर्ष तक पहुंच सकते हैं, यह ऐसी इकाई नही है जहां मुख्यमंत्री का बेटा ही मुख्यमंत्री बनता है। उन्होंने कहा कि किसी नेता की संतान होना कोई गुनाह नही है लेकिन व्यक्ति को पार्टी में पद पाने के लिए विशेषताएं दिखाने की जरूरत होती है।

### हंगामा पर होगा डोरेमॉन द मूवी नोबिता का प्रीमियर

**मुंबई।** हंगामा टीवी 14 अगस्त को सुबह 10 बजे डोरेमॉन द मूवी नोबिता चल पड़ा अंटार्कटिकाका इंडियन टेलीविजन प्रीमियर करने जा रहा है। मूवी हिन्दी, तमिल और तेलुगू में उपलब्ध होगी। डोरेमॉन काफी आकर्षक किरदार है। समस्याओं को हल करने के उसके स्वभाव और उसके उबर कूल अत्याधुनिक गैजेट्स ने उसे टेलीविजन के सबसे ज्यादा चहेते और प्यार पाने वाले किरदारों में से एक बनाया है। रिलेट करने जैसी स्टोरीलाइन और जिंदादिल किरदारों के साथ बच्चों ने हर उस पल का मजा लिया है, जिसमें डोरेमॉन और नोबिता की दोस्ती दिखाई गई है। इस दोस्ती में प्यार,आदर और परवाह जैसी खूबियाँ हैं। अब डोरेमॉन द मूवी नोबिता चल पड़ा अंटार्कटिक् में हमारा लोकप्रिय गैजेट कैट और उसका दोस्त नोबिता अपने फैंस को अंटार्कटिका के रहस्यमय और साहसिक सफर पर ले जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में डोरेमॉन नोबिता और अपने कुछ दोस्तों को साउथ पैसिफिक में तैर रही बर्फकी एक विशाल चट्टान पर ले जाता है। डोरेमॉन और नोबिता अपने सीक्रेट गैजेट आइस वर्किंग आयरन से मनोरंजन के लिये एक पार्क बनाते समय अंटार्कटिका की बर्फके नीचे दबी सोने की एक रहस्यमयी अंगूठी पाते हैं, जो उन्हें एक प्राचीन और बर्बाद शहर में पहुँचा देती है! क्या यह दोनों उस शहर को बचा पाएंगे या कोई नई परेशानी खड़ी हो जाएगी।

# विपक्ष ने रिक्त बिना ही प्रधानमंत्री पद के दो दर्जन उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची बना ली है: नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उसने रिक्त बिना ही प्रधानमंत्री पद के लिए दो दर्जन उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली है। उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि जिन लोगों को मोदी फोबिया की राजनीतिक बीमारी है , वे जल्द खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि निराशावादी राजनीतिक खिलाड़ियों की मुद्रा और ढोंग कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी मेहनत और ईमानदारी को नहीं हरा सकती।


नकवी ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष ने पहले ही प्रधानमंत्री पद के दो दर्जन प्रत्याशियों की प्रतीक्षा सूची बना ली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इसे रिक्ति के बिना महत्वकांक्षा करार दिया। नकवी ने कहा कि तमाम राजनीतिक असहिष्णुता और फर्जी आरोपों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी लगातार और कर्मठता से समावेशी सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के लिए देश की सुरक्षा और सम्मान राष्ट्रनीति है जबकि प्रत्एक जरूरमंद का कल्याण राष्ट्रधर्म है।

## पीएम मोदी की मां ने बांटे तिरंगे, हर घर तिरंगा अभियान में हुईं शामिल

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा ने गांधीनगर स्थित अपने आवास पर शनिवार को बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज बांटे और हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुईं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गांधीनगर में चिल्ड्रेन्स यूनिवर्सिटी में सौ फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर विशाल तिरंगा फहरा कर आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। एक सरकारी बयान के अनुसार इस अभियान के तहत हीरा बा ने अपने आवास पर बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज दिए और उनके साथ तिरंगा लहराया। हीरा बा प्रधानमंत्री मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी के साथ रहती हैं। राज्य में विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने लोगों के साथ भाग लिया। इससे पहले दिन में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल मेहसाणा जिले में विजापुर में सात किलोमीटर लंबी रैली में शामिल हुए।

# वीरभद्र प्रताप सिंह की मौत की जांच का आदेश देने में कोई परेशानी नहीं: मुख्यमंत्री बघेल

**भाषा।** रायपुर



**छत्तीसगढ़ के** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार को मंत्री टीएस सिंहदेव के रिश्तेदार वीरभद्र प्रताप सिंह की मौत की जांच का आदेश देने में कोई परेशानी नहीं है। सरगुजा जिले के लुंड्रा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष वीरभद्र प्रताप सिंह उर्फ सचिन बाबा (42) का शव शुक्रवार को बिलासपुर जिले में रेल पटरी के पास से बरामद हुआ था। पुलिस को संदेह है कि वह दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान दुर्घटनावश रेलगाड़ी से गिर गए होंगे। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने घटना की न्यायिक जांच की मांग करते हुए सिंह की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होने का आरोप लगाया है।

भाजपा द्वारा मामले की न्यायिक जांच की मांग के संबंध में सवाल करने पर बघेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, कल मेरी टीएस सिंहदेव जी से (घटना को लेकर) बात हुई थी। उन्होंने इस प्रकार से कोई शंका जाहिर नहीं की। यदि परिवार (सिंह के) के लोग चाहते हैं, तो हमें घटना की जांच कराने में कोई परेशानी नहीं है। वीरभद्र प्रताप सिंह सरगुजा राजपरिवार की धौरपुर शाखा के प्रमुख सदस्य थे। वे स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव के करीब रिश्तेदार सोमेश्वर प्रताप सिंह के पुत्र थे। बिलासपुर जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर ने बताया था कि वीरभद्र प्रताप सिंह बृहस्पतिवार को दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन से अम्बिकापुर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर उनका शव बरामद हुआ है वहां से ट्रेन रात एक बजे के आसपास गुजरती है। माथुर ने कहा था कि पुलिस को आशंका है कि वीरभद्र दुर्घटनावश ट्रेन से गिर गए जिससे उनकी मृत्यु हुई है। वहीं, राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई के मुख्य प्रवक्ता और विधायक अजय चंद्राकर ने एक बयान में स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के रिश्तेदार की ट्रेन से गिरकर हुई मौत को संदिग्ध बताया है और आशंका जताई है कि यह राजनीतिक हत्या का मामला हो सकता है। चंद्राकर ने कहा है कि सचिन पूर्व में कांग्रेस विधायक पर हुए हमले के मामले में गिरफ्तार हुए थे। उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मामले की तत्काल न्यायिक जांच के आदेश जारी कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से उच्च स्तरीय जांच कराएं।



एनडीआरएफ की टीम आसाम के सोनितपुर में नाव से तिरंगा यात्रा निकालती हुई

## उत्तरी कमान के कमांडर ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**भाषा।** श्रीनगर

**सेना की** उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कश्मीर में नियंत्रण रेखा से लगे इलाके में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और मजबूत घुसपैठ रोधी तंत्र बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की। सेना की उत्तरी कमान ने ट्वीट किया, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नियंत्रण रेखा से लगे कश्मीर के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इसमें कहा गया है कि लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने नियंत्रण रेखा की गरिमा बनाए रखने के लिए सेना के जवानों के पेशेवर रवैए की सराहना की।

# मेघालय के मुख्यमंत्री दिल्ली की कठपुतली: टीएमसी नेता मुकुल संगमा

**भाषा।** मावशिनरुत

**मेघालय की** सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) द्वारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने की घोषणा किए जाने के बाद विपक्ष के नेता मुकुल संगमा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा दिल्ली द्वारा नियुक्त कठपुतली हैं। कोनराड संगमा एनपीपी के अध्यक्ष भी हैं और वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें भाजपा एक घटक है।

मुकुल संगमा ने शुक्रवार को वेस्ट खासी हिल्स जिले के मावशिनरुत कस्बे में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, एनपीपी के नेतृत्व वाली एमडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री कोनराड संगमा दिल्ली द्वारा नियुक्त कठपुतली मात्र हैं। मेघालय में 2018 के विधानसभा चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिला था। इसमें कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी और सीट संख्या के मामले में यह केंद्र और मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी से थोड़ा आगे थी। बाद में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कई अन्य दलों ने मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) नाम से गठबंधन बनाकर राज्य में सरकार बनाई थी।

पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा 11 अन्य कांग्रेस विधायकों के साथ पिछले साल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए थे। उन्होंने दावा किया कि शाह ने कोनराड संगमा को भाजपा शासित असम के साथ सीमा समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी किया। मुकुल संगमा ने कहा, अब, एनपीपी कह रही है कि वह भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ देगी और 2023 का चुनाव अकेले लड़ेगी। एनपीपी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अगले विधानसभा चुनाव में अकेले मैदान में उतरेगी। टीएमसी नेता ने कहा, हमें अपने लोगों, अपनी जनजातियों, अपनी संस्कृति, अपने बच्चों और अपनी आने वाली पीढ़ियों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर काम करना चाहिए। वर्तमान सरकार हमारी पहचान की विशिष्टता को बनाए रखने में अक्षम है।


# महाराष्ट्र में मंत्रियों को जल्द प्रभार आवंटित किए जाएंगे: फडणवीस



**नागपुर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य में नव नियुक्त मंत्रियों को जल्द उनके विभाग सौंपे जाएंगे। उन्होंने इसके साथ ही भरोसा दिलाया कि सरकार भारी बारिश की वजह से फसलों को हुए नुकसान के लिए राज्य के किसानों को जल्द ही मुआवजा देगी। यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए फडणवीस ने चंद्रशेखर बावनकुले को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई भी दी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, नए मंत्रियों को जल्द ही प्रभार सौंपे जाएंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने दो सदस्ईय मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 41 दिनों के बाद 18 मंत्रियों को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। नए मंत्रियों में नौ शिवसेना के बागी गुट के जबकि नौ भाजपा के हैं।

# यूएनओ महासचिव ने रुश्दी पर हमले को बताया अनुचित

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंटोनियो गुतारेस लेखक सलमान रुश्दी पर हुए हमले के बारे में जानकर स्तब्ध हैं। साथ ही गुतारेस ने कहा कि राय जाहिर करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करते हुए बोले गए या लिखे गए शब्दों की प्रतिक्रिया में हिंसा किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। उनके प्रवक्ता ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, प्रसिद्ध लेखक सलमान रुश्दी पर हमले के बारे में जानकर महासचिव स्तब्ध हैं। गुतारेस ने रुश्दी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा, विचार व्यक्त करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करते हुए बोले गए या लिखे गए शब्दों की प्रतिक्रिया में हिंसा किसी भी प्रकार से ठीक नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) ने बताया कि रुश्दी के एजेंट एंड्रयू वायली के अनुसार, लेखक वेंटिलेटर पर हैं। वायली ने एनवाईटी को दिए एक बयान में कहा, खबर अच्छी नहीं है। सलमान की एक आंख खोने की आशंका है, उनकी बांह की नसें कट गई हैं और उनका लीवर क्षतिग्रस्त हो गया है। मुंबई में जन्मे रुश्दी को द सैटेनिक वर्सेज लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियां मिलीं। उन्हें न्यूजर्सी के 24 वर्षीय निवासी ने पश्चिमी न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया था। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के मेजर यूजीन स्टैनिजेव्स्की ने शुक्रवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि फेयरव्यू, न्यूजर्सी के हादी मतार की पहचान संदिग्ध के रूप में हुई है। रुश्दी (75) जब चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर थे, तभी उनकी गर्दन पर चाकू घोंपा गया था। स्टैनिजेव्स्की ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने तक रुश्दी का वहां कार्यक्रम में मौजूद एक डॉक्टर ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। इसके बाद लेखक को स्थानीय ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी चल रही है। मतार की राष्ट्रीयता के बारे में एक सवाल के जवाब में स्टैनिजेव्स्की ने कहा, मुझे अब तक इसकी जानकारी नहीं है। स्टैनिजेव्स्की ने कहा, हम जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी तलाशी वारंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। घटनास्थल से एक बैग बरामद हुआ था। विद्युत उपकरण भी थे। यह माना जा रहा है कि संदिग्ध ने अकेले घटना को अंजाम दिया था। स्टैनिजेव्स्की ने कहा कि हमले का मकसद जानने के लिए हम एफबीआई, शेरिफ कार्यालय के साथ काम कर रहे हैं। रुश्दी चौटाउक्वा में एक विशेष कार्यक्रम में व्याख्यान देने वाले थे। रुश्दी के साथ हेनरी रीज भी थे जो पिट्सबर्ग गैर लाभकारी सिटी ऑफ असाइलम के संस्थापक हैं। सिटी ऑफ असाइलम हमले की धमकी का सामना करने के बाद निर्वासन में रह रहे लेखकों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा आवासीय कार्यक्रम है। स्टैनिजेव्स्की ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 बजकर 47 मिनट पर रुश्दी और रीज (73) कार्यक्रम के लिए चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर आए थे।

### सलमान रुश्दी ने एकबार अपने आसपास बहुत अधिक सुरक्षा की शिकायत की थीः खबर

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क मे शुक्रवार को हमले का शिकार हुए मशहूर लेखक सलमान रुश्दी ने पूर्व मे एक बार इस बात को लेकर शिकायत की थी की उनके आसपास बहुत अधिक सुरक्षा है। मीडिया मे शनिवार को इस आशय की खबर आई। मुंबई मे पैदा हुए और बुकर पुरस्कार से सम्मानित रुश्दी (75) पश्चिमी न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा संस्थान मे शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपना व्याख्यान शुरू करने वाले ही थे कि तभी हदी मतार नामक व्यक्ति ने चाकू से उन पर हमला कर दिया। उनकी गर्दन पर चोट आई है। रुश्दी के विरूद्ध उन पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज को लेकर मौत का फतवा जारी किया गया था। खून से लथपथ रुश्दी को उत्तर पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी हुई। न्यूयार्क पोस्ट की खबर के अनुसार 2001 मे रुश्दी ने अपने आसपास बहुत अधिक सुरक्षा की शिकायत की थी। इस अखबार के अनुसार प्राग राइटर्स फेस्टिवल मे उन्होंने संवाददाताओ से कहा था, ..अपने आसपास बहुत अधिक सुरक्षा सुरक्षा देखकर थोड़ा असहज महसूस होता है.... मुझे लगा कि यह वाकई अनावश्यक है और एक प्रकार की ज्यादती है तथा निश्चित ही मेरे अनुरोध पर ऐसा नही किया गया है।

### हमला भयावह : अमेरिका के एनएसए सुलिवन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेम्स सुलिव×न ने कहा है कि मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर जानलेवा हमले की कोशिश भयावह एवं निंदनीय है। बुकर पुरस्कार से सम्मानित रुश्दी (75) शुक्रवार को पश्चिमी न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा संस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान अपना व्याख्यान शुरू करने वाले ही थे कि तभी एक व्यक्ति मंच पर चढ़ा और रुश्दी को घूंसे मारे और चाकू से उन पर हमला कर दिया। रुश्दी की गर्दन पर चोट आई है। उस समय कार्यक्रम में उनका परिचय दिया जा रहा था। खून से लथपथ रुश्दी को उत्तर पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी हुई। रुश्दी की विवादित पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज ईरान में 1988 से प्रतिबंधित है। इसे लेकर ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह खमनेई ने रुश्दी को मौत की सजा दिए जाने का फतवा जारी किया था।

## ईरान में लोग सराह रहे हैं तो चिंता भी जता रहे

**तेहरान।** ईरानियों ने मशहूर उपन्यासकार सलमान रुश्दी पर हुए हमले को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। रुश्दी की पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज को लेकर ईरान के तत्कालीन (अब दिवंगत) सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह खमनेई ने उन्हें (रुश्दी को) मौत की सजा का फतवा जारी किया था। वैसे अबतक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमलावर हदी मतार ने लेखक पर क्यों हमला किया। रुश्दी जब शुक्रवार को न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में अपना संबोधन शुरू करने वाले थे, तब उसने उनपर हमला किया था। ईरान की सरकार एवं उसकी सरकारी मीडिया ने इस हमले का कोई मकसद नहीं बताया है। लेकिन तेहरान में कुछ लोगों ने लेखक पर हमले की सराहना की, क्योंकि उनका मानना है कि रुश्दी ने 1988 में आई अपनी पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज से इस्लाम धर्म की छवि को नुकसान पहुंचाया है। ईरान की राजधानी तेहरान की गलियों में लोगों के जेहन में अब भी खमेनी का फतवा है। रेजा अमिरी नामक एक व्यक्ति ने कहा, मैं सलमान रुश्दी को नहीं जानता, लेकिन मुझे यह सुनकर खुशी हुई है कि उनपर हमला किया गया क्योंकि उन्होंने इस्लाम का अपमान किया है। तेहरान में रह रहे 34 वर्षीय मोहम्मद महदी मोवाघर ने कहा कि यह सुखद है और यह दिखाता है कि जो लोग इमाम मुस्लिमों की पवित्र चीजों का अपमान करते हैं उन्हें परलोक में सजा के अलावा इस दुनिया में भी लोगों द्वारा सजा मिलेगी।

## रुश्दी पर हमले का का संदिग्ध ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रति सहानुभूति रखता थाः खबर

**न्यूयॉर्क।** प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से हमला करने के आरोप में हिरासत में लिए गए 24 वर्षीय संदिग्ध की सहानुभूति शिया चरमपंथियो और ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशरी गार्ड कोर के उद्देश्यो के प्रति थी। मीडिया मे आई खबरो मे यह दावा किया गया है। न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस ने संदिग्ध की पहचान फेयरव्यू, न्यूजर्सी के हदी मतार के तौर पर की है, लेकिन अबतक हमले के उद्देश्य का पता नही चला है। पश्चिमी न्यूयॉर्क मे चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में भाषण देने के दौरान हमलावर ने मंच पर चढ़कर रुश्दी पर हमला कर दिया था। पुलिस ने बताया कि मतार की नागरिकता और उसकी आपराधिक पृष्टभूमि की अभी जांच की जा रही है।

## ब्रिटेन के नेताओं ने रुश्दी पर भयावह हमले को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार करार दिया

**लंदन।** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन समेत ब्रिटेन के कई नेताओं एवं लेखकों ने बुकर पुरस्कार विजेता लेखकर सलमान रुश्दी पर पर हुए भयावह हमले को लेकर सोशल मीडिया मंचो पर स्तब्धता प्रकट की और इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार करार दिया। जॉनसन ने ट्वीट किया, इस बात से स्तब्ध हूं कि सर सलमान रुश्दी पर तब चाकू से वार किया गया जब वह अपने उस अधिकार का इस्तेमाल कर रहे थे जिसका बचाव करना हमें कभी नही छोड़ना चाहिए। फिलहाल हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के प्रति है। हम सभी आशा कर रहे है कि वह ठीक हो जाएं। पूर्व चांसलर और जॉनसन के उत्तराधिकारी की दौड़ में शामिल ऋषि सुनक ने ट्वीट किया, न्यूयार्क मे सलमान रुश्दी पर हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं।

## स्वास्तिक पर वृत्तचित्र जारी किया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक हिंदू संगठन ने शुक्रवार को स्वास्तिक पर प्रकाश डालते हुए एक वृत्तचित्र जारी किया। स्वास्तिक के चिन्ह को दुनियाभर में 200 करोड़ से अधिक बौद्ध, हिंदू और जैनियों द्वारा शांति और कल्याण का पवित्र प्रतीक माना जाता है। एक्टीके मीडिया के साथ साझेदारी मे कोएलिशन ऑफ हिंदू ऑफ नार्थ अमेरिका (सीओएचएनए) द्वारा जारी वृत्तचित्र का शीर्षक द साइलेंस ऑफ स्वास्तिक है। सीओएचएनए के अध्यक्ष निकुंज त्रिवेदी ने कहा ने कि स्वास्तिक पर प्रकाश डालने के लिए नए वृत्तचित्र को तैयार करने और जारी करने के लिए एक्टीके के साथ भागीदारी की गई।

## चीन की धमकी के बीच ताइवान के समर्थन में शांत और दृढ़ कदम उठाएगा अमेरिकाः व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा कि प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे यात्रा के बाद ताइवान को डराने और बल प्रयोग करने की चीन की कार्वाई मूल रूप से शांति और स्थिरता के लक्ष्य के विपरीत है। अमेरिका स्व-शासित द्वीप का समर्थन करने के लिए शांत और दृढ़ कदम उठाएगा। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने लंबे समय से ताइवान पर संप्रभुता का दावा करता आया है। हालांकि, बीजिंग जोर देकर कहता है कि उसका मौजूदा एक-चीन सिद्धांत विदेशी सरकारी अधिकारियों को द्वीप पर पैर रखने से रोक लेगा। पैलोसी के ताइवान के दौरे के बाद चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने चार से सात अगस्त तक ताइवान में युद्ध की घोषणा की। बाद मे, चीन की सेना ने ताइवान के आसपास युद्ध अभ्यास को बढ़ा दिया। बीजिंग ताइवान को एक विद्रोही प्रांत के रूप मे देखता है जिसके लिए उसका मानना है कि युद्ध के जरिए इसे मुख्य भूमि के साथ फिर से जोड़ा जाना चाहिए।

## मोंटेनेग्रो में बंदूकधारी ने 10 लोगों को गोली मारी

भाषा। सेटिंजे (मोंटेनेग्रो)

**दक्षिण पूर्वी** यूरोप के देश मोंटेनेग्रो के पश्चिमी शहर की सड़कों पर शुक्रवार को एक व्यक्ति ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की, जिसमें दो बच्चों सहित 10 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद एक राहगीर ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोंटेनेग्रो के पुलिस प्रमुख ज़ोरान ब्रजनिन ने मीडिया के साथ साझा किए गए एक वीडियो बयान में बताया कि हमलावर 34 वर्षीय व्यक्ति था जिसकी पहचान केवल उसके नाम के शुरुआती दो अक्षर वीबी से की गई। ब्रजनिन ने बताया कि संदिग्ध ने पहले आठ और 11 साल की उम्र के दो बच्चों और उनकी मां को राइफल से गोली मार दी जो सेंटिजा के मेडोविना इलाका स्थित हमलावर के मकान में किराएदार के तौर पर रहती थी।

### दक्षिणी मिस्र में सड़क हादसा, नौ लोगों की मौत, 18 घायल

**काहिरा।** दक्षिण मिस्र में एक बस के पलट जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय अधिकारियों ने यहां जारी बयान में बताया कि हादसा शुक्रवार को उस समय हुआ जब काहिरा से 273 किलोमीटर दूर मिन्या सूबे में राजमर्ग पर बस टायर फटने की वजह से पलट गई। बयान के मुताबिक, बस सोहाग प्रांत से काहिरा जा रही थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को मिन्या के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### ब्रिटेन में सुनक का समर्थन कर रहे मंत्री ने बदला पाला

**लंदन।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद की दौड़ में ऋषि सुनक का समर्थन कर रहे एक वरिष्ठ मंत्री ने शनिवार को पाला बदल लिया और विदेश मंत्री लिज ट्रस के खेमे में शामिल हो गए। इसके साथ ही, सर रॉबर्ट बकलैंड पाला बदलने वाले प्रथम हाई प्रोफाइल मंत्री हो गए हैं। बकलैंड ने द डेली टेलीग्राफ में कहा है कि उनका मानना है कि ट्रस देश को आगे ले जाने वाली सही शख्स हैं ।

### भारत में होने वाले एससीओ आतंकवाद–रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा पाकिस्तान : विदेश कार्यालय

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** द्विपक्षीय संबंधों में खटास के बावजूद अक्टूबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत भारत की मेजबानी में होने वाले आतंकवाद–रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी और भारतीय सैन्य टुकड़ियों ने एक साथ आतंकवाद–रोधी अभ्यासों में हिस्सा लिया है, लेकिन यह पहली बार होगा, जब पाकिस्तान भारत में इस तरह के अभ्यास में हिस्सा लेगा। अखबार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार के हवाले से कहा कि पाकिस्तान एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद–रोधी ढांचे (आरएटीएस) के तहत इस साल अक्टूबर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद–रोधी अभ्यास में हिस्सा लेगा।

## यूक्रेन के मंत्री ने रूस पर दवाओं की आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया



यूक्रेन से बारह हजार टन कार्न लेकर निकला टर्की व यूनए का जहाज

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** स्वास्थ्य मंत्री ने रूस पर उसके कब्जे वाले क्षेत्रों में किफायती दवाओं की आपूर्ति बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है। एसोसिएटेड प्रेस के साथ साक्षात्कार में यूक्रेन के स्वास्थ्य मंत्री विक्टर लियाश्को ने कहा कि रूसी अधिकारियों ने कब्जे वाले शहरों, कस्बों और गांवों में लोगों को सरकार की सब्सिडी वाली दवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। लियाश्को ने कहा, युद्ध के पूरे छह महीनों के दौरान रूस ने मानवीय गलियारों को अनुमति नहीं दी है, जिससे हमे जरूरतमंद रोगियों को दवाएं उपलब्ध कराने में रूकावट आ रही है। हम मानते हैं कि ए कदम रूस द्वारा जानबूझ कर उठाया जा रहा है और हम इसे मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराध मानते हैं। यूक्रेन की सरकार एक विशेष कार्यक्रम के तहत कैंसर और अन्य जटिल रोगों से जूझ रहे लोगों को दवाएं प्रदान करती है।

### एडीआईए समूह को आईआईएफएल होम में परोक्ष अधिग्रहण की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अबु धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) को आईआईएफएल होम में हिस्सेदारी के परोक्ष ढंग से अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित लेनदेन आईआईएफएल होम फाइनेंस मे 20 फीसदी तक हिस्सेदारी के प्लेटिनम ऑउल सी 2018 आरएससी लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण से संबंधित है। प्लेटिनम ऑउल प्लेटिनम जैस्मीन ट्रस्ट की कार्यवाहक न्यासी है। वही एडीआईए प्लेटिनम जैस्मीन ट्रस्ट के लिए इक्लौती लाभार्थी है। सीसीआई ने शुक्रवार को एक ट्वीट मे कहा कि उसने एडीआईए समूह द्वारा आईआईएफएल होम में हिस्सेदारी के अप्रत्यक्ष अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

### एवलॉन ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल किया

**मुंबई।** देश की अग्रणी इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफेक्चरिंग सर्विसेज (ईएमएस) कंपनियों में से एक, एवलॉन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,025 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा किया हैं। डीआरएचपी के अनुसार आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे तथा सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 625 करोड़ रुपए तक का ऑफर फॉर सेल भी शामिल किया गया है।। वित्तीय वर्ष 2022 तक इसका संचालन से राजस्व 840 करोड़ रुपए रहा तथा 30 जून 2022 के अनुसार कंपनी की ऑर्डर बुक 1,039 करोड़ रुपए की थी।

### आर के त्यागी ने पावरग्रिड में निदेशक (परिचालन) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली पावरग्रिड कॉरपोरेशन ने शनिवार को कहा कि आर के त्यागी ने निदेशक (परिचालन) के रूप मे पदभार संभाल लिया है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना मे कहा, आर के त्यागी ने 12 अगस्त, 2022 को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख तक यानी 31 मार्च, 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, निदेशक (परिचालन) का पदभार ग्रहण किया है। त्यागी के पास चंडीगढ़ स्थित पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है।

## कॉरपोरेट कर संग्रह अप्रैल-जुलाई में 34 फीसदी बढ़ा : आयकर विभाग

भाषा। नई दिल्ली





**आयकर विभाग** ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में कंपनियों की आय पर वसूला जाने वाला कॉरपोरेट कर 34 फीसदी बढ़ गया है। आयकर विभाग ने अप्रैल–जुलाई के दौरान कॉरपोरेट कर संग्रह में हुई वृद्धि की जानकारी ट्वीट के जरिए दी। विभाग ने कर संग्रह की सटीक राशि का खुलासा न करते हुए कहा, वित्त वर्ष 2022–23 में 31 जुलाई, 2022 तक का कॉरपोरेट कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। आयकर विभाग ने बताया कि वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कॉरपोरेट कर का कुल संग्रह 7.23 लाख करोड़ रुपए रहा जो वर्ष 2020–21 के कर संग्रह से 58 फीसदी अधिक है। विभाग ने कहा, कर संग्रह में वृद्धि का सकारात्मक रुझान चालू वित्त वर्ष में भी जारी है। यह दिखाता है कि कर व्यवस्था का सरलीकरण और बिना किसी छूट के कर दरों में कटौती के लिए उठाए गए कदम कारगर रहे हैं। आयकर विभाग ने इस आंकड़े के साथ कॉरपोरेट कर की दरों में 2019 में की गई कटौती को लेकर की जाने वाली आलोचनाओं का जवाब देने का प्रयास किया है। आलोचकों ने कहा था कि कंपनियों के लिए कर दरें कम करने से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचेगा और इसका असर समाज कल्याण योजनाओं पर होने वाले सरकारी खर्च पर पड़ेगा। सरकार ने सितंबर 2019 में कंपनियों को 30 फीसदी की कर दर से 22 फीसदी कर दर में आने का विकल्प दिया था लेकिन इसके लिए कोई छूट नहीं मिलने की शर्त रखी गई थी।

### एचडीएफसी लिमिटेड के एचडीएफसी बैंक में विलय को मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड के प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी है। आयोग ने शुक्रवार को एक ट्वीट में इस फैसले की जानकारी दी। आयोग ने कहा, एचडीएफसी लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी इन्वेस्टमेंट्स और एचडीएफसी होल्डिंग्स के विलय संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है। एचडीएफसी लिमिटेड ने गत अप्रैल में ही इस विलय योजना का ऐलान किया था। पहले चरण में एचडीएफसी इन्वेस्टमेंट्स और एचडीएफसी होल्डिंग्स का विलय एचडीएफसी लिमिटेड में किया जाएगा। फिर दूसरे चरण में उस एकीकृत कंपनी का एचडीएफसी बैंक में विलय कर दिया जाएगा। एक खास सीमा से अधिक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए कंपनियों को प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी लेना जरूरी होता है।

### टाटा टी ने स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाई

**नई दिल्ली।** इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने नवीनतम अभियान के अंतर्गतए टाटा टी प्रीमियम ने ताजमहल और आगरा किला जैसी सुप्रसिद्ध स्मारकों के लिए खुशियाँ मनाई जो कि इस क्षेत्र के लोगों की शान है। क्षेत्रीय गौरव को जगाने के ब्रांड के लोकाचार के अनुरूप,अभियान हमारी स्वतंत्रता के बाद के सात दशकों की यात्रा के उन प्रतिष्ठित क्षणों और घटनाओं को समेटे हुए हैए जिन्होंने न केवल अपने दौर में इतिहास रचाए बल्कि भारत को विश्व मंच पर भी पहुंचाया। ब्रांड ने कलेक्शन के नाम से कलात्मक टी–सेट और टिन पैक कलेक्शन का सीमित संस्करण लॉन्च किया है। टी.सेट कलेक्शन प्लेटेड प्रोजेक्ट के सहयोग से तैयार किया गया है। पुनीत दास प्रेसिडेंट पैकेज्ड बेवरेजेज टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने कहा कि हाइ परलोकल अभियानों के अग्रणी होने के नाते टाटा टी प्रीमियम देश की चाय ने हमेशा विविध स्वादों को पूरा किया है।

### गल्फ ट्रक ड्राइवरों को देगा स्वास्थ्य सेवा

**कानपुर।** हिंदुजा समूह की कंपनी गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स ने ट्रक चालक समुदाय के लिए षाल्फसुपरफ्लीट सुरक्षा बंधनष् के तहत एक उत्कृष्ट स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया है। स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत ट्रक ड्राइवरों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ यात्रा के दौरान 4 लाख का कवर भी मिलता है। कानपुर के ट्रक ड्राइवरों का समुदाय अब 11 अगस्त 2022 तक कानपुर शहर में कार्यक्रम के लिए नामांकन करके इन फायदों को हासिल कर सकता है। यह पहल रक्षा बंधन के अवसर पर शुरू की गई है। पूरे भारत में 10,000 से अधिक ट्रक वाले इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। 4 लाख कवर के अलावा, एक ट्रक चालक अपनी जेब से एक पैसा भी खर्च किए बिना असीमित चिकित्सा सुविधाओं का आनंद ले सकता है अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एमडी और सीईओ रवि चावला ने कहा कि हमें मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से हम बहुत खुश हैं।

### पाकिस्तान के लिए राहत पैकेज पर 29 अगस्त को बैठक

**इस्लामाबाद।** नकदी की किल्लत से जूझ रहे पाकिस्तान की मदद के लिए एक राहत पैकेज पर मुहर लगाने के लिए आईएमएफ के कार्यकारी मंडल की 29 अगस्त को बैठक होने वाली है।

### विमानों को पक्षियों की टक्कर से बचाने के लिए डीजीसीए ने जारी किए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली।** देशभर में हवाईअड्डों पर पक्षियों और अन्य जीवों के विमानों से टकराने की घटनाएं रोकने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय ने दिशानिर्देश जारी कर नियमित गश्त और किसी भी तरह की वन्यजीव गतिविधि पर पायलटों को सूचना देने को कहा। पिछले कुछ हफ्तों में विमानों से पक्षियों के टकराने की कई घटनाएं सामने आई हैं। गत चार अगस्त को भी गोफर्स्ट एयरलाइन के विमान ने चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरी थी लेकिन एक पक्षी से टकराने के बाद उसे अहमदाबाद हवाईअड्डे पर लौटना पड़ा था। इसके पहले गत 19 जून को पटना से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के बाद स्पाइसजेट के विमान के इंजन में आग लग गई थी और 184 यात्रियों को लेकर उड़े विमान को कुछ ही मिनट बाद आपात स्थिति में उतारा गया।

### एनएमडीसी का चालू वित्त वर्ष में 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन का लक्ष्य

**हैदराबाद।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का लक्ष्य रखा है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दस फीसदी अधिक है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने यह जानकारी दी। एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2021–22 में 4.219 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन और 4.056 करोड़ टन की बिक्री की थी।

### पांच साल में बंगाल से 20,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात

**कोलकाता।** समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यातक संगठन एसईए ने कहा है कि पश्चिम बंगाल अगले पांच वर्ष में इन उत्पादों का 18,000 करोड़ रुपए से लेकर 20,000 करोड़ रुपए तक का निर्यात कर सकता है। अध्यक्ष राजर्षि बनर्जी ने कहा है कि झींगा मछली पालन में 20 एंटीबायोटिक्स दवाओं के इस्तेमाल पर राज्य सरकार के हालिया प्रतिबंध से इस क्षेत्र से राजस्व बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी।

## नायरा एनर्जी ने पहली तिमाही में कमाया रिकॉर्ड 3,546 करोड़ रुपए का लाभ

भाषा। नई दिल्ली

**रूसी तेल कंपनी** रॉसनेफ्ट से समर्थित ऊर्जा कंपनी नायरा एनर्जी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में रिकॉर्ड 3,564 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। नायरा एनर्जी ने शुक्रवार शाम को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि अप्रैल–जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 3,564 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 139.1 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वहीं जनवरी–मार्च 2022 की तिमाही में उसने 409.5 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया था। अप्रैल–जून तिमाही में कंपनी को हुए जबरदस्त मुनाफे के पीछे रूस से सस्ते दाम पर आयातित कच्चे तेल की अहम भूमिका रही है। यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगे और उसके बाद नायरा एनर्जी ने रूस से अपेक्षाकृत कम दाम पर तेल खरीदना शुरू कर दिया था। नायरा एनर्जी में रॉसनेफ्ट और केसानी एंटरप्राइजेज कंपनी लिमिटेड के पास 49.13–49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह कंपनी गुजरात के वाडिनार में दो करोड़ टन सालाना तेल शोधन क्षमता वाली रिफाइनरी का संचालन करती है और देश भर में 6,500 से अधिक पेट्रोल पंपों के जरिए पेट्रोल–डीजल की बिक्री करती है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई एक अन्य सूचना में कहा कि कंपनी में रॉसनेफ्ट के प्रतिनिधि के रूप में शामिल रहे।

### सीसीआई ने अडाणी समूह को एसीसी लिमिटेड, अंबुजा सीमेंट्स के अधिग्रहण की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अडाणी समूह को अंबुजा लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड में स्विट्जरलैंड के होल्सिम समूह की हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। सीसीआई ने शुक्रवार को एक ट्वीट में इस फैसले की जानकारी दी।

### श्रीराम प्रॉपर्टीज को पहली तिमाही में शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेहतर बिक्री आंकड़ों के दम पर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 10.48 करोड़ रुपए का समेकित शुद्ध लाभ कमाया है। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 3.67 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। अप्रैल–जून तिमाही में कंपनी की कुल आय दोगुनी से भी ज्यादा होकर 145.11 करोड़ रुपए हो गई।

## इंडियन ऑयल और टाटा पावर का पहला फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन लखनऊ में खुला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**वैकल्पिक ईंधन** को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में, इंडियन ऑयल ने यूपी में ईवी स्टेशन शुरू करने के लिए टाटा पावर के साथ सहयोग किया है। पायलट आधार पर पहली ईवी चार्जिंग सुविधा का उद्घाटन इंडियनऑयल के मेसर्स इंद्रा ऑटोमोबाइल्स आशियाना लखनऊ में विज्ञान कुमार ईडी खुदरा बिक्री एन एंड ई द्वारा किया गया। यह सुविधा यूपी राज्य में अपनी तरह की पहली है क्योंकि इसमें फास्ट चार्जिंग क्षमता के साथ 25 किलोवाट का सेटअप शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री कुमार ने कहा कि इंडियनऑयल के वैकल्पिक ईंधन में प्रवेश के साथ, यह ईवी स्टेशन लखनऊ के आधुनिक ईवी वाहन मालिकों को आराम देगा। 0.100 चार्जिंग एक घंटे से भी कम समय में 300 रुपये की मामूली राशि पर हासिल की जा सकती है। टाटा पावर ईज़ी चार्ज ऐप के माध्यम से स्लॉट उपलब्धता और भुगतान के अनुसार प्री.बुकिंग पहले करनी होगी। इस अवसर पर ग्राहकों की खुशी के लिए आई लव आईओसी सेल्फ ी, प्वाइंट का भी उद्घाटन किया गया। इंडियनऑयल की तरफ से जयबीर मिश्रा,जीएम आरएस, इंडियन ऑयलय, रजत कौशल, महाप्रबंधक ,आरएस.2, इंडियन ऑयलय सिद्धार्थ स्वरूप डिवीजनल रिटेल हेड लखनऊ डीओ ने उपस्थित ग्राहकों के साथ हर घर तिरंगा् अभियान में भाग लिया।

# स्मृति ने सुजानपुर में अमृत सरोवर का फीता काटकर किया लोकार्पण

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हाथों निर्मित किए गए तिरंगे झंडे का किया अवलोकन और उनकी प्रशंसा की
- अमृत सरोवर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
- मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में लगाई गई विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन







संवाददाता। अमेठी

**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर आज माण् केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, ध्सांसद अमेठी श स्मृति जुबिन इरानी ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम सुजानपुर में मनरेगा योजना अंतर्गत 16प्59 लाख की लागत से नवनिर्मित अमृत सरोवर का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान माण् सांसद महोदया ने ग्राम प्रधान की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत सुंदर अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है यह सरोवर जल संरक्षण में सार्थक सिद्ध होगा इसके उपरांत माण् सांसद महोदया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित किए गए तिरंगे झंडे का अवलोकन किया एवं उनकी प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने अमृत सरोवर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। माण् सांसद महोदया ने मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा बनाई गई रंगोली को देखा। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विद्यालय की छात्राओं एवं संस्कृति विभाग द्वारा भेजे गए सांस्कृतिक दलध्जादू द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। इस दौरान माण् सांसद महोदया ने समस्त जनपद वासियों से 13 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा फहराने की अपील किया। इस दौरान माण् राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंहए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरीए जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रए पुलिस अधीक्षक इलामारन जीए मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठीए पूर्व विधायक तेजभान सिंहए चंद्र प्रकाश मिश्रए प्रबंधक मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज श्री जगदंबा प्रसाद त्रिपाठीए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीए कार्यकर्ता व जन सामान्य मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने बंधवाया रक्षा सूत्र

**कोंच ( जालौन )।** केंद्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद भानुप्रताप सिंह वर्मा ने भाई बहिन के परस्पर प्रेम से परिपूर्ण रक्षा बंधन पर्व पर शुक्रवार की देर शाम मुहल्ला गांधीनगर में रहने वाली अपनी मुंहबोली बहिन पूर्व सभासद उमा मिश्रा पत्नी कैलाश मिश्रा के घर पहुंचकर अपनी कलाई पर रक्षा सूत्र बंधबाकर क्षेत्रवासियों को रक्षा बंधन पर्व की शुभकामनाएं दी।भाई भानुप्रताप का तिलक कर बहिन उमा ने उनका मुंह मीठा कराया और उज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया।भानुप्रताप ने बताया कि करीब तीन दशक से अधिक समय से वह रक्षा बंधन पर्व पर अपनी मुंहबोली बहिन के घर रक्षा सूत्र बंधबाने व्यस्तता के बाद भी हर हाल में पहुंचते हैं और बहिन का उन्हें हमेशा प्रेम स्नेह आशीर्वाद मिलता रहता है।इस दौरान भाजपा नेता कैलाश मिश्रा, रामप्रकाश यादव, अंजनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में थाना मानिकपुर में थाना दिवस किया गया।

इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद ने थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए। साथ ही कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए । भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण कराएं। उप जिलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष से कहा कि आज दो शिकायतें जो रास्ता रोकने की प्राप्त हुई है उन्हें तत्काल राजस्व पुलिस की टीम आज ही मौके पर निस्तारण कराकर अवगत कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने थाना समाधान रजिस्टर का अवलोकन करके समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता को देखा। थाना समाधान दिवस मे उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव ,प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर गिरेन्द्र सिंह , लेखपाल, कानूनगो व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**सावन तीज महोत्सव में शामिल हुई भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती** :कोंच( जालौन)। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य ठाकुर अंजू सिंह द्वारा शनिवार को स्थानीय रॉयल गार्डन में संयोजित सावन तीज महोत्सव में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

सावन तीज महोत्सव में पधारी कमलावती सिंह का अंजू सिंह ने माल्यार्पण व बैज अलंकरण कर स्वागत किया।

## छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाल दिया देश प्रेम का संदेश

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



तिरंगा यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्रायें पायनियर

**शनिवार** को स्थानीय जनता सनातन धर्म इंटर कॉलेज से आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं संभ्रांत नागरिकों तिरंगा शोभायात्रा निकालकर देश प्रेम का संदेश दिया।

जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी उर्फ रामू, कुठौंद प्रधान नरेंद्र महंत, जनता सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगदीश नारायण शुक्ल, भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ अनेकों छात्र-छात्राओं सहित संदीप दाऊ, अमित नीखरा भाजपा मंडल अध्यक्ष, प्रवेन्द्र सिंह, अनिल पाल मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, पूजा शुक्ला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित लोगों की सहभागिता के बीच तिरंगा जागरूकता रैली सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू हुई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें अपने हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुये चल रहे है। तो वहीं डीजे पर देश भक्ति के गीत बजाये जा रहे थे। तिरंगा यात्रा में शामिल रहे अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, नरेंद्र महंत प्रधान सहित भाजपा ने घर-घर तिरंगा झंडा पहुंचाये जाने का संकल्प लिया। इसीक्रम में थानाध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में भी आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर तिरंगा शोभायात्रा का सफल आयोजन हुआ जिसमें अनेकों पुलिस कर्मियों ने सहभागिता कर देश प्रेज का जज्बा जगाया।

## तीन थानों में आयीं मात्र 4 शिकायतें, 2 हुईं निस्तारित

**कोंच ( जालौन )।** शनिवार को कोंच कोतवाली सहित सर्किल के थाना नदीगांव व कैलिया में आयोजित किये गये समाधान थाना दिवस में पुलिस व राजस्व विभाग से सम्बंधित मात्र 4 शिकायतें ही फरियादियों द्वारा दर्ज करायीं गयीं। दर्ज करायीं गयीं शिकायतों में से 2 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित कर दी गईं। कोंच कोतवाली में एसएसआई आनंद कुमार ने शिकायतें सुनी। यहां पर दर्ज करायीं गयीं 2 शिकायतों में से 1 शिकायत निस्तारित कर दी गई। थाना नदीगांव में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल ने शिकायतें सुनी।यहां पर भी दर्ज 2 शिकायतों में से 1 शिकायत मौके पर ही निस्तारित कर दी गई। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष रविन्द्र यादव फरियादियों के इंतजार में बैठे रहे लेकिन एक भी फरियादी अपनी समस्या शिकायत लेकर नहीं पहुंचा। समाधान दिवस में दरोगाओं समेत राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रशासनिक अमले ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**कालपी (जालौन)।** आजादी का 75वां अमृत महोत्सव देश के हर एक कोने में मनाया जा रहा है इसी उपलक्ष में बीते दिन शनिवार को एसडीएम कालपी द्वारा कालपी नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा देश इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मनाकर देश के प्रति अपने प्रेम को प्रकट कर रहा है। इसमें देश का प्रशासनिक अमला भी शामिल हैं देश की आन बान शान तिरंगा को उत्साह पूर्वक लहराया जा रहा है। इसी क्रम में दिन शनिवार को उप जिलाधिकारी कालपी अंकुर कौशिक द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कालपी नगर के हर गली से निकाली गई, साथ ही साथ लोगों को धूमधाम से आजादी का 75वां अमृत महोत्सव बनाने का संदेश दिया गया। इस तिरंगा यात्रा में हर एक समुदाय के लोग शामिल हुए और भाई चारे की भावना एवं उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा को नगर में घुमाया गया। वही नगर के लोगों को घरों में तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा भी वितरित किए गए। एसडीएम कालपी ने कहा की आजादी का यह 75वां अमृत महोत्सव सभी लोगों को एक साथ मिलकर मनाएं और अपने घरों में तिरंगा लगाना लगाएं उन्होंने कहा कि यह गर्व की अनुभूति का पल है कि आज नगर में सभी जगह तिरंगा लहरा रहा है। इस प्रकरण में एसडीएम कालपी अंकुर कौशिक समेत, नायाब तहसीलदार राजेश पाल, शासकीय अधिवक्ता सत्यम पांडे, शिवम यादव, राहुल श्रीवास एवं सभी समुदाय के लोग शामिल रहे।

### सालाबाद में जल निकाली न होने से बरसाती पानी घरों में भरा

**जालौन (उरई)।** जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश का पानी घरों में भर रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी रामप्रकाश, महेश कुमार, अरविंद आदि ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में डॉ. अंबेडकर स्कूल के पास दलित बस्ती है। इसी बस्ती के पास गांव का तालाब भी स्थित है। इस तालाब में पूरे गांव का पानी आता है। लेकिन पानी निकलने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद है। जिसके चलते पानी तालाब तक पहुंच पा रहा है। जिसके चलते बारिश का पानी दलित बस्ती में ही भर जाता है। गलियों और रास्ते में जलभराव होने के बाद पानी घरों में भरने लगता है। जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। जितनी बार बारिश होती है उतनी ही बार घरों में पानी भर जाता है। घरों में पानी भरने पर उसे बाल्टियों अथवा अन्य साधनों से खाली करना पड़ता है। जिससे मुश्किल हो रही है। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम से जल निकासी की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

### सींगपुरा में अधूरा पड़े पक्के नाले से ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ी

**जालौन (उरई)।** गांव में नाला पक्का न होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। पूर्व में नाले के कुछ भाग का निर्माण करा दिया गया। शेष भाग छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने पूरे नाले को पक्का कराने की मांग करते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी मनोज कुमार, शेखर, विनोद आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में मुख्य मार्ग के बगल में ही कच्चा नाला बना हुआ है। इस नाले की लंबाई करीब 400 मीटर है। नाला कच्चा होने से उसके किनारे की मिट्टी धसकती रहती है। इसके अलावा कीचड़ भी होता है। जिससे रास्ते से होकर निकलने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने उक्त नाले को पक्का कराने की मांग की थी। जिसके बाद नाले का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन लगभग 180 मीटर नाले का ही पक्का निर्माण कराया गया। शेष 220 मीटर नाले को वैसा ही छोड़ दिया गया। विनोद चौधरी के मकान से अशर्फी पाल के मकान तक नाला पक्का न होने से ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जनहित में अवशेष नाले को भी पक्का कराने की मांग की है।

### इंगुई कलां में तालाब किनारे मिला मगरमच्छ, मचा हड़कम्प

**कोंच(जालौन)।** कोंच विकास खण्ड के ग्राम इंगुई कलां में शनिवार की सुबह तालाब किनारे करीब 9 फिट लंबा मोटा मगरमच्छ मिलने से गांव में हड़कम्प मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे तभी ग्रामीणों ने आबादी के समीप स्थित तालाब किनारे मगरमच्छ को विचरण करते हुए देखा तो ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। मगरमच्छ होने की सूचना वन विभाग को दी गई जिसके बाद वन रेंजर पंकज भानु सिंह ने वन कर्मियों की टीम मौके पर भेजी। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़ लिया। विदित हो कि गांव में इससे पहले भी मगरमच्छ पाया गया था और एक बार फिर से मगरमच्छ पाए जाने से ग्रामीणों में डर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि नहर के पानी से मगरमच्छ तालाब में आ जाते हैं।

### छिरिया सलेमपुर में आजादी के अमृत महोत्सव निकली तिरंगा यात्रा

**जालौन (उरई)।** आजादी के अमृत महोत्सव पर पर चल रहे तिरंगा अभियान के तहत ग्राम मकरंदुपरा व छिरिया सलेमपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को लेकर भारत माता की जय के नारे भी लगाए। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी व प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो ग्राम पंचायत भवन से शुरू होकर गांव की विभिन्न गलियों से होकर पुनः पंचायत भवन पर जाकर समाप्त हुई। उधर, मकरंदपुरा में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा गांव के राममंदिर से शुरू हुई। जो गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुई। उधर, इस दौरान गांव के लोग और बच्चे देश की शान में राष्ट्रीय ध्वज को हाथों में थाम कर आगे बढ़ रहे थे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस मरी

**कोंच ( जालौन )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरावार में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर खेतों में चारा चर रही एक भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रेंढर थाना क्षेत्र के इस गांव के निवासी तेजसिंह कुशवाहा पुत्र बैजनाथ कुशवाहा की एक भैंस शनिवार को गांव के खेतों में चारा चर रही थी। इसी बीच गड़गड़ाहट और बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार जाटव ने मौके पर पहुंचकर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। वहीं तेजसिंह ने पुलिस से मृत भैंस का पोस्टमार्टम कराकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

## बारिश का पानी घरों में घुसा, धान की रोपाई कर सपाइयों ने जताया विरोध

संवाददाता। चित्रकूट



सड़क पर भरे पानी में धान रोपते सपाई पायनियर

**शुक्रवार** की रात शुरु हुई बारिश शनिवार दोपहर तक जारी रहने से नगर पालिका के विकास कार्यों की पोल खोल दी। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। आसपास के लोग और सपा नेताओं ने सड़क में धान की रोपाई कर विरोध जताया।

शनिवार व शुक्रवार को हुई बारिश से लोगों के घरों में भरे पानी को दिखाने को स्थानीय लोगों ने प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय को मौके पर ले जाने का प्रयास किया। उन्होंने वहां जाने से इंकार कर दिया। इस बाबत पूंछने पर पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने फोन नहीं उठाया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने बताया कि बारिश के पहले नगर पालिका ने नाली व नाले की सफाई की फोटो सोशल मीडिया में डाली थी। लोनिवि की पक्की सड़क और नाली बनवाने का दावा किया था। दो घंटे की बारिश ने विभागों की पोल खोल दी। हालत ये है कि सड़कों पर धान रोपा जा रहा है। जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड के पास रामपुरी, लक्ष्मणपुरी, पाण्डेय कालोनी, नयी दुनिया, अहिरनपुरवा में लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। लोग अपनी-अपनी छतों पर बैठकर रात गुजारने को मजबूर हुए। धीरे-धीरे पानी निकलने के बाद लोग अपने घरों की छत से नीचे उतरे। स्थानीय लोगों ने कहा कि कई बार नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग से शिकायत की गई है।

## होमगार्डकर्मियों ने धूमधाम से निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



संवाददाता। कोंच (जालौन)

**आजादी** का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को होमगार्ड कर्मियों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। परेड कमांडर अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में होमगार्ड कर्मियों ने खंड विकास कार्यालय से नदीगांव रोड होते हुए मारकंडेश्वर तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में क्रमबद्ध तरीके से शामिल होमगार्ड कर्मी अपने अपने हांथों में लिए तिरंगा झंडा लहराते हुए भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। यात्रा में उमेश सिंह, धर्मेंद्र ब्यास, रामानंद, लालजी प्रजापति, मनोज कुमार, नरेंद प्रताप, बीरसिंह, राजेन्द्र कांत खरे, रामकुमार, गंगाराम, शिवराम सिंह, विनीत कुमार, रमेश कुमार, दारा सिंह आदि होमगार्ड कर्मी शामिल रहे। उधर, सीएचसी में पदस्थ चिकित्सकों सहित स्टॉफ सदस्यों ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश बरदिया के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली।

## कानपुर महोबा मार्ग पर संचालित होंगी शासन से मिली दो नई बसें



संवाददाता। हमीरपुर

**शासन ने** स्थानीय रोडवेज को दो नई बसे आवंटित की है,दोनों बसे कानपुर महोबा मार्ग में संचालित की जायेगी हालाकि इन दोनों बसों को फास्टटैग नही बन पाया है,इसलिये फ्लिहाल ये बसे विभिन्न रुटों पर भेजी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय रोजबेज में ज्यादातर रोडवेज बसे अपनी मियाद पार कर चुकी है जिससे अक्सर बसे रास्ते में ही धोखा दे जाती है। बसों की बाडी टूट फूट गयी है, विभाग ने कई मर्तवा नयी बसों की मांग की है लिहाजा शासन ने कल दो नयी बसे आवंटित की है कल दोनो बसो का उद्घाटन किया जायेगा। एआरएम रोडबेज अकील खान ने बताया कि कानपुर महोवा मार्ग सबसे ज्यादा लाभ देने वाला मार्ग है इसलिये दोनों बसों को इसी मार्ग पर संचालित की जायेगी। फास्ट टैग न बना होने के कारण फ्लिहाल अभी एक बस राठ हमीरपुर व एक बस बांदा हमीरपुर मार्ग पर संचालित की जायेगी। दोनों बसो के आने से यात्रियो ने काफी राहत महसूस की है। इस रोड में सबसे ज्यादा सवारिया निकलती है।

## अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए विधायक ने मऊ में निकाली जनजागरण यात्रा

संवाददाता। मऊ (चित्रकूट)



**जिले** के मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने शनिवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के केंद्रीय कार्यालय मऊ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के आहवान पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सैकडों समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।

इस मौके पर अपना दल-भाजपा गठबंधन से विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण चुके हैं। जिसके उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस बार पूरे भारत राष्ट्र में घर-घर तिरंगा लहराने का सरकार ने संकल्प लिया है।जिसको साकार करने के लिए जनजागरूकता के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।विधायक ने बताया कि आज पार्टी पदाधिकारियों, प्रधानों एवं समर्थकों के हुजूम के साथ तिरंगा चेतना यात्रा मऊ नगर पंचायत में निकाली गई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमित द्विवेदी ने भी बड़े जोरदारी के साथ अपने समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा में शिरकत किया। तिरंगा यात्रा मऊ बाजार होते हुए जमुना रोड पहुंचकर सीधे मऊ बस अड्डे की ओर चौराहा होते हुए बांए मुड़कर थाने के सामने से तहसील के पास से लौट कर के अपने केंद्रीय कार्यालय में यात्रा समाप्त हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता गीता तिवारी,नगर पंचायत के ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरि,पूर्व प्रधान खपटिहा दिलीप द्विवेदी,चंद्र शेखर द्विवेदी,लक्ष्मी शुक्ला सुमित्रा देवी आदि सकैडों लोग मौजूद रहे।

# भारतीय खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है : मोदी

● 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल का अभिनंदन किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 61 पदक जीतकर लौटे भारतीय दल का अभिनंदन करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है और अच्छे प्रदर्शन पर संतोष करके चुप नहीं बैठना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निवास स्थान पर भारतीय दल की मेजबानी की। भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत 61 पदक जीते। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा , आप सभी वहां मुकाबला कर रहे थे लेकिन समय का अंतर होने के कारण हिंदुस्तान में करोड़ों भारतीय रतजगा कर रहे थे। देर रात तक आपके हर एक्शन पर देशवासियों की नजर थी। बहुत से लोग अलार्म लगाकर सोते थे कि आपके प्रदर्शन का अपडेट लेंगे। खेलों के प्रति इस दिलचस्पी को बढाने में आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। इस बार का हमारे प्रदर्शन का ईमानदार आकलन सिर्फ पदकों की संख्या से संभव नहीं है। हमारे कितने खिलाड़ी इस बार करीबी मुकाबले खेलते नजर आए और यह भी किसी पदक से कम नहीं है। प्वाइंट एक सेकंड का फासला रह गया होगा लेकिन उसे भी हम कवर कर लेंगे क्योंकि ए मेरा आप पर विश्वास है जो खेल हमारी ताकत रहे हैं उनको तो हम मजबूत कर रही रहे हैं। हम नए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं।हॉकी में जिस प्रकार हम अपनी विरासत को फिर हासिल कर रहे हैं, उसके लिए मैं दोनों टीमों के प्रयास, मेहनत और मिजाज की सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा , पिछली बार की तुलना में इस बार हमने चार नए खेलों में जीत का नया रास्ता बनाया। लॉन बॉल्स से लेकर एथलेटिक्स तक अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है जिससे नए खेलों में युवाओं का रूझान बढने वाला है। इसी तरह नए खेलों में प्रदर्शन सुधारते चलना है। उन्होंने हालांकि कहा , यह शुरूआत है और हम संतोष करके चुप बैठने वाले नहीं है। भारत के खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है। यह अच्छी बात है कि खेलों इंडिया और टॉप्स के कई खिलाड़ियों ने इस बार बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन इन प्रयासों को और तेज करना है। कोई भी प्रतिभाा छूटनी नहीं चाहिए क्योंकि वह देश की संपदा है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा , अब आपके सामने एशियाई खेल हैं। आप जमकर तैयारी कीजिए। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप रोल मॉडल के रूप में देश की युवा पीढी को प्रेरित करना जारी रखें। सभी सीनियर खिलाड़ियों ने उम्मीद के अनुसार लीड किया और युवाओं ने तो कमाल ही कर दिया। मेरी खेलों से पहले जिन युवा साथियों से बात हुई थी, उन्होंने अपना वादा निभाया। प्रधानमंत्री ने कहा , आपकी सिद्धि का यश आपके साथ जुड़कर जैसे हर हिंदुस्तानी गर्व करता है।



## आईओए ने पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शनिवार को यहां एक समारोह में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। आईओए ने प्रत्यक स्वर्ण पदक विजेता को 20 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जबकि रजत और कांस्य विजेताओं को क्रमशः 10 लाख रुपए और 7.5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, महासचिव राजीव मेहता, कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे, और बर्मिंघम खेलों के भारत के शेफ डे मिशन (दल प्रमुख) राजेश भंडारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर खन्ना ने भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन की सराहना की, जिससे देश बहु-खेल स्पर्धा से निशानेबाजी की गैरमौजूदगी के बावजूद पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

## खिलाड़ियों की तुलना आजादी के क्रांतिवीरों से की

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की तुलना भारत की स्वतंत्रता के क्रांतिवीरो से करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि खिलाड़ी देश को सिर्फ एक पदक नही या गर्व करने का अवसर ही नही देते बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ करते है। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों से कहा , आप सभी बाकी क्षेत्रो मे भी युवाओ को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते है। आप सभी देश को एक संकल्प, एक लक्ष्य के साथ जोड़ते है जो हमारी आजादी की लड़ाई की भी बहुत बड़ी ताकत थी।अनगिनत क्रांतिवीरो की भी धारा अलग थी लेकिन लक्ष्य एक था। आप सभी का राज्य, जिला, गांव, भाषा कोई भी हो लेकिन आप भारत के मान अभिमान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते है। आजादी की लड़ाई से लेकर आजाद भारत के नवनिर्माण तक जिस भावना से एकजुट होकर लोगो ने प्रयास किया, आप सभी भी उसी भावना से मैदान मे उतरते है।

# तोक्यो ओलंपिक के बाद मैंने लगभग कुश्ती छोड़ने का फैसला कर ही लिया था: विनेश फोगाट

**भाषा।** नई दिल्ली



**विनेश फोगाट** ने शनिवार को कहा कि तोक्यो में ओलंपिक में लगातार दूसरी बार पदक से चूकने के बाद उन्होंने लगभग कुश्ती छोड़ने का मन बना ही लिया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत ने उन्हें खेल में जारी रहने के लिए प्रेरित किया। 2016 रियो ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल में घुटने की चोट से उनकी पदक की उम्मीद टूट गई लेकिन तोक्यो में वह अंतिम आठ चरण में बाहर हो गईं जबकि वह अपने वजन वर्ग में दुनिया की नंबर पहलवान के तौर पर उतरी थीं। विनेश ने स्वीकार किया कि इन दो निराशाओं ने उन्हें कुश्ती छोड़ने की कगार पर पहुंचा दिया था लेकिन उन्होंने फिर वापसी करते हुए हाल में समाप्त हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। इस स्टार पहलवान ने पीटीआई से कहा, निश्चित रूप से, आप कह सकते हैं (विनेश 2.0 रिलोडिड)। मैं मानसिक रूप से बहुत बड़े बैरियर को पार करने में सफल हुई हूं। मैंने लगभग कुश्ती छोड़ ही दी थी क्योंकि दो ओलंपिक में मैं एक पदक नहीं जीत सकी थी।

## शॉपमैन के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने मेरा सर्वश्रेष्ठ लाने में मदद की: ज्योति

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ज्योति ने कहा कि मुख्य कोच यानेके शॉपमैन के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने खेल में काफी सुधार करने में मदद की जिससे वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहीं। ज्योति उस भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं जिसने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल का पदक सूखा खत्म कर यादगार कांस्य पदक जीता।

## टेबल टेनिस खिलाड़ी नैना जायसवाल के ऑनलाइन उत्पीड़न पर मामला दर्ज

**हैदराबाद।** टेबल टेनिस खिलाड़ी नैना जायसवाल की सोशल मीडिया पर कथित उत्पीड़न की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जायसवाल के पिता ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि इसमें महिला का अपमान , गलत इशारा करना जैसे मामले दर्ज हुए है। उन्होंने कहा कि चूंकि मामला जमानती है, इसलिए आरोपी को सीआरपीसी की धारा 41 (पुलिस अधिकारी के समक्ष पेशी) के तहत नोटिस जारी किया गया है।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर साइकिल तिरंगा यात्रा आज

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लखनऊ के साइकिलिस्ट व अन्य प्रबुद्धजन 14 अगस्त को साइकिल पर तिरंगा लेकर निकलेंगे। लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन व पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाले इस साइकिल तिरंगा यात्रा के बारे में एलसीए अध्यक्ष उत्कर्ष त्रिपाठी ने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत सुबह 6: 30 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम से होगी। इसको लेकर साइकिलिस्टों के साथ सभी वर्गो के लोगों में उत्साह व्याप्त है। आयोजन सचिव आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि इस साइकिल तिरंगा यात्रा को लेकर अब तक 250 लोग अपना पंजीकरण करा चुके है। इसमें साइकिलिस्टों के अलावा अन्य लोग भी शामिल है।

## बैडमिंटन 25 से

**लखनऊ ।** श्री सुविदा फाउंडेशन सेकेण्ड मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 से 28 अगस्त होगी। सचिव डा. सुधर्मा सिंह के अनुसार मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता बीबीडी0 बैडमिंटन अकादमी, गोमती नगरए लखनऊ में खेली जाएगी जिसमें एकल, युगलए मिश्रित युगल की स्पर्धा खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता के अंकों के आधार पर राज्य टीम का चयन होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु इन्ट्री की अन्तिम तिथि 20 अगस्त 2022 है। इन्ट्री 18 से 20 अगस्त 2022 सायं 04 से 07 बजे तक लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी को अकादमी में दे सकते है।

## धोनी नए अवतार में

**नई दिल्ली।** ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती के नए कैम्पेन में धोनी एक गुरूजी की भूमिका में नज़र आएंगे। यह नया टीवी विज्ञापन ज़ेड ब्लैक के प्रार्थना होगी स्वीकारका ही विस्तार है जिसका उद्देश्य है यह संदेश लोगों तक पहुंचाना कि मुश्किल समय में केवल प्रार्थनाएं ही वायरल होती हैं और इसे निस्वार्थ भावना के साथ फैलाने की आवश्यकता है। ज़ेड ब्लैक देश के शीर्ष तीन अगरबत्ती निर्माताओं में से एक है जो प्रति दिन तीन करोड़ से ज़्यादा अगरबत्तियाँ तैयार करती है और 15 लाख पैक की बिक्री करती है। भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी और सबसे चहेते कैप्टन कूल महेन्द्र सिंह धोनी लगातार पिछले पांच सालों से भी ज़्यादा समय से ज़ेड ब्लैक 3 इन 1 अगरबत्ती का विज्ञापन कर रहे हैं और तब से दुनिया भर में कंपनी की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है। इस टीवी विज्ञापन में एमएस धोनी पहली बार एक गुरूजी के अवतार में प्रार्थनाओं को वायरल बनाने और सकारात्मक वाइब्स फैलाने के महत्व का उपदेश देते नज़र आएंगे। अंकित अग्रवाल डायरेक्टर ने जानकारी दी पूर्व भारतीय कप्तान धोनी दुनिया में सर्वाधिक सम्मानित क्रिकेट किलाड़ियों में से एक हैं और वो सारे विश्व में क्रिकेट खिलाड़ी बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिए आदर्श हैं।

# भारतीय टी20 क्रिकेट टीम में शमी से बेहतर तेज गेंदबाज हैं: पोंटिंग

**भाषा।** दुबई



**आस्ट्रेलिया** के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने एशिया कप की टीम में मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति के बारे में कहा कि वह लंबे प्रारूप के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं क्योंकि भारत की टी20 टीम में उनसे बेहतर कई तेज गेंदबाज हैं। भारत ने भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह को तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के तौर पर चुना है जिसमें आल राउंडर हार्दिक पंड्या 15 सदस्ईय टीम में चौथे गेंदबाज हैं। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के ताजा एपिसोड में कहा, वह (शमी) भारत के लिए काफी लंबे समय से बहुत बहुत अच्छा गेंदबाज रहा है। अगर आप उसकी काबिलियत देखो तो वह टेस्ट क्रिकेट में शायद सबसे ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करता है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टी20 क्रिकेट टीम में शमी से कहीं बेहतर तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने एशिया कप के लिए केवल तीन का ही चयन किया है। इसलिए अगर टीम में संभावित चार नाम होते तो वह चौथे तेज गेंदबाज हो सकते थे। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोटों से उबर रहे हैं तो कईयों को लगता है कि शमी को एशिया कप में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा करने के लिए शामिल किया जाना चाहिए था। एशिया कप 27 अगस्त से 11 सितंबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा और पोंटिंग ने भारत को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार बताया। पोंटिंग ने कहा, एशिया कप ही नहीं बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को पछाड़ना हमेशा ही मुश्किल होता है, लेकिन मुझे लगता है कि हर बार हम टी20 विश्व कप के बारे में बात करते हैं जो आने ही वाला है और इसमें भी भारत मजबूत टीम होगी। उनकी टीम में गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों से कहीं बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच एक दशक से द्विपक्षीय श्रृंखला आयोजित नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमें इसकी कमी महसूस हुई है, ऐसा नहीं है क्या? जरा पिछले 15 या 20 साल को देखो। क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर जब भी इस तरह की भिड़ंत होती है तो हमेशा इन्हें बैठकर देखना अच्छा लगता है क्योंकि इसमें थोड़ा उत्साह अधिक होता है। पोंटिंग ने कहा, प्रतिद्वंद्विता की बात आती है तो आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज टेस्ट क्रिकेट शीर्ष पर है।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 90 रन से हराकर श्रृंखला में बढ़त ली

**किंगस्टन।** ग्लेन फिलिप्स के 33 गेंद में अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 90 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की अजेय बढत बना ली। टी20 क्रिकेट में अपना पांचवां अर्धशतक बनाने के बाद फिलिप्स ने 40 गेंद में 76 रन बनाकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 215 रन तक पहुंचाया।

## आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर श्रृंखला में बढत ली

**बेलफास्ट।** आयरलैंड ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मैच में पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2- 0 से बढत ले ली। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन आठ विकेट पर 122 रन ही बना सकी। उसके लिए हशमतुल्लाह शाहिदी ने 42 गेंद में 36 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोश लिटिल, मार्क एडेयर, कुर्टिस कैंफर और जेरेथ डेलानी ने दो दो विकेट लिए।

# मेरे जीवनकाल में नही खत्म होगा टेस्ट क्रिकेट : इयान

**भाषा।** नई दिल्ली



**आस्ट्रेलिया के** महान क्रिकेटर इयान चैपल निश्चित हैं कि टेस्ट क्रिकेट उनके जीवनकाल में खत्म नहीं होगा लेकिन उन्होंने हैरानी जताई कि टी20 लीग के फलने फूलने के बीच क्या सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भविष्य में इसे खेलेंगे। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि दुनिया भर में तेजी से बढ़ती टी20 लीग के चलते अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सामने खिलाड़ियों को बरकरार रखने की चुनौती हैं। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे जीवनकाल में खत्म नहीं होगा। लेकिन इसे कौन खेल रहा होगा? यह सबसे बड़ा सवाल है। अगर आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं खेल रहे तो क्या टेस्ट क्रिकेट देखने लायक होगा? इसका जवाब शायद नहीं होगा। टेस्ट क्रिकेट एक अच्छा खेल है लेकिन इसे अच्छी तरह खेला जाना चाहिए। चैपल ने क्रिस लिन के क्रिकेट आस्ट्रेलिया से संयुक्त अरब अमीरात की आईएलटी20 लीग में खेलने के लिए अनापत्ति पत्र (एनओसी) मंगाने के मुद्दे के बारे में भी बात की। लिन ने इस लीग में खुद को मार्की खिलाड़ी के तौर पर पंजीकृत कराया है लेकिन लीग में खेलने के लिए उन्हें क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) से अनापत्ति पत्र की जरूरत होगी। लेकिन शायद उन्हें यह नहीं मिलेगा क्योंकि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट भी इसी समय अपनी बिग बैश लीग आयोजित करता है। चैपल ने कहा कि अगर वह लिन की जगह होते और उन्हें एनओसी नहीं मिलती तो वह सीए को अदालत खींच कर ले गए होते।

## एआईएफएफ चुनाव : सुब्रत दत्ता, लारसिंग मिंग के नामांकन निर्वाचन अधिकारी ने खारिज किए

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनावों से पहले अनुभवी प्रशासक सुब्रत दत्ता और लारसिंग मिंग के नामांकन को निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने खारिज कर दिया। एआईएफएफ के एक सूत्र ने कहा, एआईएफएफ के निर्वाचक मंडल में से भारतीय फुटबॉल संघ (आईएफए) और मेघालय फुटबॉल संघ के नामांकन को निर्वाचन अधिकारी ने खारिज कर दिया है।

## अनाहत ने विश्व जूनियर स्क्वॉश के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नैंसी (फ्रांस)।** उदईमान भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को यहां चौथे दौर में इंग्लैंड की टोरी मलिक को 3-। से हराकर डब्ल्यूएसएफ विश्व जूनियर 2022 के महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय स्क्वॉश दल की सदस्य अनाहत ने मलिक को 11-5, 11-5, 6-।, 11-7 से हराया।

# सिंधू स्ट्रेस फैक्चर के कारण विश्व चैम्पियनशिप से हटी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से शनिवार को नाम वापस ले लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने ट्विटर पर साझा बयान में पुष्टि की कि वह 2022 विश्व चैंपियनशिप से हट जाएंगी। सिंधू ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। वह इसमें दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीत चुकी है। हड्डियों या ऊतक पर अत्यधिक दवाब पड़ने से होने वाले हल्के फ्रैक्चर या सूजन को स्ट्रेस फ्रैक्चर कहते हैं। सिंधू ने यहां जारी बयान में कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मैं शिखर पर हूं। दुर्भाग्य से, मुझे विश्व चैंपियनशिप से हटना पड़ा। मुझे दर्द महसूस हुआ और राष्ट्रमंडल खेलों के क्वार्टर फाइनल में चोट से दर्द महसूस हुआ। लेकिन अपने कोच, फिजियो और ट्रेनर की मदद से मैंने जितना हो सके आगे बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा, फाइनल के दौरान और उसके बाद दर्द असहनीय था। इसलिए जैसे ही मैं हैदराबाद वापस आई, मैंने एमआरआई कराया। डॉक्टरों ने मेरे बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुष्टि की और कुछ हफ्तों के लिए आराम करने की सलाह दी। मैं कुछ सप्ताह के बाद मैं फिर से अभ्यास शुरू करुंगी। समर्थन और प्यार के लिए आप सभी का धन्यवाद।

# कोको गॉ को हराकर टोरंटो सेमीफाइनल में पहुंची हालेप



**भाषा।** टोरंटा

**दो बार की** चैम्पियन सिमोना हालेप ने अमेरिका की कोको गॉ को 6-4, 7- 6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रोमानिया की 30 वर्ष की हालेप ने 2016 और 2018 में मांट्रियल में यह टूर्नामेंट जीता था। अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6- 3 से मात दी। ब्राजील की बीट्रिज एच माइया ने स्विटजरलैंड की 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच को 2- 6, 6 - 3, 6 -3 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की इगा स्वियातेक से होगा। वहीं चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा की टक्कर चीन की झेंग किंवेन से होगी।

## कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण जोकोविच सिनसिनाटी ओपन से बाहर

**सिनसिनाटी।** 21 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच कोरोना का टीका नही लगवाने के कारण अमेरिका की यात्रा नही कर सकेंगे और इसी वजह से सिनसिनाटी ओपन हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से उन्हे पीछे हटना पड़ा। वह इस साल अमेरिकी ओपन भी नही खेल पाएंगे जो न्यूयॉर्क मे 29 अगस्त से शुरू हो रहा है। सर्बिया के 35 वर्ष के जोकोविच पहले भी कह चुके है कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका नही लगवाएंगे। इसी वजह से वह जनवरी मे आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिका मे दो टूर्नामेंट नही खेल सके। मांट्रियल मे चल रहे टूर्नामेंट से भी वह बाहर है क्योंकि अमेरिका और कनाडा मे उन्हे प्रवेश वर्जित है जिन्होने कोरोना का टीका नही लगवाया है।

## रूड ने मांट्रियल ओपन में ओगर एलियास्सिमे को हराया

**मांट्रियल।** चौथी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल मे स्थानीय खिलाड़ी फेलिक्स ओगर एलियास्सिमे को 6-1, 6-2 से हरा दिया। वह सत्र मे तीसरी बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल मे पहुंचे है। उनका सामना अब आठवी वरीयता प्राप्त पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होने आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को 7-6, 6-7, 6-। से हराया। ब्रिटेन के डेनियल इवांस ने अमेरिका के टॉमी पॉल को। -6, 6 -3, 6 -4 से शिकस्त दी और स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने ब्रिटिश क्वालीफायर जैक ड्रेपर को 7-6, 6 -1 से मात दी।

## सितंबर में लुसाने जाएगा आईओए प्रतिनिधिमंडल, खन्ना ने निलंबन के खतरे को खारिज किया

**नई दिल्ली।** निलंबन के खतरे को खारिज करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने शनिवार को कहा कि तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल अगले महीने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के मुख्यालय जाकर आईओसी को चुनाव के संबंध में मौजूदा स्थिति से अवगत कराएगा। चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की आईओसी की चेतावनी के हफ्तों बाद खन्ना ने कहा कि आईओए देश का कानून और खेल कोड मानने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओसी के आईओए को निलंबित करने की चेतावनी संबंधी रपटों के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि भारत इतना छोटा देश नहीं है कि उसे धमकाया जा सके।

## पुजारा के 79 गेंद में 107 रन के बावजूद हारा ससेक्स

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 79 गेंद में 107 रन बनाए लेकिन उनकी काउंटी टीम ससेक्स रॉयल लंदन वन डे कप के मैच में वार्विकशर से चार रन से हार गई। पुजारा ने एक ओवर में 22 रन निकालते हुए अपना शतक पूरा किया। जीत के लिए 311 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम हालांकि चार रन से चूक गई। पुजारा ने मध्यम तेज गेंदबाज लियाम नोर्वेल को 45वें ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। वह 49वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हुए। ससेक्स की टीम सात विकेट पर 306 रन ही बना सकी। वहीं स्टार हरफनमौला कृणाल पंड्या ने वार्विकशर के लिए तीन विकेट लिए जिनमें से दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। पंड्या ने अली ओर (81), टॉम क्लार्क (30) और डेलरे रॉलिंस (11) के विकेट चटकाए।

# द्वितीय टेनिस बॉल क्रिकेट में एलपीसी आम्रपाली चैंपियन




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मोंटफोर्ट इण्टर कॉ**लेज में चल रहे द्वितीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एल पी सी अम्रपाली योजना ने एल पी एस वृन्दावन योजना को 4 विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्ज़ा किया। इस मुकाबले में एल पी एस योजनाद्ध ने 8 ओवर में 6 विकेट खोकर केवल 34 रन ही बना पाई जब कि उसके जवाब में एल पी सी अम्रपाली योजना ने यह लक्ष्य आसानी से केवल 6 ओवरों में 2 विकेट खोकर ही पूरा कर लिया। मैन ऑफद मैच एल पी एस अंकित यादव को दिया गया जिन्होंने नाबाद 18 रन बनाए और 2 विकेट लिए। इस टूर्नामेंट में वैभव,एल पी सी अम्रपाली मैन ऑफ द सीरीज़,अंकित को बेस्ट बॉलर तथा आशु मिश्रा को बेस्ट प्लेयर का पुरुस्कार दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण यू पी ओलिम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष टी पी हवेलिया के द्वारा किया गया,उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में 17 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों का चयन चैन्नई में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता भाग लेने जा रही यू पी की टीम में होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ज़हीर समाज सेवी, डॉ वहाब,वाईस चेयरमैन ब्रदर जीनु अब्राहम प्रधानाचार्य मोंटफोर्ट कॉलेज आदि उपस्थित थे।

## मोंटफोर्ट के कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

**लखनऊ।** मोंटफोर्ट कॉलेज के 5 यू पी एयर एन सी सी के कैडेट्स ने हर घर तिरंगा रैली निकाली जिसका उद्घाटन मोंटफोर्ट कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर जीनु अब्राहम ने हरी झंडी दिखाकर किया, उन्होंने बताया कि आज़ादी के '75वें अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में लोगो को आज़ादी के सही मतलब से अवगत कराना है और देश के प्रति प्रेम व राष्ट्रहित की भावना को उजागर करना और तिरंगे के प्रति के महत्व को बताना है।जिससे राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो।इस अवसर पर एयर फोर्स इन सी सी के सार्जेंट बृजेन्द्र कुमार और वारंट ऑफिसर शेर सिंह यादव भी शामिल थे।

# अमृत महोत्सव पर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 16 से

**लखनऊ।** यू.पी. जूडो एसोसिएशन, भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में 16 से 20 अगस्त 2022 तक बैडमिन्टन हॉल, के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। 700 से अधिक खिलाड़ी व ऑफीशियल इस भव्य आयोजन का हिस्सा होगें। यह जानकारी यूपी जूडो संघ के उपाध्यक्ष मुकेश मेश्राम ने दी। इस अवसर मुन्नवर अंजार, आयशा, समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन बृजेष पाठक, मउपमुख्यमंत्री, एवं गिरीष यादव मंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण करेंग। समापन श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी, राज्यपाल उत्तर प्रदेष द्वारा होगा। यह प्रतियोगिता खेल निदेषालय द्वारा दिये गये 2 सेट नये जूडो मैट्स पर खेली जायेगी। यह प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में खेली जायेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्रा, तकनीकी सचिव दीपक कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह एवं राजेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।



# अमरौधा में गाजे-बाजे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

● गांधी, सुभाष, भगत सिंह के वेश में आकर्षण का केंद्र रहे बच्चे

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**आजादी का** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को कस्बा अमरौधा के श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से गाजे-बाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की तादात में छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें आजादी के बलिदानियों के वेश में शामिल बच्चों ने सब का मन मोह लिया। करीब चार किलोमीटर तक चली तिरंगा यात्रा इंटर कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान को विशेष स्वल्पाहार भी वितरित किया गया।


हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना करते यतीश चंद्र मिश्र

प्रबंधक यतीश चंद्र मिश्र ने यात्रा में शामिल छात्र/छात्राओं को बताया कि गुलामी का कलंक हटाने के लिये जिन महापुरूषों ने हंसते-हंसते जान गवां दी उनके सम्मान में जाति, धर्म की बेडिंया तोड़कर सभी देशवासी एक ही मंच पर खड़े हैं। आज हर घर में तिरंगा लगा है। प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने में सहयोग करने वाला हर व्यक्ति, हर वस्तु वंदनीय है। आज देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। ऐसे में सभी को एकजुट होकर विदेशी ताकतों को यह दिखा देना चाहिए कि सारा भारत एक है। विद्यालय के प्रबंधक यतीश चंद्र मिश्र एवं प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इंटर कॉलेज परिसर से शुरू हुई यात्रा को जुलैठी, मिश्राना, गढ़ीदरवाजा, बाजारवार्ड, आजादनगर, कटरा, कुंजरैठी, पटेलनगर, पातेपुर मोहाल, पातेपुर गांव का भ्रमण कराया गया। करीब चार किलोमीटर लंबी यात्रा में आजादी से संबंधित नारों से गलियां गूंज उठी। शिक्षक विनीत कुमार वाजपेयी, पुष्पेंद्र कुमार पांडेय, नंदलाल, गंभीर सिंह, अवनीश शुक्ला, शारिक अली, गया प्रसाद शुक्ला, सभासद एवं शिक्षक विकास मिश्र एवं दीप्ति पुरवार ने यात्रा की अगुवाई की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति रामकिशोर, रामबिलास गुप्त, बृजेंद्र कुमार निगम भी मौजूद रहे। रैली समापन पर बच्चों खीर एवं पकवान खिलाकर विदा किया गया।

## मंडलायुक्त ने अकबरपुर इंटर कॉलेज से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कानपुर देहात।** कानपुर मंडल मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अकबरपुर इंटर कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त तिरंगा रैली अकबरपुर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए अकबरपुर इंटर कॉलेज में समाप्त हुईए इस मौके पर मंडलायुक्त सहित जिलाधिकारी नेहा जैनए पुलिस अधीक्षक सुनीति, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने तिरंगा झंडा लेकर पैदल भ्रमण किया। तिरंगा रैली में अकबरपुर इंटर कॉलेज के भारी संख्या में बच्चे आदि लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंडलायुक्त सहित जिलाधिकारीए पुलिस अधीक्षकए मुख्य विकास अधिकारी ने 75 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों जिसमें वागेश चंद्र, गिरजा दत्त त्रिपाठीए कृष्ण ओमर, जगदीश अग्निहोत्री, महेश मिश्रा, पीर अली हाजी जी आदि को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें सम्मानित। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष इस वर्ष पूर्ण हो रहे हैं सभी लोग 11 से 17 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें तथा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाए। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जनपद के सभी लोग हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग करें तथा इस आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अकबरपुर इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य भारत सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर आदि अधिकारीगण एवं भारी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में उमड़ी भीड़ ने संस्कृति व मनोरंजन के स्वस्थ साधन को दी नयी पहचान

● आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का एएसपी ने किया शुभारम्भ

● एएसपी, एसओ, भाजपा उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला, राजू भदौरिया सहित अन्य सम्भ्रान्त लोग रहे मौजूद

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात

**आजादी के** अमृत महोत्सव के अवसर पर चिलौली गॉव में आयोजित विशाल दॅगल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ एएसपी घनश्याम चौरसिया ने किया। एएसपी ने प्रतिभागी पहलेवानों का हाथ मिलवाकर पारम्परिक भारतीय खेल का श्रीगणेश किया। इस मौके पर हजारों की सॅख्या में दर्शकों ने पहलवानों के दॉवों का लुत्फ उठाया।


एएसपी के स्वागत के दौरान मौजूद आयोजक रामऔतार दीक्षित, रविकान्त दुबे, दीपू मिश्रा, रजोल शुक्ला व राजू भदौरिया


दगंल प्रतियोगिता में बच्चों को कुश्ती से पूर्व हाथ मिलवाते भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला

इस विशाल दॅगल में करीब 1 सैकडा से अधिक पहलेवानों ने अपना दमखम दिखाया। विशाल कुश्ती प्रतियोगिता में पधारे रूरा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव का भी भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से आयोजक रामऔतार दीक्षित, भाजपा नेता रजोल शुक्ला, राजू भदौरिया, कॉग्रेसी नेता दिलीप सिंह, वीरे शुक्ला, समाजसेवी दीपू मिश्रा सहित अन्य भारी सॅख्या में सम्भ्रान्तजन व क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव में देश प्रेम की भावना स्वत:स्फूर्त प्रकट हो रही है जिसका साक्षात उदाहरण शुक्रवार को रक्षाबन्धन के दिन चिलौली गॉव में अल्प समय की नोटिस में आयोजित किये गये विशाल दॅगल में साक्षात रूप से देखने को मिली। इस विशाल दॅगल के महत्व का अॅदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अमृत महोत्सव के तहत जनपद में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में सहभागिता की अति व्यवस्ततता के बावजूद अपर पुलिस अधीक्षक धनश्याम चौरसिया ने पधार कर कुश्ती प्रतियोगिता का न सिर्फ शुभारम्भ किया बल्कि इस पारम्परिक खेल के आयोजन में उन्होंने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुये इस आयोजन को अविस्मरणीय बताया। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे रूरा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव को पगडी, स्मृति चिन्ह फूल मालाओं से लादकर भव्य व दिव्य स्वागत किया गया। व्यस्तम समय होने के बावजूद रूरा थानाध्यक्ष ने एक घण्टे से भी अधिक समय कार्यक्रम को देकर आयोजकों व प्रतिभागी पहेलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक पूर्व बीडीसी व सेवानिवृत्त शिक्षक रामऔतार दीक्षित पूर्व भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रजोल शुकला, युवा भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह राजू भदौरिया, कॉगेसी नेता वीरे शुक्ला, दिलीप सिंह महेन्द्र सिंह गौर रेरी, पं. अनिरूद्ध तिवारी कथावाचक, सुजनीपुर, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, विनीत यादव, प्रशान्त दीक्षित मनीष द्विवेदी शिवनारायण बाजपेई सहित भारी सॅख्या में चिलौली, सुजनीपुर, गहोबा सहित अन्य गॉवों के लोग हजारों की सॅख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल व कुशल सॅचालन नवीन कुमार दीक्षित द्वारा किया गया, उनके सॅचालन की सभी अतिथियों ने मुक्त कॅठ से प्रशॅसा की। कार्यक्रम में लोकतन्त्र के चर्तुथ स्तम्भ के प्रमुख पत्रकार गोल्डन द्विवेदी, अशोक मिश्रा व अनुज पाण्डेय को भी सम्मानित किया गया।

### बचपन की स्मृतियां जीवंत हो उठीः एएसपी

**रूरा, कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चिलौली गॉव में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर एएसपी कानपुर देहात घनश्याम चौरसिया भी अपने बचपन की स्मृतियों में खो गये। कुश्ती प्रतियोगिता की जमकर तारीफकरते हुये उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव के आयोजन में अभी तक जिन कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला है उसमें चिलौली गॉव के इस दॅगल प्रतियोगिता ने मेरे मन मस्तिष्क में अलग छाप छोडी है। बचपन में खेल के मैदान में कभी मैं भी इसी तरह अपने साथियों के साथ कुश्ती के दॉवों का उपयोग कर एक दूसरे को हराने का प्रयास करते थे। अमृत महोत्सव में जनपद में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में मुझे चिलौली के दॅगल से आत्मसंतुष्टि मिली है, यहॉ मिली आत्मीयता को वह हमेशा सॅजो कर रखेंगे। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक रामऔतार दीक्षित को इस बेहद सफल आयोजन के लिये जोरदार बधाई दी। स्वल्पाहार के बाद ज बवह अपनी सरकारी गाडी से रवाना हो रहे तभी उनकी गाडियों के सामने किशोरी छात्राओं का समूह आया और गाडी रोकने के लिये अनुरोध किया एएसपी ने तत्काल चालक से गाडी रोकने को कहा एएसपी गाडी से उतरकर नीचे उतरे और छात्राओं से राखी बॅधवाकर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के आर्शीवाद प्रदान किया।

# विभाजन के दंश की यादें ताजा करेगा माध्यमिक शिक्षा विभाग

● आज लालदरवाजा फव्वारा के पास विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

**फर्रुखाबाद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग देश विभाजन के दंश की यादें ताजा करेगा। इसको लेकर 14 अगस्त को लालदरवाजा फव्वारा के पास विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें भारत सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गईं देश विभाजन के दंश की तस्वीरें होंगी। इसके साथ ही मौन जुलूस निकाला जाएगा। केंद्र सरकार ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में देश विभाजन के दौरान की तस्वीरें भेजी हैं। इन तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाकर देश विभाजन के दंश के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी में लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा तस्वीरें लगेंगी। तस्वीरों के जरिए लोग जान सकेंगे कि किन कारणों से 15 अगस्त 1947 को देश विभाजन का दंश लोगों को सहना पड़ा। नफरत व हिंसा की वजह से कैसे लाखों लोग विस्थापित हुए और हजारों को जान गंवानी पड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय जो तस्वीरें आई हैं उनमें देश विभाजन के दौरान रेलगाड़ी की छतों पर सवार लोग, उस दौरान के समाचार पत्रों के लेख व लार्ड माउंटबेटन के साथ जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, आचार्य कृपलानी, सरदार बलदेव सिंह, सरदार अब्दुल रब निश्तार, मोहम्मद अली जिन्ना व लियाकत अली आदि के फोटो शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के लिए केंद्र सरकार से लगभग 100 से ज्यादा फोटो प्राप्त हुई हैं। 14 अगस्त को लालदरवाजा फव्वारा पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सायं पांच बजे प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहीं से मौन जुलूस निकलेगा।

# सीएससी ने निकाली हर घर तिरंगा बाइक रैली

● अपर जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट से किया रवाना

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**मंत्री उच्च** शिक्षा, सूचना प्रोद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन योगेन्द्र उपाध्याय ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में प्रदेश भर में महाभियान के तौर पर चल रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रदेश भर में संचालित ब्ब् ;कॉमन सर्विस सेन्टर संचालकों से अपील की थी कि इस अवसर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप मे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। जिसके क्रम में दिनांक 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त 2022 राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस के दिन तक तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के रूप में मनाया जाना प्रस्तावित है। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 13 अगस्त को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट से ष्हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान बाईक रैली का आयोजन जनपद के सीएससी ;जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा आयोजित की गयी। बाइक रैली को सुभाष चन्द्र प्रजापति अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया साथ मे सीएससी जिला प्रबंधक अनुदित बाजपेई, सुशील कुमार एवं जिला समन्वयक अभिषेक दुबे मौजूद रहे। बाइक रैली मे टस्म् शिवम कुमारए बाबूराम, वरून मिश्रा, तौहीद हुसैन, अविनाश पाण्डेय, पवन कुमार, अमरीश सिंह कुशवाहा आदि सहित करीब आधा सैकड़ा जनसेवा केन्द्र संचालक मौजूद रहे। सीएससी केंद्र संचालकों द्वारा अपने आस पास के घरों,नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा लगाने को प्रोत्साहित करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी भेंट किया गया। जिला प्रबंधक अनुदित बाजपेई ने बताया कि उपरोक्त के साथ साथ अग्रिम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ष्हमारी सीएससी स्वच्छ सीएससी के विजन के तहत जनपद के सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें मुख्यत: सीएससी केंद्र समेत आस पास की सफाई, पौधारोपण, ध्वजा रोहण, प्रभातफेरी, प्रमाण पत्र वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूशन आदि प्रमुख हैं।

# अमृत महोत्सव सप्ताह को लेकर पालिका ने आयोजित की निबन्ध और काव्य प्रतियोगिता

**घाटमपुर।** शासन और प्रशासन के निर्देश पर 11 से 17 अगस्त तक आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाये जाने वाले अमृत महोत्सव के तहत आज नगर पालिका परिषद ने निबन्ध एंव साहित्य काब्य प्रतियोगित का आयोजन नगर के बाल उद्यान स्कूल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया, कार्य कारी अधिशाषी अधिकारी शान्ति प्रकाश निगम ने बताया कि इसके पहले 11 अगस्त को भी नगर के राजकीय कन्या इन्टर कालेज व गांधी विद्यापीठ इटर कालेज के छात्र/छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली थी,कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी ने नगर वासियों से अपील की है कि वो 15 आगस्त को अपने अपने घरों में तिरंगा फ्हरायें, निबन्ध एंव साहित्य लेखन काब्य प्रतियोगिता के बिजयी प्रतिभागियों को 15 अगस्त के दिन पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन कें दौरान बाल उद्याान की प्रधानाचार्य श्रीमती बिभा सचान, दिग्विजय, पालिका कम्प्यूटर आपरेटर दीपक गुप्ता, उपासना सचान और अमर सिंह मौजूद रहे। उधर अमृत महोत्सव को लेकर नगर के जय हिन्द इन्टर कालेज के छात्र/छात्राओं बरसते पानी में आज सबेरे तिर्रगा लेकर रैली निकाली, तिरंगा रैली में बच्चे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डा0 अम्बेडकर जैसे महा पुरुषों के अलावा विद्या की देवी माँ सरस्वती के स्वरुप बन कर आगे चल रहे थे। कोतावली के सामने राष्ट्रगान भी गया।


बाल उद्यान में निबंन्ध प्रतियोगिता कराते पालिका के प्रभारी अधिशाषी अधिकारी शान्ति प्रकाश निगम पायनियर

# आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत राष्ट्र भावना से किया ओत-प्रोत

संवाददाता। फतेहपुर

**आजादी का** अमृत महोत्सव अभियान हर घर तिरंगा सप्ताह के तहत तीसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर डायट सभागार में संस्कृति निदेशालय द्वारा पंजीकृत दल श्याम बिहारी गौड़ व जनपद के विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा देश की एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने वाले कार्यक्रमों/गीतों का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में रंग दे बसंती, माँ तुझे सलाम आदि करके देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करने वालो कार्यक्रमों/लोकगीतों/गीतों की मनमोहक प्रस्तुति कर उपस्थित बच्चों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का हृदय देश-प्रेम की भावना से भर कर देश के आजादी दिलाने वाले अमर वीर क्रांतिकारियो को स्मरण कराया।

विधायक जहानाबाद ने कार्यक्रम में कहा कि देश आजादी के 75वीं वर्षगाँठ को बड़े धूमधाम के साथ मना रहा है, यह देशवासियों के लिए गौरवशाली पल है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री देश व प्रदेश आभारी हैं कि पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फ्हराने का कार्य किया जा हैं। नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने एवं देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने व उनके प्रति सम्मान का भाव जगाने के उद्देश्य से पूरे देश में स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। देश के आजादी में जनपद के वीर अमर शहीदों जोधा सिंह अटैया, ठा0 दरियाव सिंह, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खा, गयादीन दूबे आदि अनेको वीर ने देश को आजाद करने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। अमर शहीदों को राष्ट्रभक्ति के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना को जागृत करने का कार्य राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी ने कविता के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने का काम किया है, को नमन किया। इस अभियान को जन सहभागिता के लिए शहर से गाँव तक नुक्कड़ नाटक व तिरंगा का वितरण कर नागरिको में राष्ट्र भक्ति की भावना जगाकर हर घर तिरंगा फ्हराये। सभी संकल्प ले कि देश के संकट के समय में हम अपनी जान तक न्यौछावर कर दे, पर देश की आनबान शान न जाने दे।

## हर घर जल उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**फतेहपुर।** जिला परियोजना प्रबंधन इकाई, जल जीवन मिशन और ग्रामीण विकास शोध संस्थान राजपुर के सहयोग से बहुआ विकास खंड के चकसकरन ग्राम पंचायत में हर घर जल उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में आईएसए कोआर्डिनेटर शिव बहादुर सिंह चन्देल, सीबीटी कोऑर्डिनेटर स्वाति अवस्थी, एमआईएस कोऑर्डिनेटर रविकांत बघेल, एई अमन कटियार और संस्था से लतिकेश श्रीवास्तव, रत्नेश कुमार एवं ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। सीबीटी कोऑर्डिनेटर ने हर घर जल के विषय मे विस्तृत जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने भी डीपीएमयू टीम को पानी की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

## क्विक न्यूज

### थाने से चंद कदम दूरी पर बाइक सवार युवकों ने महिला के झाले नोचे

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाने से चंद कदम दूर बाइक सवार युवक महिला के कान से झाला लंबा बुंदा नोंचकर भाग गए। जिससे महिला का कान फट गया। अनियंत्रित होने से बाइक गिर गई और दंपती सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर पड़ताल कर रही है। जनपद शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर के गांव बहरिया निवासी पप्पू शाक्य की राजेपुर कस्बा में ससुराल है। वह पत्नी पूजा के साथ बाइक से राजेपुर से शुक्रवार की रात घर लौट रहे थे। अमृतपुर थाने से चंद कदम दूर कोल्ड स्टोरेज के निकट बाइक सवार युवकों ने पूजा के एक कान से झाला नोंच लिया। पप्पू ने बताया कि वह तहसील के निकट लघुशंका के लिए रुके थे। उसके बाद बाइक पर दो युवक पीछे से आए और वारदात कर भाग गए। पूजा का कान फट गया और बाइक अनियंत्रित होने से गिर गई। जिससे वह दोनों लोग घायल हो गए।

### स्वतंत्रता दिवस पर 75 मेधावियों को डीएम करेंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी माध्यमिक शिक्षा परिषद ;यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 के 75 मेधावी छात्र.छात्राओं को पुरस्कृत करेंगे। इसके साथ ही माध्यमिक व बेसिक के शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी माध्यमिक विद्यालयों क प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि वह अपने.अपने विद्यालय से यूपी बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र.छात्राओं की सूचना उपलब्ध करा दें। चयनित मेधावियों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने की जिम्मेदारी भी संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य की होगी। डीआइओएस डा. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि यूपी बोर्ड वर्ष 2022 परीक्षा के 75 मेधावी छात्र.छात्राओं को 15 अगस्त को जिलाधिकारी पुरस्कृत करेंगे। इसके साथ ही 38 माध्यमिक व 37 बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। शिक्षकों व मेधावियों की सूची मांगी गई है।

### पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर बालक की मौत

**कंपिल फर्रुखाबाद।** नाना के घर आया बालक पतंग उड़ाते समय छत से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां बालक की मौत हो गई। स्वजन शव लेकर घर चले गए। जनपद नोएडा के सेक्टर 62 निवासी सुनील कुमार का दस वर्षीय पुत्र कार्तिक अपनी मां मधु के साथ गांव रुदायन निवासी नाना बांकेलाल के घर आया था। शुक्रवार शाम रक्षाबंधन पर्व पर कार्तिक दोस्तों के साथ छत पर पतंग उड़ा रहा था। अचानक पैर फिसलने से कार्तिक आंगन में जा गिरा। मौत की खबर मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। दो भाइयों में कार्तिक बड़ा था।

### मारपीट मे बीच बचाव पर दंपती को पीटा व नकदी छीनी

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** मारपीट में युवक को बचाने में दबंगों ने दंपती को पीट दिया। आरोप है कि विवाद के दौरान दंपती से नकदी छीन ली गई। पुलिस को दो के खिलाफतहरीर दी गई। गांव ठिठुलिया पट्टी निवासी सुरेश जाटव अपनी पत्नी रामवती देवी के साथ दोपहर बाद लगभग एक बजे फर्रुखाबाद में एक दुकान पर गिरवीं रखे जेवर को छुड़ाने जा रहे थे। सुरेश जाटव गांव के बाहर तिराहे पर खड़े होकर टेंपो का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान तिराहे पर गांव बड़ी मिलकिया निवासी युवक व उसके साथी का रुपये के लेनदेन को लेकर एक युवक से विवाद हो गया। जिसमें युवक व उसके साथी दूसरे युवक से मारपीट करने लगे। सुरेश जाटव ने युवक को पीटने का विरोध कर बीचबचाव करने का प्रयास किया। जिस पर युवक व उसके साथी सुरेश जाटव को गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सुरेश जाटव से मारपीट की। बचाने पर उनकी पत्नी रामवती देवी को भी पीटा। मारपीट के दौरान सुरेश जाटव ने जेब में रखे 15,300 रुपये निकालने का आरोप लगाया। सुरेश जाटव ने दो नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव मकान के भीतर मिला

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव मकान के अंदर कमरे में पाया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी तिश्ती के अंतर्गत गांव ऊंची गहदेवा में रूपा पुत्री रोशन लाल उम्र लगभग 19 वर्ष का शव घर के अंदर बने कमरे में लटकता हुआ पाया गया। जानकारी होने पर तिश्ती चौकी प्रभारी भागमल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाया फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मृतक युवती के भाई ने बताया कि उसकी दो बहन थी एक की शादी हो गई है उसके 6 भाई हैं इस साल के अंत तक मृतका की भी शादी करनी थी। उसने बताया की शुक्रवार शाम को बहन रूपा किसी से फोन पर बात कर रही थी जब उसने फोन के विषय में जानकारी करनी चाही तो उसने कुछ नहीं बताया तो उसने उसका फोन पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया। इसी बात से नाराज बहन ने देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब वह उस कमरे में फोन चार्जिंग पर लगाने के लिए गया तो दरवाजा अंदर से बंद था गैलरी में एक छेद था जहां से उसने देखा की बहन फांसी पर लटक रही है। बताया गया कि तीन वर्ष पूर्व से ही उसकी पढ़ाई बंद है।वही पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जगदेव कुरील तथा ग्राम प्रधान बलवान सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे।

### भाजपा कानपुर ग्रामीण ने भी निकाली तिरंगा रैली



**घाटमपुर।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण जिला मंत्री बेदबृत सचान एंव जिला मत्री दलजीत सिंह की अगुवाइ में आज अमृत महातसव के तहत मोअर साइकिल रैली निकाली जो बिकास खण्ड घाअमपुर के गांव घुघुवा से सु3 होकर मुगुल रोड होते हुए घाटमपुर के कानपुर रोड स्थित मॉ कुष्माण्डा देवी मंदिर पंहुची ओर वहॉ से बबुराहा, बारा दौलतपुर, रेवना होते हुए रुप नगर पंहुची, रेवना में अरबिन्द कपाड़िया व जीतू चौरसिया ने श्रैली का स्वागत किया। मोटर वाहन रैली में बेदबृत सचान और दलजीत सिंह, इन्द्र जीत सिंह ब्लाक प्रमुख, राकेश दिवाकर, रोहित पाण्डेय, आशुतोष परमार, हरनाथ सिंह, अम्बर सिंह और बीर सिंह प्रमुख रहे।

### वैश्य एकता परिषद ने सब्जी विक्रेताओं को बांटे तिरंगे झंडे

**फतेहपुर।** अमृत महोत्सव को लेकर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा पीलू तले चौराहे पर ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं को झंडे वितरित किए गए। आजादी के अमृत महोत्सव पर सब्जी विक्रेताओं को राष्ट्रीय ध्वज को लगाने व उसके रखरखाव की जानकारी दी गई। साथ ही अनुरोध किया गया कि सभी लोग अपने अपने घरों व प्रतिष्ठानों में झंडे अवश्य लगाएं। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष अरुण जयसवाल, ट्रेडर्स जिलाध्यक्ष राधेश्याम हयारण, युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल, वेद प्रकाश गुप्ता, विनय फौजी, आकाश मोदनवाल, रोहित चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में मनाया गया संस्कृत दिवस

**फतेहपुर।** चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में संस्कृत दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक पूरी निष्ठा से भारतीय संस्कृति के संस्थापक ऋषि-मुनियों के प्रति सम्मान व श्रद्धा का भाव प्रदर्शित करते हुए संस्कृत दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। यह दिवस प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। संस्कृत में संस्कृत भाषा के प्राचीनतम भाषा होने की वजह से यह दिन मनाया जाता है। संस्कृति में इसे देव भाषा कहा जाता है। संस्कृत लगभग सभी वेदों और पुराणों की भाषा है इसलिए संस्कृत भाषा के प्रति लोग आदर भाव रखते हैं। प्रातः कालीन सभा में कक्षा 08 की जानवी व वैष्णवी वर्मा ने संस्कृत का महत्व बताते हुए प्रार्थना सभा का संचालन किया। कक्षा 06 की अग्रिमा, खुशी, वंशिका ने गणेश वंदना शिव स्त्रोत, जगत जननी की वंदना प्रस्तुत की। कक्षा सात की मनवा सृष्टि ने विद्या का महत्व बताते हुये उसकी व्याख्या प्रस्तुत की। कक्षा 8 की वेदिका व धर्मिका ने गुरु विष्णु वंदना प्रस्तुत की और गुरु महत्त्व की महिमा गाना गाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, निर्देशक प्राची श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में सर्वांगीण विकास करना है और बच्चों की भारतीय संस्कृत से जोड़े रखना है।

### मनेगा हर दुकान तिरंगा का जश्न

**कानपुर।** आजादी के 75 साल पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर जब पूरा देश सरकार के नेतृत्व वाले श्हर घर तिरंगा अभियान के साथ जश्न मना रहा है, स्पाइस मनी ने इस आंदोलन से जुड़ने के लिए अपने एक मिलियन बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क का आह्वान किया है। श्हर दुकान तिरंगाश् अभियान के जरिये स्पाइस मनी अपने बैंकिंग आउटलेट्सपर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपना राष्ट्रीय ध्वज फ्हराकर राष्ट्र को तिरंगे में रंग देगा। स्पाइस मनी के सह.संस्थापक एवं सीईओ संजीव कुमार ने बताया कि सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फ्हराने के लिए भारत के नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु श्हर घर तिरंगा् अभियान शुरू किया है ताकि एकता और देशभक्ति की भावना को आपस में साझा किया जा सके। हम इस आंदोलन की सराहना करते हैं और एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे घरों तथा मकानों के दायरे से बाहर निकाल करए दुकानों तक ले जाना चाहते हैं। इसके लिएए हमने अपनी दुकानों से काम करने वाले एक लाख स्पाइस मनी अधिकारियों के अपने नेटवर्क का आह्वान किया है जो बैंकिंग आउटलेट के रूप में भी काम करते हैं।

# नगर पंचायत अध्यक्ष की अगुवाई में निकली जागरुकता रैली



## ● अमृत महोत्सव के तहत घर घर किया ध्वज वितरण

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**डलमऊ नगर** पंचायत सहित तहसील क्षेत्र में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोर शोर से मनाया जा रहा है। इसके तहत हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है देश मे स्वतन्त्रता पर्व के 75वें वर्ष को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप मे मनाया जा रहा है इसी कड़ी में नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष बृजेश दत्त गौर व अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव के नेतृत्व मे जागरुकता रैली निकाली गई रैली उपरांत सभी प्रतिष्ठानों सहित घर घर ध्वज वितरण कार्यक्रम किया गया नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज हमारा गौरव है हम सभी नगर वासी आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाएंगे नगर पंचायत की ओर से सभी निवासियों को नि:शुल्क राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया जा रहा है डलमऊ नगर पंचायत क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान तेजी पर चलाया जा रहा है। नगर पंचायत कर्मियों ने वार्डों में घूम-घूम कर झंडा वितरित किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव,सहित वार्डों के सभासदों व नामित सभासद महेंद्र पटेल,लिपिक शोहराब अली, सतीश जायसवाल,मनोज पांडे,संतोष त्रिवेदी,आशीष श्रीवास्तव,सुशील गुप्ता सहित सफाई कर्मियों की उपस्थिति रही।

## भाजपा विधायक ने तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**परशदेपुर,( रायबरेली )।** नगर पंचायत परशदेपुर के साकेतनगर चौराहे से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी भाजपा विधायक अशोक कुमार ने दिखाई। समाजसेवी ओम प्रकाश मौर्य के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा टंटापुर,महाबीरन, रामलीला,फगूपुर,मटियारा चौराहा,काजी का पुरवा, अंसार चौक, मुख्य चौराहा,कटरा बाजार होते हुए साकेतनगर पर समापन हुआ। लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी ओम प्रकाश मौर्य ने कहा कि तिरंगा यात्रा हम सभी को आगे आना चाहिए.इस मौके पर अजय पांडेय, श्रीकांत त्रिवेदी, अरविंद सिंह,सुधीर कुमार मिश्र, अखिलेश सिंह,चंदन मोदनवाल सहित



तिरंगा यात्रा को हरी झंडी भाजपा विधायक अशोक कुमार ने दिखाई

सैकड़ों लोग शामिल थे। नगर पंचायत नसीराबाद में चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद हारुन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा कस्बे की गलियों में निकालकर 15 अगस्त को सभी घरों में तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया.इस मौके पर मौलाना आफात,एकरम उल्ला,पवन श्रीवास्तव, मोहम्मद शानू, राहुल बागी, राममिलन मौर्य, मोहम्मद नसीम आदि लोग मौजूद थे। नगर पंचायत परशदेपुर में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा विधायक अशोक कुमार व समाजसेवी ओम प्रकाश मौर्य तथा नगर पंचायत नसीराबाद में तिरंगा यात्रा निकालते चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद हारुन आदि उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**बछरावां रायबरेली ।** स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ वह आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर जहां संपूर्ण देश में आजादी का जश्न मनाया जा रहा है वही आज बछरावां नगर में केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर रायबरेली शिवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। यह रैली बछरावां नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित नगर पंचायत के कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। रैली के माध्यम से आम जनमानस को तिरंगा के प्रति जागरूक भी



किया गया। इस मौके पर दवा व्यवसाई बृजेश वर्मा ने बताया कि तिरंगा हमारे आन बान शान का प्रतीक है इससे व्यक्ति और देश को ताकत मिलती है यह तिरंगा पूरी दुनिया में हमारी धाक है इसी से हमारी पहचान है भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के नागरिकों की आशाएं और आकांक्षाएं दर्शाता है। वहीं इस रैली में मुख्य रूप से वर्मा मेडिकल स्टोर, चौधरी मेडिकल स्टोर, कबीर मेडिकल स्टोर, दीपक मेडिकल स्टोर, कृष्णा मेडिकल स्टोर, पांडे मेडिकल स्टोर, अंबे मेडिकल स्टोर, तिवारी मेडिकल स्टोर, अविनाश मेडिकल स्टोर के संचालकों सहित नगर के समस्त दवा व्यवसाई मौजूद रहे।

# थाना मुंशीगंज में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता। अमेठी

**शासन के** निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक इलामारन जी मुंशीगंज थाने में आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मुंशीगंज, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



थाना दिवस में सुनवाई करते हुए डीएम व एसपी

# अमृत महोत्सव पर विद्यालय के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

## ● विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों ने आजादी के नायकों व शहीदों की बनाईं तस्वीरें

संवाददाता। जामों, अमेठी

**जिले के श्री** त्रियुगी सिंह इंटर कालेज सूरतगढ़ अमेठी में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जन जागरण तिरंगा यात्रा स्कूल की छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई ढ्ढ आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा रैली के अतिरिक्त विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ढ्ढ जिसमें आजादी के नायकों के चित्र सहित स्वतंत्रता आंदोलन के दृश्यों को भी अपने पोस्टरों पर उकेरने का कार्य किया ढ्ढ प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन खूब किया ढ्ढ विद्यालय के प्रबन्धक नीरज सिंह बच्चों के हुनर की तारीफ करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से बच्चों की प्रतिभा में निखार आया बल्कि देश के आजादी महोत्सव के अवसर पर हमारे वीरों की गाथाओं को याद किया गया ढ्ढ उन्होंने ये भी कहा कि 15 अगस्त को इन प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जायेगा। इस इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य विजय प्रताप सिंह शिक्षक गण प्रदीप तिवारी सुमित श्रीवास्तव अंजली सिंह संदीप सिंह अंजली अनीता प्रीती पायल अर्चना व उमा मौर्या मौजूद रहीं।






तिरंगा रैली निकालते बच्चे (कृपया फोटो सहित खबर लगाएँ)-

## क्विक न्यूज

### किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**अमेठी ।** जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव मे 14 वर्षीय दलित नाबालिग लड़की के साथ तीन युवको द्वारा कथित दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है।पुलिस ने बताया कि लड़की 12 अगस्त को दिन में 10 बजे बाग में गयी थी। वहां तीन युवकों ने किशोरी के साथ जबरन सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ कथित दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान 20 साल के करीब है। पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चारों ओर तिरंगा यात्रा की धूम

**तिलोई,अमेठी।** सिंहपुर क्षेत्र में शनिवार को चारों तरफ तिरंगा यात्रा की धूम रही।प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण के पुत्र मृगांकेश्वर शरण सिंह के नेतृत्व में निकली इस तिरंगा यात्रा में सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,बंटी सिंह समाजसेवी बबलू त्रिवेदी,सियारामदत्त मिश्र,तेजनारायण मिश्र,शिवाकांत तिवारी, धर्मेश मिश्र, पुत्ती महाराज,नवीन श्रीवास्तव आदि सैकड़ों युवाओं ने बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली,यह यात्रा चिलौली गांव से शुरू होकर इन्हौंना कस्बे कस्बे तक निकली। उधर क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में टिकरी चौराहे से हैदरगढ़ सेमरौता मार्ग पर सैकड़ों लोगों ने तेज गर्मी में हाथों में तिरंगा लेकर दो किमी से अधिक की पद यात्रा की इस दौरान भारत माता की जय और बंदे मातरम के नारे लगाए जा रहे थे इस तिरंगा पदयात्रा में लगभग दर्जन भर गांवों के लोग शामिल रहे।पद यात्रा का नेतृत्व अर्जुनसिंह भदौरिया ने किया।तिरंगा यात्रा में अशोक सिंह,रज्जन सिंह,अभय सिंह,रमाकांत मिश्र,वेद प्रकाश शुक्ल,शिवेंद्र प्रताप सिंह,कुलदीप यादव,संतोष सिंह,गंगा प्रसाद संगम ,रामनाथ बीडीसी सदस्य,अवधेश चौरसिया आदि सैकड़ों लोग शामिल है।सेमरौता में राम जानकी बाजपेई इंटर कालेज की बालिकाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

### करंट की चपेट में आने से विद्युत कर्मी झुलसा

**जगदीशपुर ,अमेठी।** विद्युत लाइन ठीक करते समय सप्लाई चालू हो जाने से विद्युत कर्मी पोल से गिरकर गम्भीर रूप घायल हो कर झुलस गया।जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुक्तभोगी द्वारा थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दिछौली गांव निवासी संजय सिंह जो विद्युत लाइन ठीक करने पिछूती गांव गये थे इनका आरोप है कि विद्युत कर्मियों को फोन द्वारा सूचना देकर लाइन बंद करने की बात होने के बाद विद्युत पोल पर चढ़कर काम कर ही रहे थे कि अचानक लाइन चालू हो जाने से करेंट की चपेट में आने से झुलस कर जमीन पर गिर पड़े जिससे गंभीर चोटे भी आईं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुक्तभोगी ने सप्लाई जारी करने वाले विद्युत कर्मी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया।

### हमले में युवक घायल

**मुसाफिरखाना, अमेठी** ।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मझगवां गांव के पास चौराहे पर किराना दुकानदार को हमलावरों ने चाकुओं से हमला कर घायल कर दिया ।सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है ।जानकारी के मुताबिक मझगवां गांव निवासी आशीर्वाद यादव उम्र 20 वर्ष पुत्र स्व0श्याम लाल यादव गांव के पास ही स्थित चौराहे पर किराना की दुकान चलाते हैं ।परिजनों के अनुसार शनिवार की दोपहर बाद करीब पहुंचे आधा दर्जन युवकों ने आशीर्वाद यादव पर चाकू से ताब?तो? हमला कर दिया ।हमले में उसे दर्जन भर जगहों पर चोट व घाव हो गए हैं ।परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी ।कोतवाली पुलिस के इंस्पेक्टर हंसराज कुशवाहा ने घायल को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाते हुए आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।समाचार लिखे जाने तक परिजनो द्वारा लिखित तहरीर नही दी जा सकी ।

### संदिग्ध हालात में 12 वर्षीय बालक की मौत

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के साकेत नगर में एक 12 वर्षीय बालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। साकेत नगर मोहल्ले में शनिवार की दोपहर उस समय हडकम्प मच गया जब दिव्यांग लल्लन का 12 वर्षीय पुत्र घर में अचानक फांसी के फंदे पर झूल गया। देखते ही देखते मौके पर लोगो की भारी भीड़ एकत्र हो गई। जिसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसक बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारम्भर कर दी है। आसपास के लोगो ने बताया कि मृतक होनहार बालक था जिसके पिता लुधियाना में रहकर मजदूरी का कार्य करते है तथा मां श्रीमती लोगो की घरो में काम कर किसी प्रकार अपने घर का खर्च चलाती है। बालक की मौत से परिजनो समेंत आसपास के लोगो में शोक की लहर दौड गई। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो का खुलासा हो सकेगा। घटना के समय बालक की वृद्व नानी ही केवल घर में मौजूद थी।

### महिला आरक्षी ने खाया विषाक्त पदार्थ

**तिलोई,अमेठी।** मोहनगंज कोतवाली में तैनात एक महिला आरक्षी ने विषाक्त पदार्थ खा लिया।हालत गंभीर होने पर उसे तिलोई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई ले जाया गया।जहां महिला आरक्षी ऋतु चौहान की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।घटना शनिवार दोपहर की है हालांकि मोहनगंज पुलिस ने पहले तो मामले को दबाने की पूरी तरह कोशिश की लेकिन महिला आरक्षी की हालत खराब होने लगी तो स्वता: मामला खुल गया। गौर तलब है कि अभी कुछ दिन पहले ही मोहनगंज थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक रश्मि यादव ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।शनिवार को बताते हैं कि मोहनगंज थाने में महिला प्रकोष्ठ में तैनात महिला आरक्षी ऋतु चौहान ने दोपहर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जब उसकी हालत गंभीर होने लगी तो उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन जानकारी में आया है कि महिला आरक्षी ऋतु चौहान की हालत गंभीर है इसलिए सीएचसी के चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रैफर किया है।मामले पर थानाध्यक्ष मोहनगंज बृजेश सिंह से बात करने का प्रयास किया गया तो लगातार फोन नॉट रिचेबल बताता रहा। तिलोई के सीएचसी प्रभारी डा अभिषेक शुक्ल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब महिला आरक्षी को अस्पताल लाया गया था तो वह बेहोशी की हालत में थी।लक्षण देखकर लगता था की नींद की गोलियों की ओवरडोज ली गई है।

### राना बेनी माधव सिंह की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**रायबरेली।** अंग्रेजों को 18 महीने तक अवध से बाहर रखने वाले अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 318वीं जयंती के उपलक्ष्य में राना बेनी माधव स्मारक समिति ने जनपद में कार्य कर रही स्वयंसेवी संगठनों, समाजसेवियों और व्यापार मण्डल के साथ में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक इन्द्रेश विक्रम सिंह ने की। समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक इर्न्द्रेश विक्रम सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए व्यापारियों और समाजसेवियों से कहा कि 23 अगस्त को प्रात: आईएमए की तरफकी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद में शाम को राना बेनी माधव चौक पर शहर के नागरिकों द्वारा दीपदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को राना बेनी माधव सिंह को याद करते हुए शहर में पुष्पाजंलि दी जाएगी। वहीं, शाम में उनकी स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# कस्बे में विभिन्न संस्थाओं ने तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों में जगाई देशभक्ति

## सीएमपीएस, सर्किल पुलिस के साथ व्यापार मंडल की तिरंगा यात्रा पर लोगों ने बरसाये फूल

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**आजादी का** अमृत महोत्सव के अर्न्तगत क्षेत्र में तिरंगा यात्राओं के निकलने का सिलसिला जारी है। एक ओर जहां व्यापार मंडल ने रैली का आयोजन किया वही पूरे सर्किल की पुलिस तथा चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के 500 से अधिक छात्रो ने रैली निकालकर लोगो को आजादी के महत्व को समझाते हुए सभी से तिरंगा लगाने के लिये प्रेरित किया। क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक के नेतृत्व में पूरे सर्किल की पुलिस ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भारी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मी हाथो में तिरंगा झंडा लिये देशभक्ति के नारे लगाते रहे। प्रभारी राजेश सिंह व चौकी प्रभारी लोकेंद्र सिंह ने सभी से अपने घरो में तिरंगा लगाने की अपील की है। वही कस्बे के चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के 500 से अधिक छात्रो ने साईकिल से तिरंगा यात्रा निकाली जो विद्यालय से प्रारम्भ होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पहुंची। रैली को विद्यालय प्रबंधक व भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूरा कस्बा छात्रो के गगनभेदी देशभक्ति नारो से गुंजायमान रहा। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर मनाये जा रहे अमृत तहोत्सव की श्रंखला में शनिवार को लालगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह, सीओ महिपाल पाठक एवं व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के संयोजन में तिरंगा यात्रा निकाली गई। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। आरम्भ से लेकर समापन तक देशभक्ति के नारों की गूंज लोगों का ध्यान खींच रही थी। यात्रा व्यापारी कार्यालय से पूरा कस्बा घुमते हुए बैसवार इंटर कॉलेज में समाप्त हुई। सभी यात्राओं को जगह-जगह लोगो ने खूब स्वागत किया। इस दौरान उत्साही लोगो ने सभी यात्राओं पर गुलाब आदि के फूलो से उनका अभिनंदन किया।

### अमृत उत्सव के दौरान बच्चों को मिल रहा एमडीएम में अमृत भोग

**तिलोई,अमेठी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टिकरी के बच्चों ने शनिवार को एमडीएम में जहां सब्जी और चावल खाया वहीं हलुआ का आनंद भी उठाया।इसके पूर्व 11अगस्त को भी एमडीएम में जहां दाल रोटी चावल बच्चों ने खाया वहीं अमृत भोग के तहत हलुआ का आनंद उठाया था।विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र तिवारी द्वारा साफ सफाई सहित एमडीएम की व्यवस्था अच्छी की गई थी।तिलोई क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर फर्शी में भी बच्चों ने जहां एमडीएम में चावल सब्जी खाया वहीं अमृत भोग में हलुआ का आनंद उठाया।प्राथमिक विद्यालय फूला में भी छात्रों ने एमडीएम के साथ हलुवा भी छका छात्रों ने बताया कि गुरुवार को भी एमडीएम के साथ हलुआ मिला था।

# हर घर तिरंगा को लेकर जन जागरण के विभिन्न कार्यक्रम किए गए आयोजित

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के सरकारी व मान्यता प्राप्त स्कूलों के बच्चों ने रैली निकाली।अमर शहीद स्मारक कादुनाला पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने स्थल पर साफ सफाई करते हुए ध्वजारोहण किया । अमृत महोत्सव कार्यक्रम को स?ल बनाने का आवाहन किया ।कार्यक्रम में जिला मंत्री अतुल सिंह घनश्याम पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।वही प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर कंजास गाजनपुर दुवरिया उमा मिश्र पुर मानशाहपुर अनखरी जमुवारी चंदीपुर व उदय राज सिंह इंटरमीडिएट कालेज मवई सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम के तहत देश भक्ति के नारों के साथ प्रभातफेरी निकालने के साथ ही झण्डा फहराया गया। गुन्नौर में आयोजित कार्यक्रम को सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव के नेतृत्व में ग्रामसभा के विभिन्न मजरों में हर घर तिरंगा के अंतर्गत रैली निकाली गई ।अभिभावकों को संबोधित करते हुए हरि प्रसाद यादव ने कहा हमारा कर्तव्य बनता है ,कि हम अपनी आजादी को बनाए रखें, तिरंगे का सम्मान करें, सभी भारतीय नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि अपने देश की आन बान शान को बनाए रखें जैसा कि हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे को झुकने नहीं दिया और सम्मान के साथ भारत में तिरंगे की ध्वज पताका फहराई। 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है , जिसमें हर घर में तिरंगा फहराने हेतु अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। अमृत महोत्सव पर निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई, जिसमें प्रत्येक कक्षा से बच्चों ने प्रतिभाग किया । इस अवसर पर रैली में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों में ए आर पी हिन्दी श्रीमती अर्चना मौर्य , अनुप्रास गुप्ता शिक्षामित्र सुमन प्रजापति सालिक राम मौर्य रसोइया कुसुमा आशा सिंह सरोज कुमारी राम कुमार सहित अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

# परिषदीय विद्यालयों में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता और बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

**रायबरेली** ।अमृत महोत्सव के तहत इस समय परिषदीय विद्यालयों में उत्सव का माहौल है। विद्यालयों में शानदार तरीके से जश्न-ए-आजादी को मनाया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा' सप्ताह के अंतर्गत आज विद्यालयों में सुबह प्रार्थना के समय जहां तिरंगा फहराया गया। उसके बाद गांव में प्रभातफेरी निकाली गई। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत एक सप्ताह तक चलने वाले विविध की कड़ी में आज भी विद्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासन के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' सप्ताह के अंतर्गत विद्यालयों में पहले प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद विद्यालयों में बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने सुबह-सुबह बच्चों को योग्याभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि आज विद्यालयों में चयनित हुए बच्चों को 17 अगस्त को विद्यालयों में होने वाले खास कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलेभर के विद्यालयों में इस समय बहुत ही उत्साह के साथ में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# काग्रेंस ने महराजगंज, सतांव, दीनशा हगौरा सरेनी, और राही में निकाली महंगाई हटाओ गौरव पदयात्रा

संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** काग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस ने संसदीय क्षेत्र के महराजगंज, सतांव, दीनशाहगौरा सरेनी, राही में ष्महंगाई हटाओ छ. दिवसीय आजादी गौरव पदयात्रा की गई राही में डा.मनीष चौहान के नेतृत्व में राही से रूस्तमपुर तक, महराजगंज नगर पंचायत में सुशील पासी के नेतृत्व में वारसी नगर से पूरे रानी तक, सतांव में सुरेंद्र विक्रम के नेतृत्व में सनिकमऊ से पूरे खाले तक, सरेनी में सुधा द्विवेदी के नेतृत्व में पूरे सेवक मजरे हमीरगांव से भूपगंज बाजार छिवलहा तक, दीनशहगौरा में अतुल सिंह के नेतृत्व में सुल्तानपुर जनौली से अलावलपुर तक पद यात्रा निकली गई।पद यात्रा में शामिल लोगों ने ष्अग्निपथ एक झांसा है- युवाओं को फांसा है, रोजी-रोटी दे न सके-वह सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है, महंगाई कम करो - कम करोष् के नारे लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में कई कि.मी. पद यात्रा निकली। यात्रा में मुख्य रूप से के.एल. शर्मा सांसद प्रतिनिधि, पंकज तिवारी जिलाध्यक्ष, निर्मल शुक्ल, अमर सिंह चौधरी, अजीत सिंह, नौशाद खतीब, संतोष त्रिवेदी, नागेंद्र सिंह, महेश शर्मा, रवींद्र सिंह, अनूप बाजपेई, शिवानंद मौर्या, दीपेंद्र गुप्ता, आलोक यादव, मेराजुल हसन, आर.के. सिंह, घनश्याम शुक्ल, मो.उमर, मनोज तिवारी, कृपाशंकर शर्मा, अभय सिंह, राजकुमार द्विवेदी, दल बहादुर सिंह, कामतानाथ सिंह, गिरीश बहादुर सिंह, अरुण यादव, विनोद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बछरावां रायबरेली।** आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से कस्बे से लेकर गांव के गलियारों तक मनाया जा रहा है । इसी क्रम में शनिवार को कस्बा स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । आयोजित तिरंगा यात्रा में विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ ही क्षेत्र शिक्षकों ने प्रतिभाग किया । तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों ने नगर वासियों को हर घर तिरंगा लगाने को लेकर जागरूक किया है । इस मौके पर उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक भगवान कुमार अवस्थी ने कहा कि अमृत महोत्सव एक बड़ा व सामूहिक महोत्सव है इस मुहिम से जन जागरूकता के साथ ही देशभक्ति का अलग ही पैगाम जा रहा है । लोग बढ़-चढ़कर हर घर तिरंगा लगाने की मुहिम का हिस्सा बन रहे हैं । वही उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के शिक्षक अभिनव अवस्थी ने लोगों से हर घर तिरंगा लगाने का आवाहन किया है । इस अवसर पर चौयरमैन शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी,अभिनव अवस्थी सतीश सिंह, सचिन चौधरी, अभिषेक वर्मा,अखिलेश चौधरी सुभम जायसवाल,दीप सिखा,शकील बनो,किरन वर्मा व छात्र छात्राएं मौजूद रही ।



# रैली और झांकियों में झलका अमृत महोत्सव

- डीएम, सांसद और भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ अधिकारियों ने रैली निकाल किया जागरुक
- स्टेडियम में स्कूली लड़कियों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम
- डीएम की अगुवाई में कार्यक्रम को यादगार बनाने की हो रही सार्थक पहल

संवाददाता। बस्ती











**आजादी** के 75वे वर्ष में आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन मिशन शक्ति कार्यक्रम में आशा, आगनबाड़ी कार्यकत्री, महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राजकीय इण्टर कालेज से तिरंगा रैली निकाली गयी, जो शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम पहुँची। इसका नेतृत्व जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, डा. श्रेया, महेश शुक्ल ने हाथो में तिरंगा लेकर किया। रैली गॉधीनगर, टाउनक्लब, कम्पनीबाग चौराहा, शास्त्री चौक होते हुए स्टेडियम में दाखिल हुयी। मार्ग में ''विजयीविश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊचा रहे हमारा'' गीत बज रहा था। रैली में एन.सी.सी. स्काउट गाइड तथा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, खैर गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राए भी शामिल रही। स्टेडियम के बीचोबीच ऊचे मंच पर खैर गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्रा, रानी चौधरी ने भारत माता तथा श्वेता श्रीवास्तव ने रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में प्रस्तुत हुयी। भारत माता के चारो ओर सभी छात्राए गोला बनाकर हाथो में झण्डा लिए खड़ी रही। सांसद, जिलाधिकारी, सीडीओ ने मंच के पास पहुचकर केसरिया, सफेद एवं हरें रंग के 75 गुब्बारों को आसमान में उड़ाया। इस पूरे आकर्षक दृष्य का डोन कैमरे से वीडियोंग्राफी भी की गयी। सांसद हरीश द्विवेदी, डीएम प्रियंका निरंजन, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, महेश शुक्ल ने मंच पर पहुँचकर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों ने डाक्टर रमाशर्मा द्वारा बनाये गये जिले की महिला क्रान्तिकारी रानी तलाश कुँवरि के चित्र का अनावरण किया। इस अवसर पर सभी के द्वारा झण्डागीत एवं राष्ट्रगान गाया गया। रिद्म एकेडमी तथा खैर गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गये। सूचना विभाग के अश्वनी तिवारी, अब्दुल हक, ओम प्रकाश, जगदीश प्रसाद, विद्यावती द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर-घर तिरंगा संबंधी मुख्यमंत्री के पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि घर-घर तिरंगा लहराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प पूरा करना है। उन्होने सभी नागरिको से अपील किया कि वे अपने घरों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों पर 15 अगस्त तक देश की आन, बान और शान तिरंगा लगाये तथा देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त गोविंदराजू एन.एस., आईजी आर.के. भारद्वाज, एसपी आशीष श्रीवास्तव, एसीएमओ डा. ए.के. गुप्ता, डा. ए.के. कुशवाहॉ, एसडीएम सदर शैलेष दुबे, रिद्म एकेडमी की डायरेक्टर डा. श्रेया, पीडी कमलेश सोनी, डीआईओएस डी.एस. यादव, बीएसए इन्द्रजीत प्रजापति, एएमए विकास मिश्रा, रामअधार पाल, जगदीश शुक्ल, रामचरन चौधरी, प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम सिंह, मुस्लिमा खातून, एनसीसी के जीतेन्द्र सिंह, स्काउटगाईड के अमित शुक्ला, भाग्यवती पाण्डेय, अमित मिश्रा, विनोद मिश्रा एंव विभागीय अधिकारी शिक्षक एवं शिक्षिकाए, अभिभावक तथा छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



जनसमस्या सुनते पुलिस अधीक्षक पायनियर

- जनपद के समस्त थानों पर 30 मामले आये सात का हुआ निस्तारण

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां पर शिकायतकर्ताओं से उनकी शिकायतों को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## राजयोगिनी गीता दीदी और सचिता बहन ने डीएम को बांधी राखी



डीएम को राखी बांधती पायनियर

**बस्ती।** रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजयोगिनी गीता दीदी व सविता बहन ने डीएम प्रियंका निरंजन, सी.आरओ नीता यादव और एडीएम अभय कुमार मिश्र को रक्षा सूत्र बांधकर तथा समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन की बहुत बहुत षुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि हर साल रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के स्नेह के प्रतीक के रूप में मनाते हैं,क्योंकि भाई बहन के पवित्र दृष्टि से हम जब एक दूसरे को देखते है तो चंचलता समाप्त होती है, और श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण होता है, और तिलक आत्म समृति का प्रतीक है। जब हम आत्मिक स्वरूप की स्मृति में रहते हैं, तब हमारा ओरिजनल पवित्र संस्कार जागृत हो जाता है। इस अवसर पर बीके गोपी भाई एवं बीके बिनीत भाई (मार्शल आर्ट) प्रशिक्षक मौजूद रहे।



संतकबीरनगर के विकास भवन का दिखा अनोखा रूप। मुख्य विकास अधिकारी अतुल कुमार मिश्र ने विकास भवन को तिरंगा कलर में रंगवाकर आजादी के अमृत महोत्सव पर दिया देशभक्ति का संदेश पायनियर

# लोक अदालत में 20819 वादों का निस्तारण

- तिरंगा यात्रा को आजादी के अमृत महोत्सव पर जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झण्डी

संवाददाता। संतकबीरनगर



लोक अदालत का शुभारम्भ करते जनपद न्यायाधीश पायनियर

**जनपद** एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त शुक्ल की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर जिला जज द्वारा शुभारम्भ करते हुए हर घर तिरंगा अभियान की रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। लोक अदालत में बैंक द्वारा कुल 788 मामलों में कुल 74469424/- रूपये की ऋण वसूली की गयी। इसी प्रकार न्यायालयों में कुल 2949 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 11166830/-रूपये का अर्थदण्ड एवं 9225000/- रूपये का प्रतिकर एवं 1892614/- रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग में कुल 17076 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल की कोर्ट में कुल 10 मामलों का निस्तारण करते हुए 1600/- रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण आशीष जैन की कोर्ट में कुल 20 मोटर दुर्घटना दावा मामले, 19 अन्य वादों का निस्तारण करते हुए कुल 9225000/-रूपये प्रतिकर दिलाया गया। पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय राम नगीना यादव के कोर्ट में कुल 13 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार वशिष्ठ की अदालत में कुल 41 प्रकीर्ण फौजदारी मामलें, स्पेशल जज एससी/एसटी दिनेष प्रताप सिंह की कोर्ट में कुल 08 मामलों का निस्तारण करते हुए 600 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जिला जज पाक्सो जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट में कुल 01 मामले का निष्पादन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में कुल 934 फौजदारी मामलों का निस्तारण करते हुए 130960/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया, इसके अतिरिक्त एनआई एक्ट के 06 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 1517320/- की धनराशी परिवादी को दिलायी गयी। सिविल जज सीनियर डिविजन हरिकेश कुमार की कोर्ट में 06 उत्तराधिकार मामलें का निस्तारण करते हुए 1892614/- रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया इसके अतिरिक्त 05 अन्य सिविल तथा 459 चालानी मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 460 वाद का निस्तारण किया गया और 63410/- रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 प्रभात कुमार दुबे द्वारा कुल 247 फौजदारी मामलों का निस्तारण करते हुए 42260/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अजीत कुमार मिश्रा द्वारा कुल 602 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 22200/- रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 (एफ्टीसी द्वितीय) मो0 फराज हुसैन द्वारा 552 मामलों का निस्तारण करते हुए 163180/- रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। इस अवसर पर न्यायालय के अधिकारीगण के अलावा स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष ए0 के0 रवि, उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह तथा कर्मचारीगणों में श्यामबिहारी शुक्ला, संतोश यादव, बृजेश सिंह, नागेन्द्र यादव, कुन्दन आदि एवं जिला प्राधिकरण से रामयज्ञ चौधरी, राम भवन चौधरी, विद्याधर, जयशंकर यादव, हरिशंकर चौधरी, विरेन्द्र कुमार, बलदेव एवं नीरज समेत अन्य पराविधिक स्वयं सेवकगण सहित तमाम वादकारीगण उपस्थित रहें।

## लोक अदालत का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती, भिनगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के तत्वावधान में शनिवार को न्यायालय परिसर भिनगा एवं जिलाधिकारी एवं उनके अधीनस्थ न्यायालयों में जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश पाक्शोए अत्याचार निवारण अधिनियमद्ध सुदामा प्रसाद द्वारा क्रिमिनल के 2 वाद निस्तारित कर दो हजार रुपए वसूल किया गया। वही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश एस0सी0ध्एस0टी0 उमेश कुमार द्वारा क्रिमिनल के 2 वाद निस्तारित कर दो सौ रुपये वसूल किया गया।ए न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पीठासीन अधिकारी श्रीमती करूणा सिंह द्वारा लघु अपराधिक के 861 वाद निस्तारित कर 224150 रुपये जुर्माना धनराशि अधिरोपित किया गयाए अपर सिविल जज यप्रवर खण्डध्ए0सी0जे0एम0 अनिल कुमार द्वारा लघु आपराधिक के 119 वाद निस्तारित कर 50480 रुपयेजुर्माना किया गयाए न्यायालय सिविल जज अवर खंड। के पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल उपाध्याय के द्वारा फौजदारी के 10 वाद निस्तारण कर रूपया 750 रुपये जुर्माना किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न राजस्व न्यायालयों द्वारा पेंडिंग केसों मे कुल 679 वाद निस्तारित कर 3ए49ए863 रुपये पर समझौता किया गया। जिनमें सेवा सम्बधित तथा सेवा निवृत्ति सम्बधित 3 वाद का निस्तारण किया। स्थायी लोक अदालत श्याम लाल कोरी द्वारा 5 वाद का निस्तारण किया गया।

## नवयुग मेडिकल सेंटर की ओर से माडल स्कूल में लगा मेडिकल कैम्प

**बस्ती।** आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव पर्व के उपलब्ध में नवयुग मेडिकल सेंटर की ओर से माडल स्कूल मूड़घाट में सांसद हरीष द्विवेदी की अगुवाई में मेडिकल षिविर का आयोजन हुआ। इस मेडिकल कैम्प में प्रसिद्व सर्जन डा. अभिजात कुमार ने स्कूल के सभी बच्चों का मेडिकल चेकअप किया। इस अवसर पर बीएसए डा. इंद्रजीत प्रजापति की ओर से मेडिकल किट दिया गया, और कहा गया कि अगर किसी बच्चें को कोई मेडिकल की असुविधा होगी तो इसके लिए नवयुग मेडिकल सेंटर हमेषा उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर आषुतोष कुमार श्रीवास्तव, चंद्रभान, आषीष कुमार, अजुन कुमार, सुषमा देवी, अंजलि त्रिपाठी एवं लक्ष्मी देवी सहित अन्य मौजूद रहे।



स्कूल में आयोजित मेडिकल कैम्प पायनियर

# चकमार्गों को अतिक्रमणमुक्त कराये राजस्व और पुलिस टीम: जिलाधिकारी

संवाददाता। श्रावस्ती



**प्रदेश** सरकार के निर्देशानुसार समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार थाना इकौना में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि चकमार्गो पर कहीं अतिक्रमण की शिकायत आती है तो पुलिस व राजस्व की टीम द्वारा मौके पर जाकर सीमांकन कर चकमार्ग खाली कराये और अतिक्रमण कारी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी.बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय.सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाएए ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना आर0पी0 चौधरीए तहसीलदार इकौना प्रेमकुमार रायए थानाध्यक्षए राजस्व निरीक्षकगणए लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति गांधी व अमर शहीदों की वेशभूषा में निकले बच्चे, दिया संदेश

- उदया इण्टरनेशनल विद्यालय भुजैनी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

संवाददाता। संतकबीरनगर




पैदल मार्च करते छात्र-छात्राएं पायनियर

**उदया** इण्टरनेशनल स्कूल, भुजैनी में आजादी के 75वें वर्ष पूरे होने पर आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के अधिकांशत: छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में कला शिक्षक सुधीर द्वारा बालू पर भारतमाता की प्रतिमा बनाई गई, इस पूरे रंगारंग कार्यक्रम में सुधीर का सर्वाधिक योगदान रहा। इन्होंने रंगमंच की साज-सज्जा से लेकर आर्ट एवं क्राफ्ट के सभी कार्य स्वंय किया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 4 तक के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम उदया इण्टरनेशनल स्कूल परिवार द्वारा राष्ट्रगान किया गया, तद्नुपरान्त कक्षा 1 छात्र आदित्य त्रिपाठी द्वारा रानी लक्ष्मी बाई पर एक बहुत ही सुन्दर कविता का प्रस्तुतीकरण किया गया, क्रमानुसार प्री-प्राइमरी के बच्चों द्वारा डांस परफारमेंस कक्षा-2 की समृद्वि मिश्रा द्वारा क्या कहती हो.........कविता कक्षा 1ए, बी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा एक डांस (सुनो गौर से.......), प्रतीक पाठक द्वारा कविता पकौड़ी, (देश रंगीला) कक्षा-2 ए, बी द्वारा डांस परफारमेंस, रूदांश पाठक (आम की कटोरी) कक्षा-1, (रंग दे बंसती) डांस परफारमेंस कक्षा 3 ए, बी प्रियांशी, कक्षा-2 द्वारा (लाल किला) पर सुंदर कविता व अन्त में (मॉ तुझे सलाम) कक्षा 4 ए बी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रिसिंपल श्रीमती रिमझिम सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं ने भी अपना भरपुर सहयोग दिया। रैली का आकर्षण भारत माता के रूप में आठवी की छात्रा निधि और सुप्रिया इन्दिरा गांधी के रूप में, आस्था रानी लक्ष्मीबाई, अंकिता बेगम हसरत अली मयंक चन्द्रशेखर आजाद, शिवप्रकाश, महात्मा गांधी, कृष्णा आकर्षण गांधी के सहयोगी रहे। उसमें विद्यालय के को-आर्डिनेटर हरविन्द कुमार श्रीवास्तव के साथ-साथ ऋष्शु, संदीप, राजन सुधीर, प्रिंस, आनन्द, स्मृता किरन, खुशबू, ममता, रितिमा, गुंजा, स्नेहा, ज्योति, प्रमिला, पूजा, शिप्रा, सदफ, काशिफा, श्रुति, अपर्णा व शाहीन परवीन इत्यादि सभी का सहयोग रहा। गंगादेवी महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने इसको सफल बनाने के लिए अपनी भरपूर सहयोग दिया और नारे भी लगाए। बच्चों के अच्छे प्रस्तुति विधायक अंकुर राज तिवारी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है अमृत महोत्सवः सांसद

● राम की तपोभूमि चित्रकूट में धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा

● सांसद ,डीएम और एसपी समेत हजारों लोग हुए तिरंगा यात्रा में शामिल


तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते सांसद,डीएम व एसपी — पायनियर

संवाददाता। चित्रकूट

**पौराणिक** तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में जिला प्रशासन और भाजपाइयों द्वारा राष्ट्र भक्ति से सराबोर गीतों की धुन के साथ आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई।जिसका शुभारंभ पटेल तिराहा से बांदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अतुल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।इस दौरान मानव श्रंखला बनाकर लोगो को घरों में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी की लड़ाई में शहीद हुए जवानो को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे देश में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से हर घर में तिरंगा फहराया जा रहा है। मुख्यालय स्थित सरदार पटेल तिराहा से शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहें सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर देश की आजादी के 75वर्ष पूरे जाने के उपलक्ष्य पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश के हर घर में तिरंगा फहरायाने के लिए राष्ट्रव्यापी जन जागरण किया जा रहा है।सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने पूरे विश्व में भारत का मान और सम्मान बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए जवानो को सच्ची श्रद्धांजलि का प्रतीक है। इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव बहुत ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदो को नमन करने और अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियो के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करना है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने बहुत कष्ट झेला, हम सबका परम कर्तव्य है कि हम अपने वीर सेनानियों, पूर्वजों से प्रेरणा लें और आगे आने वाली पीढ़ी को भी बतायें। कार्यक्रम में एसपी अतुल शर्मा,पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा,वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह,डॉ रणवीर सिंह चौहान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी,रिजवाना परवीन,राखी चौबे , विनीता द्विवेदी, माया प्रजापति समेत सैकड़ों लोग एवम चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी समेत दो दर्जन से अधिक स्कूलों और कालेजों के छात्रों शामिल रहे।

# डूडा ने निकाली तिरंगा यात्रा, आवास लाभार्थियों को बांटे झंडे-किया जागरूक

संवाददाता। उरई (जालौन)

**हर घर** तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद उरई में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवास पर तिरंगा वितरण और तिरंगा लगाने का कार्य किया जा रहा। जिसमें आवास का निर्माण कार्य तथा लाभार्थी के जीवन में आवास के उपरांत क्या बदलाव हुआ। इस पर भी चर्चा की गई। एसडीएम, परियोजना निदेशक डूडा राजकुमार की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली गई। जो शहर के प्रमुख वार्डो चौराहों से होती हुई वापस परियोजना कार्यालय में समाप्त हुई। परियोजना निदेशक डूडा रामकुमार ने बताया की जिले के सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतो में 9577 पूर्ण हो चुके है। सभी पर तिरंगा लगाने का कार्य पूरा हो चुका हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सभी पालिकाओं व नगर पंचायत कर रही हैं। इस दौरान सुनील गुप्ता मुन्सिपल सिविल इंजीनियर, जिला समन्वयक सुशील कुमार, राजेंद्र वर्मा, अंकिता पटेल, अपूर्व मिश्रा, रजनीश पटेल, शिवम पाठक, सचिन, उमेश, शिशुपाल विनोद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


एसडीएम/परियोजना निदेशक डूडा की अगुवाई में निकाली तिरंगा यात्रा

# सशक्त भारत का निर्माण करना रैली का मुख्य उद्देश्यः सीडीओ

● बच्चों ने विशाल रैली निकालकर लोगों को दिया संदेश , डीआईओएस ने की अगुवाई



संवाददाता। हमीरपुर

**आज** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय स्टेडियम से छात्रों की रैली निकालकर लोगों को जागरुक करते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आजादी के 75वे वर्ष पूर्ण होने पर हमे अत्यन्त गौरवशाली एवं सशक्त भारत का निर्माण करना है। इस मिशन में हरेक को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। सीडीओ मथुरा प्रसाद मिश्रा ने कहा कि आजादी के इस उत्सव में नौनिहालों को आगे बढ़कर आना है,क्योकि बच्चे देश का भविष्य है। इस मौके पर जिलाधिकारी डा.चंद्रभूषण ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विद्यालय निरीक्षक रतन सिंह ने डीएम का बैज अलंकरण स्वागत किया। रैली विभिन्न मार्गो से होते हुये स्टेडियम में समाप्त हुई। रैली की अगुवाई जीआईसी हमीरपुर के प्रधानाचार्य डा. योगेश ज्ञानी व डीआईओएस रतन सिहं ने की। बच्चो की इस विशाल रैली की सभी ने तारीफ की। इस मौके पर सरवर आलम,जितेंद्र सिंह,प्रकाश गौरव,सुरेश शुक्ला, गजोधर प्रसाद यादव समेत सभी शिक्षको ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 83897 मुकदमों का निस्तारण

● सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए गए वाद

संवाददाता। चित्रकूट

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 83897 मुकदमों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उन्होंनें सभी लोगों से अपने घरों पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फ्लैग कोड का पालन करते हुए तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वादकारियों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ पौधों का वितरण किया गया। इसके बाद उन्होंने जनपद भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार के साथ न्यायालय परिसर में लगाए गये वाटर कूलर का शुभारंभ किया। प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि जनपद न्यायालय में आजादी की 75वीं वर्ष गांठ पर भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान बीती 13 अगस्त से आगामी 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 1684 वादों का निस्तारण न्यायिक अधिकारियों द्वारा किया गया तथा 82213 मामलों का निस्तारण राजस्व व अन्य विभागों द्वारा किया गया। इस प्रकार कुल 83897 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कोविड टीकाकरण कैम्प भी लगाया गया। जिसमें बड़े तादात में लोगों ने इसका लाभ उठाया।

इस मौके पर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेशचन्द्र, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल, अपर जिला जज रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एससीएसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज दीप नारायण तिवारी, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट संजय के लाल, एफ्टीसी अपर जिला जज विनीत नारायण पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार, सिविल जज सीडि सुशील कुमार वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट वसुंधरा शर्मा व संघमित्रा समेत सम्बन्धित न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


शुभारंभ करते जिला जज — पायनियर

## क्विक न्यूज

### लाठी डंडों से हमला कर मरणासन्न किये जाने की पुलिस से की शिकायत

**कोंच ( जालौन )।** बाइक सवार पुत्र पर लाठी डंडों से हमला कर उसे मरणासन्न किये जाने की शिकायत करते हुए पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। थाना रेंढ़र क्षेत्र के ग्राम क्योलारी निवासी राजकुमार पुत्र बद्रीप्रसाद पटेल ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे उसका पुत्र प्रदीप उर्फ दीपू अपने मित्र राघवेंद्र सिंह निवासी ग्राम बंदउआं के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से कोंच जा रहा था तभी ग्राम तीतरा बम्बा से ठीक पहले सड़क किनारे घात लगाए बैठे अनूप निवासी बंदउआं, सगे भाई वरुण व रोहित निवासी करहियापुर, मोहित निवासी क्योलारी ने बाइक रोक ली और पीछे बैठे पुत्र को सड़क पर पटक लिया जबकि बाइक चला रहा राघवेंद्र डर की वजह से खेतों की ओर भाग गया।राजकुमार ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया और फिर मरणासन्न अवस्था में छोड़कर धमकी देते हुए उक्त लोग मौके से भाग गये।पिता राजकुमार ने पुलिस से उक्त आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।पुलिस उक्त घटना की फिलहाल जांच करने में लगी हुई है।पुलिस ने घायल प्रदीप को उपचार हेतु सीएचसी भेजा था जहां काफी गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल उरई के लिए रिफर कर दिया था। उक्त घटना पुरानी रंजिश और गांव क्षेत्र में राजनैतिक वर्चस्व से जोड़कर देखी जा रही है।

### कार की टक्कर से सेवानिवृत्त सैनिक घायल,कानपुर रेफर

**हमीरपुर।** आज कुरारा कस्वा के पास कार ने एक सेवानिवृत्त सैनिक की बाइक मे टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये उन्हे इलाज के लिये कानपुर रिफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के देवीगंज निवासी राजेश यादव अपनी बाइक से घर की तरफजा रहे थे तभी पीछे से आ रही कार ने टककर मारदी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये। उन्हे सीएचसी कुरारा में भर्ती कराया गया डाक्टरो ने कानपुर रिफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कार चालक नशे में धुत थे बहुत ही तेजी से वाहन चला रहे थे। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### आभार कलेक्शन के साथ 15वीं वर्षगांठ मनाई

**लखनऊ।** रिलायंस ज्वेल्स हर साल अपने बेहतरीन आभार कलेक्शन के डिज़ाइन में इनोवेशन के साथ अपनी सालगिरह पर कृतज्ञता की भावना का जश्न मनाता है। इस साल 15वीं वर्षगांठ के मौके पर पेश किया गया आभार कलेक्शन 2022 मॉडर्न एवं ज्योमैट्रिक होने के साथ.साथ सारग्राही भी है, जो दृष्टि.भ्रम यानी ऑप्टिकल इल्यूजन से प्रेरित है और भविष्य की ओर देखने की सोच को दर्शाता है। इस कलेक्शन के लॉन्च के मौके पर सुनील नायक सीईओ ने कहा, श्हर साल अपनी वर्षगांठ के मौके पर आभार कलेक्शन के लॉन्च जरिए हम सबसे खास डिज़ाइनों को पेश करना चाहते हैं ताकि हम ब्रांड के प्रति अपना भरोसा और प्यार कायम रखने के लिए अपने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त कर सकें। यह उन्हें अपने प्रियजनों और यहां तक कि खुद के प्रति आभार प्रकट करने की प्रेरणा देता है।

### कच्चा मकान ढहने से चार घायल,अस्पताल में भर्ती

**मौदहा ( हमीरपुर )।** बीती रात हुई भारी बारिश के चलते तहसील क्षेत्र के एक गांव में ईंट और मिट्टी के गारे से बना मकान ढह कर गिर गया जिसमें मकान के अंदर सो रहे चार लोग मलबे में दबकर घायल हो गए, सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से मलबे के अंदर से निकाला गया और एंबुलेंस को फोन कर अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी श्याम बाबू वर्मा पुत्र झंडू अपना मकान ईट और मिट्टी के गारे से बनाए हुए था बीती रात हुई जोरदार बारिश के चलते उसके सभी परिजन अपने कच्चे मकान में सो रहे थे तभी मकान ढह कर गिर गया और मकान के अंदर सो रहे चार लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। घायल होने वालों में आशा पत्नी श्याम बाबू, मंगल पुत्र श्याम बाबू, शालू पुत्री श्याम बाबू तथा चांदनी पुत्री मंगल शामिल थे। इस प्राकृतिक आपदा से आहत श्याम बाबू ने बताया कि वह अपनी हैसियत के मुताबिक पक्के मकान का निर्माण नहीं करा सका जिससे उसे अभी तक कच्चे मकान में ही रहना पड़ रहा है।

### मोटोरोला की एक और लांचिंग

**लखनऊ।** मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज फ्रैंचाइजी में अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन मोटो जी32 को लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक ऐसा डिवाइस है जो कि इसे वास्तव में आल यू वांट बनाता है। इसे 12,999 ? की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया गया है, उपभोक्ता अब इसे केवल 11,749 में (एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड पर 1,250 रुपये तक के इंस्टेंट डिस्काउंट सहित) से शुरू होने वाले एक आकर्षक ऑफर मूल्य पर खरीद सकते हैं। इसकी एफएचडी डिस्प्ले डिवाइस को एक क्लियर और शार्पर व्यू एवं ट्रांज़िशन प्रदान करता है। इस शानदार डिस्प्ले के अलावा, मोटो जी32 में डॉल्बी एटमॉस0 के साथ स्टीरियो स्पीकर मौजूद हैं, जो कि यूजर को हर बीट पर बेहतर ध्वनि और बेहतर क्लैरिटी और बेहतर बेस के साथ झूमने में सक्षम बना देता है।

### अन्ना मवेशियों का आतंक खेतों की फसलों बना रहे पेट का निवाला

**जालौन ( उरई )।** अन्ना मवेशियों के चलते खेतों में बोई गई खरीफकी फसल को नुकसान हो रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने गांव में गोशाला शुरू कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत मलकपुरा निवासी योगेंद्र साहू, इंदल सिंह, राघवेंद्र सिंह, रामायण सिंह, घनश्याम, देवेंद्र कुमार आदि ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपने खेतों में खरीफकी फसल बोई है। जिसमें पौधे उगने लगे हैं। उनके गांव में अन्ना मवेशियों के लिए अस्थाई गोशाला खोली गई थी। लेकिन वर्तमान में गोशाला का संचालन न होने से अन्ना मनेशी खेतों में घूम रहे हैं और फसल नष्ट कर रहे हैं। अन्ना मवेशी खेतों में घुसकर कुछ पौधों को चर लेते हैं और उससे अधिक पौधों को रौंदकर नष्ट कर देते हैं। ऐसे में किसानों की मेहनत के साथ ही आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। किसानों ने बताया कि यदि गोशाला का संचालन शुरू करा दिया जाता है तो अन्ना मवेशी गोशाला में ही बंद रहेंगे उन्हें वहीं चारा पानी मिलता रहेगा। ऐसे में किसानों की फसल सुरक्षित बची रह सकती हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से किसानों के हित में गोशाला का संचालन शुरू कराने की मांग की है।

# तिरंगा यात्राओं की दिन भर मची रही धूम

संवाददाता। जालौन (उरई)

**हर** घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गल्ला व्यापार कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके अलावा पुलिस व प्रशासन द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया गया। चुंगी नंबर 4 के पास बृजधाम पर तिरंगा फहराया गया। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर सभी वर्ग के लोग उत्साह दर्शा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के नजदीक आते ही हर घर तिरंगा अभियान जोर पकड़ने लगा है। जगह जगह तिरंगा यात्रा के साथ ही ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया जा रहा है। इसी क्रम में गल्ला व्यापार कल्याण समिति के तत्वावधान में शनिवार की सुबह तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष प्रेमदास गुप्ता उर्फभूरे मामा एवं मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में महामंत्री महेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, देवेंद्र सिंह यादव, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, मुनेंद्र सिंह गुर्जर, लक्ष्मीकांत राठौर, सौरभ अग्रवाल, राजू मानपुरा, राजकुमार विश्नोई, ज्ञानेंद्र उर्फसंजू पाठक, धर्मेंद्र कुमार दीवौलिया, मोहन कुशवाहा, अंशुल सक्सेना आदि ने सहयोग किया। उधर, एसडीएम राजेश सिंह व सीओ उमेश पांडेय के नेतृत्व में कोतवाली परिसर से होकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। कोतवाली से शुरू हुई यात्रा काली माता मंदिर, कांजी हाउस, पानी की टंकी, झंडा चौराहा से चौकी होकर पुनः कोतवाली परिसर में जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर कोतवाल शैलेंद्र सिंह, एसआई अनिल कुमार समेत समस्त पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा। वहीं, चुंगी नंबर 4 के पास स्थित बृजधाम पर तिरंगा फहराया गया। जिसमें पंजाब से आए सरदार भजन सिंह, सरदार लक्खा सिंह, भुल्ला सिंह, अवतार सिंह, सोना सिंह, काका सिंह व बृजमोहन विश्वकर्मा ने ध्वज की सलामी ली। कार्यक्रम में बुंदेलखंड की मशहूर सिंगर मंजूलता ने देशभक्ति गीत गाकर अमर शहीदों को नमन किया। मुख्य अतिथि सुशील कुशवाहा मास्साब ने कविता के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। रामरूप वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का आव्हान किया।


एसडीएम के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते कोतवाली के पुलिसकर्मी — पायनियर

# जूनियर हाईस्कूल गुढ़ाके में बच्चो के साथ हो रहा खिलवाड़



विद्यालय से गायब बच्चे — पायनियर

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**मौदहा** विकासखंड क्षेत्र के गुढ़ा गांव में संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मासूमों के साथ शिक्षक भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है,समय से पहले ही अवकाश कर दिया जाता है जिससे अभिभावको ने नाराजगी जाहिर की है। जानकारी के मुताबिक विद्यालय के हेडमास्टर रामलखन सोनी विद्यालय को समय से पहले ही बंद कर रफूचक्कर हो जाते है। आज केवल दो शिक्षक मिले उनका कहना है कि स्वतंत्रता दिवस के चलते बच्चों का अवकाश कर दिया गया है। जबकि 14 अगस्त को रविवार है मगर ड्रेस धुलने का बहाना बनाकर बच्चो को आज समय के पहले ही छोड़ दिया गया। अभिभावकों ने बताया कि इसी प्रकार शिक्षक हर समय अवकाश कर देते है। सारे नियम कानून शिक्षकों के अनुसार चलते है।

### बारिश की नमी से कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबकर बालिका की मौत

**कोंच ( जालौन )।** नदीगांव में बारिश की नमी से एक कच्चे घर की दीवार गिर पड़ी जिसके मलबे में दबकर एक 8 वर्षीय बालिका की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नदीगांव निवासी रमजानी का कच्चा घर है जिसमें वह परिजनों संग रहता है।बारिश के चलते उस कच्चे घर में नमी बैठ गई जिसके चलते शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे अचानक घर की दीवार भरभराकर गिर पड़ी और वहां खेल रही रमजानी की 8 वर्षीय बेटी आफरीन दीवार के मलबे के नीचे दब गई जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम कृष्णकुमार सिंह, तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति व थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल मौके पर पहुंचे और दु:खी परिजनों को ढाँढस बंधाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम ने कहा कि घटना की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है।

# पड़री में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**आजादी** के अमृत महोत्सव अवसर

● विजेता टीम को शील्ड देकर किया गया सम्मानित

पर कोंच ब्लॉक के ग्राम पड़री में हर-घर तिरंगा यात्रा गांव की गलियों में भारत माता का जयघोष करते हुये निकाली गयी। तो वहीं हर साल की भांति इस साल भी कबड्डी प्रतियोगिता हर साल सावन के दूसरे दिन कजरी मेला के दिन पड़े तलावाली देवी पर कबड्डी प्रतियोगिता की गई जिसमें कोंच ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार उर्फ शीलू पड़री ने कहा कि पुरातन काल से ही युवाओं के बीच में कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन पूरे सावन माह में गांव-गांव में होता आया है। यही कारण है कि आज भी ग्रामीणांचल में निवास करने वाले युवाओं का सबसे ज्यादा रुझान कबड्डी प्रतियोगिता के प्रति रहता है। कबड्डी प्रतियोगिता का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार उर्फ शीलू पड़री व ग्राम प्रधान सुरेंद्र पटेल द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। पहली टीम जय मां दुर्गा के कप्तान सुनील कुमार मालिक एवं दूसरी टीम जय मां काली के कप्तान सागर प्रजापति द्वारा खेल खेला गया जिसमें आज जय मां काली की घोषित की गई जिसके कप्तान सागर प्रजापति उनकी टीम विजई घोषित किया गया। मैच रेफरी हरिओम पटेल एवं यश कुमार पटेल ने सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुभाष पटेल, विजेंद्र सिंह, राजकिशोर पटेल, रवि कुशवाहा, पद्मेश ठाकुर, सनी, धीरेन्द्र पटेल, नीलू पटेल के अलावा कई दर्जनों लोग मौजूद रहे।



### गुलाबपुरा में सीसी रोड न होने से ग्रामीण परेशान

**जालौन ( उरई )।** गांव की गली में सीसी रोड न होने से पानी रास्ते पर बहता है। जिससे कीचड़ रहता और जलभराव की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सीसी रोड बनवाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गुलाबपुरा निवासी हिम्मतराम, रामकुमार कुशवाहा, विजय कुमार, राजा भइया, अहिवरन सिंह, इंद्रपाल सिंह, छोटेराजा, अनूप सिंह, शिवांगी गुर्जर आदि ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पूरे गांव में सीसी रोड पड़ा है। लेकिन उनकी गली में सीसी रोड छोड़ दिया गया है। रास्ता कच्चा होने के चलते गांव के लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। इतना ही नहीं गंदे पानी की निकासी के लिए नाली भी नहीं बनी है। ऐसे में घरों का गंदा पानी कच्ची सड़क पर ही बहता है। पानी भरा रहने से कीचड़ और गंदगी बनी रहती है। गंदगी की चलते बच्चे भी बाहर खेलने के लिए नहीं जा पाते हैं। कई बार वह सीसी रोड और नाली बनवाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।